संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 11 फरवरी 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 19 अंकः 41 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रयागराज स्टेशन बंद होने की खबरों का खंडन करते हुए कहा कि प्रयागराज जंक्शन सहित प्रयागराज क्षेत्र के सभी आठ स्टेशन पर संचालन पूरी तरह से व्यवस्थित है।

आवश्यक सूचना
महाकुम्भ मेला 2025
झूसी स्टेशन JHUSI STATION
प्रयागराज रामबाग PRAYAGRAJ RAMBAGH
रेलयात्री कृपया ध्यान दें!
वाराणसी जाने वाली स्पेशल ट्रेन रामबाग एवं झूसी स्टेशन से मिलेगी
ज्ञानपुर रोड, मऊ, भटनी, गोरखपुर, बलिया एवं छपरा दिशा के यात्री भी रामबाग एवं झूसी स्टेशन से ट्रेन पकड़ सकते हैं।
वाराणसी जं. VARANASI JN.
रेल संबंधित हर जानकारी और सभी समस्याओं का समाधान
रेलवे के टोल फ्री नंबर 1800 4199 139 पर तुरंत संपर्क करें
279/25 (A)
उत्तर मध्य रेलवे
गतिशीलता ही हमारी पहचान

# 'परीक्षा पे चर्चा' : बच्चों को मिले 'मोदी मंत्र'

## छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से परीक्षा के तनाव को कम करने के उपायों पर चर्चा की

**उपायों पर चर्चा**

▶▶ इस साल इसमें विशेष रूप से परीक्षा से संबंधित तनाव को कम करने पर ध्यान केंद्रित किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से परीक्षा के तनाव को कम करने के उपायों पर चर्चा की। यह कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान के भारत मंडपम में सुबह 11 बजे से शुरू हुआ। यह पीपीसी का आठवां संस्करण है और इस साल इसमें विशेष रूप से परीक्षा से संबंधित तनाव को कम करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

**पीएम मोदी ने लगाया पेड़**

पीएम मोदी में परीक्षा पे चर्चा में शामिल हुए छात्रों के साथ सुंदर नर्सरी में पेड़ भी लगाया। पीएम मोदी ने कहा जैसे ये पेड़ लगाए है, पानी पिलाने का उपाय क्या है। उन्होंने आगे बताया कि पेड़ के बगल में एक मिट्टी का मटका लगा देना चाहिए और उसमें एक महीने में पानी डालना चाहिए। इससे पेड़ का ग्रोथ कम पानी से भी होगा।

**खुद को मोटिवेट कैसे करें?**

एक छात्र ने पीएम मोदी से पूछा कि उसे पेपर छूटने का डर रहता है। इस पर पीएम मोदी ने सलाह दी कि वह पिछले सालों के पेपर सॉल्व करें, इससे उसका डर खत्म हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों को केवल उन सवालों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जो महत्वपूर्ण हैं। खुद को मोटिवेट करने के लिए गोल्स बनाइए। उन्हें हासिल कर लेने के बाद खुद को रिवॉर्ड दें। पीएम मोदी ने कहा कि कक्षा 10 और 12 के लगभग 40-50 प्रतिशत छात्र असफल होते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि यही उनका अंतिम लक्ष्य है।

### बिहार के छात्र ने पूछा- लीडरशिप क्या है?

**परीक्षा** पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान बिहार के एक छात्र ने पीएम मोदी से लीडरशिप से जुड़ा सवाल पूछा, जिस पर पीएम मोदी ने मजाकिया लहजे में कहा कि बिहार का छात्र हो और राजनीति से जुड़ा सवाल न हो, यह हो ही नहीं सकता। पीएम मोदी ने बताया आपके विश्वास से लीडरशिप को बल मिलता है।

**परीक्षा के लिए खुद को तैयार करें बच्चे:** प्रधानमंत्री मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में परीक्षा के दौरान स्ट्रेस और रिजल्ट के बारे में बात की। उन्होंने बच्चों से पूछा कि वे इससे कैसे निपटते हैं। पीएम मोदी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान केरल की एक स्टूडेंट की हिंदी से काफी प्रभावित हुए।

**पीएम मोदी ने छात्रों से पूछा- क्या खाना चाहिए:** परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने बच्चों को खाने-पीने के बारे में अहम टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि बच्चों को अपने भोजन को अच्छी तरह से चबाकर खाना चाहिए, कम से कम 32 बार। उन्होंने यह भी बताया कि बच्चों को कौन से खाद्य पदार्थ खाना चाहिए और किनसे बचना चाहिए।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विद्यार्थियों को दिए सफलता के मूलमंत्र



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने विद्यार्थियों को सफलता का मूलमंत्र देते हुए कहा कि वे जीवन में चुनौतियों को स्वीकार करें और उनसे घबराए नहीं। चुनौती स्वीकार करते हुए काम करेंगे तो बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल कर सकते है। उन्होंने कहा कि यह उनका निजी अनुभव है कि जितनी बड़ी चुनौती होगी, उसको पूरा करने में उतना ही बड़ा आनंद होगा। मुख्यमंत्री शहीद मेजर अनुज राजपूत राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-20 पंचकूला में आयोजित परीक्षा पे चर्चा-2025 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। श्री नायब सिंह सैनी ने परंपरागत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

**मुख्यमंत्री ने शहीद मेजर अनुज राजपूत को दी श्रद्धांजलि**

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने स्कूल प्रांगण में शहीद मेजर अनुज राजपूत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर शहीद के पिता श्री कुलवंश और माता श्रीमती ऊषा रोहिल्ला भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जिला के विभिन्न स्कूलों के 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानमंत्री का परीक्षा पे चर्चा-2025 कार्यक्रम का दिल्ली से सीधा प्रसारण देखा।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री मोहन लाल बड़ौली भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न कौनो से आए विद्यार्थियों से बातचीत की और उनको परीक्षा के दिनों में तनाव मुक्त रहते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के गुर दिए।

महाकुम्भ मेला 2025
आवश्यक सूचना
रेल यात्रियों/श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सहायता हेतु महत्वपूर्ण जानकारी
मुख्य स्नान पर्व एवं तिथिः
माघी पूर्णिमा - 12.02.2025
महाशिवरात्रि - 26.02.2025

अपने गन्तव्य स्थान की ओर जाने वाली स्पेशल ट्रेन पकड़ने के लिए सम्बन्धित स्टेशन पर ही पहुँचें।

| दिशा की ओर | स्टेशन |
|---|---|
| विन्ध्याचल, मिर्ज़ापुर, चुनार, चोपन, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. (मुगलसराय), बक्सर, पटना, गया, राँची, जसीडीह, आसनसोल, हावड़ा एवं पुरी की ओर | प्रयागराज जं., नैनी जं., प्रयागराज छिवकी |
| शंकरगढ़, डभौरा, मानिकपुर, चित्रकूट, महोबा, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ग्वालियर, बीना, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, इटारसी, भोपाल, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, नागपुर, कल्याण एवं मुम्बई की ओर | प्रयागराज जं., नैनी जं., प्रयागराज छिवकी |
| सिराथू, फतेहपुर, कानपुर, पनकी धाम, इटावा, टूण्डला, आगरा, अलीगढ़, मेरठ, दिल्ली, चंड़ीगढ़ एवं जम्मू की ओर | प्रयागराज जं., सूबेदारगंज |
| ऊँचाहार, रायबरेली, लखनऊ, हरदोई, बरेली, सहारनपुर, हरिद्वार, ऋषिकेश, जंघई, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ़, अयोध्या, गोंडा एवं बहराइच की ओर | प्रयाग जं., फाफामऊ जं. |
| ज्ञानपुर रोड, वाराणसी, मऊ, भटनी, गोरखपुर, बलिया एवं छपरा की ओर | प्रयागराज रामबाग, झूँसी |

मुख्य स्नान पर्व से एक दिन पूर्व एवं दो दिन बाद तक प्रयागराज जं., सूबेदारगंज, नैनी जं. एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशनों पर निकास एवं प्रवेश की व्यवस्था

प्रयागराज जं. से निकास - केवल सिविल लाइन्स की ओर से
प्रयागराज जं. पर प्रवेश - लीडर रोड द्वारा केवल सिटी साइड की ओर से
प्रयागराज जं. पर अलग-अलग दिशाओं हेतु बनाए गए यात्री आश्रयः-

| प्रवेश द्वार सं. एवं रंग | यात्री आश्रय सं. एवं रंग | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1 लाल रंग | 1 लाल रंग | वाराणसी एवं लखनऊ की ओर | 7 से 10 |
| 2 नीला रंग | 2 नीला रंग | मिर्ज़ापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. (मुगलसराय) की ओर | 4,5 |
| 3 पीला रंग | 3 पीला रंग | मानिकपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, सतना की ओर | 1 |
| 4 हरा रंग | 4 हरा रंग | कानपुर, आगरा, दिल्ली की ओर | 2,3 |
| 5 | – | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफार्म से |

नैनी जं. से निकास - केवल माल गोदाम की ओर से
नैनी जं. पर प्रवेश - केवल स्टेशन रोड से
नैनी जं. पर अलग-अलग दिशाओं हेतु बनाए गए यात्री आश्रयः-

| प्रवेश द्वार सं. | यात्री आश्रय सं. एवं रंग | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | 1 हरा रंग | कानपुर की ओर | 2 |
| 1 | 2 नीला रंग | मानिकपुर, चित्रकूट, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी की ओर | 3 |
| 1 | 3 लाल रंग | मानिकपुर, सतना, जबलपुर की ओर | 3 |
| 2 | – | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफार्म से |
| 3,4 | 4 B,A पीला रंग | मिर्ज़ापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. (मुगलसराय) की ओर | 1 |

प्रयागराज छिवकी स्टेशन से निकास - केवल GEC रोड से
प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर प्रवेश - केवल COD रोड से
प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर अलग-अलग दिशाओं हेतु बनाए गए यात्री आश्रयः-

| प्रवेश द्वार सं. | यात्री आश्रय सं. एवं रंग | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1B | 1 हरा रंग | मिर्ज़ापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. (मुगलसराय) की ओर | 1,2 |
| 1A | 2 लाल रंग | मानिकपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, सतना, जबलपुर की ओर | 3,4 |
| 2 | – | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफार्म से |

सूबेदारगंज स्टेशन से निकास - केवल जी.टी. रोड की ओर से
सूबेदारगंज स्टेशन पर प्रवेश - केवल झलवा की ओर से
सूबेदारगंज स्टेशन पर बनाए गए यात्री आश्रयः-

| प्रवेश द्वार सं. | यात्री आश्रय सं. | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | – | कानपुर, आगरा, दिल्ली की ओर | 1 |
| 3 | – | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफार्म से |

तीर्थयात्रियों हेतु आवश्यक सुझाव
यह ज़रूर करें
- अपने साथ के छोटे बच्चों तथा वृद्धजनों की जेब में घर के किसी सदस्य का नाम, मोबाइल नंबर तथा घर का पूरा पता कागज पर लिखकर रख दें, जिससे खो जाने पर आसानी से उन्हें आपके पास पहुंचाया जा सके। इसी प्रकार अपने अटैची व बैग में भी पूरा पता लिखी हुई पर्ची अवश्य रखें।
- जेबकतरों व अराजक तत्वों से सतर्क रहें तथा अपने सामान की सुरक्षा स्वयं करें। यात्रा के दौरान सूटकेस, अटैची आदि सामान को सीट अथवा बर्थ से लगी हुई चेन में बांधकर उसमें ताला लगा कर रखें।
- खड़े होने तथा बैठने के स्थान व आस-पास के व्यक्तियों को सावधानी पूर्वक देख लें, कहीं कोई संदिग्ध व्यक्ति/सामान तो नहीं है। किसी प्रकार की संदिग्ध वस्तु होने पर निकटतम पुलिसकर्मी से मदद लें और उसकी सूचना तुरंत दें।
- गाड़ियों के स्टेशन से रवाना होते समय यात्रीगण अपने पहने हुए जेवरात तथा अन्य कीमती सामान के प्रति सचेत रहें।
- अपना सामान केवल कुलियों अथवा यात्री सुविधा केंद्र के कर्मियों के द्वारा ही ले जाएं तथा उनका बैज नंबर अवश्य नोट करें।
- किसी भी घटना या परेशानी के लिए तत्काल राजकीय रेलवे पुलिस एवं रेलवे सुरक्षा बल से सहायता प्राप्त करें।

यह बिल्कुल न करें
- किसी भी लावारिस वस्तु को न छुएं, यह बम अथवा अन्य विस्फोटक वस्तु हो सकती है। इसकी सूचना तत्काल राजकीय रेलवे पुलिस/रेलवे सुरक्षा बल कर्मी अथवा 139 पर अवश्य दें।
- किसी अपरिचित व्यक्ति द्वारा दी गई खाने-पीने की वस्तु का उपयोग न करें इसमें ज़हर हो सकता है। खाने-पीने का सामान अधिकृत वेंडरों से ही खरीदें।
- चलती गाड़ी को रोकने के लिए अनावश्यक चेन खींचना अपराध है। ऐसा करने पर जुर्माना तथा जेल दोनों हो सकती है।
- टिकट हमेशा टिकट खिड़की, ए.टी.वी.एम. अथवा रेलकर्मी के पास उपलब्ध मोबाइल टिकटिंग मशीन से ही खरीदें, किसी अनाधिकृत व्यक्ति से नहीं।
- स्टेशन एवं ट्रेन के डिब्बे को गंदा ना करें, यह दण्डनीय अपराध है।
- ट्रेन की छत पर यात्रा न करें, क्योंकि ऊपर लगे उच्चतापीय विद्युत तारों से आपकी जान को खतरा हो सकता है।
- स्टेशन परिसर में कृपया धूम्रपान न करें, इससे आग लगने का खतरा रहता है तथा यह दण्डनीय अपराध भी है।
- जरूरत से अधिक सामान लेकर न चलें, यात्रा में कठिनाई हो सकती है।

कुम्भ रेल सेवा ऐप 2025
QR कोड स्कैन कर डाउनलोड करें
महाकुम्भ के दौरान पाएं रेल संबंधित हर जानकारी और सभी समस्याओं का समाधान
रेलवे के टोल फ्री नंबर 1800 4199 139 पर तुरंत संपर्क करें
उत्तर मध्य रेलवे गतिशीलता ही हमारी पहचान
@CPRONCR | North central railways | cproncrly | CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in | 287/25 (A)

# सगठन की मजबूत रणनीति का रहा परिणाम, गाजियाबाद से

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद:** भाजपा नेताओं ने दिल्ली की प्रचंड जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितकारी नीतियों, "मोदी की गारंटी" और कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा बताया है। गाजियाबाद के सांसद और दिल्ली चुनाव प्रभारी अतुल गर्ग ने कहा कि यह जीत संगठन की मजबूत रणनीति और दिल्ली की जनता के भरोसे का परिणाम है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि "12 साल से अरविंद केजरीवाल विकास के मार्ग में बाधा बने हुए थे। उनकी झूठ की राजनीति और फ्री योजनाओं के बहकावे का दौर अब खत्म हो गया है। स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि दिल्ली की जनता ने अब असल विकास को चुना है।" डबल इंजन की सरकार से अब दिल्ली का रफ्तार से विकास होगा। भाजपा महानगर अध्यक्ष एवं सदर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने 'फ्री की दारू' की राजनीति को नकारते हुए मां गंगा के अमृत समान जल को प्राथमिकता दी है। मुरादनगर विधानसभा विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि जनता का निर्णय यह साफ दशार्ता है कि दिल्ली अब विकास, स्वच्छ प्रशासन



और पारदर्शिता की राह पर बढ़ना चाहती है। उन्होंने अपना विश्वास मोदी सरकार के विकास मॉडल में जताया है।
महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने बताया कि दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत दिल्ली में नए राजनीतिक युग की शुरूआत है। महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने बताया भाजपा की इस ऐतिहासिक जीत पर कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह है, उनके उत्साह का आलम जीत की उमंग में अपने नेताओं के स्वागत अभिनंदन बधाई में लगे रहने में स्पष्ट दिखाई पड़ रहा है।
गाजियाबाद से चुनावी नेतृत्व करने गए सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा स्वतंत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र कश्यप, भाजपा महानगर अध्यक्ष एवं सदर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधानसभा विधायक अजीत पाल त्यागी आदि ने राजनीतिक कौशल का प्रदर्शन कर मील का पत्थर साबित होने का काम किया है।

## दो लड़कियों के बाप ने लगाई फांसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** गांव डालनवास निवासी एक व्यक्ति ने चौबारे पर फांसी का फंदा लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक शादीशुदा था तथा उसकी दो लड़कियां भी है। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है।

## दो कारों की भीडंत में चपेट में आए बाइक सवार दो युवकों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** जीटी पर अंतर्राष्ट्रीय मंडी के पास दो कारों की भीडंत में चपेट में आए बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। मृतक 31 वर्षीय बलराम निवासी पांची जाटान व 35 वर्षीय जितेंद्र भांवर गांव के रहने वाले थे। सूचना के बाद थाना बड़ी पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में ले कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी अनुसार जितेंद्र व बलराम बाइक पर गन्नौर से मुरथल की तरफ जा रहे थे। जब वह अंतर्राष्ट्रीय मंडी के पास पहुंचे तो एक तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने अपने आग चल रही एक कार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से आगे चल रही कार का संतुलन बिगड़ गया और वह बलराम व जितेंद्र की बाइक से टकरा कर पलट गई। इस हादसे में बलराम व जितेंद्र बुरी तरह से घायल हो गए।

## यूपी पुलिस और बदमाशों के बीच जमकर मुठभेड़




**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा :** सेक्टर-142 कोतवाली पुलिस ने रविवार देर रात दो बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान इलाहाबास गांव नोएडा के अर्जुन सिंह उर्फ कन्हैया निवासी और दुजाना गांव बादलपुर के प्रियांशु उर्फ भटिण्डा रूप में हुई है। वहीं तीसरे आरोपी इलाहाबास गांव नोएडा के अभिषेक कुमार उर्फ मोटा भाई को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। कब्जे से एक चोरी की स्कूटी, तीन अवैध तमंचे, दो खोखा कारतूस और पांच कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी चोरी और लूट जैसी घटनाओं में संलिप्त थे। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी का कहना है कि रविवार रात पुलिस टीम जैन पार्क के पास नियमित चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध स्कूटी को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन स्कूटी सवार तीन बदमाश पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने लगे। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दो आरोपी घायल हो गए। एक आरोपी को घेराबंदी के दौरान पकड़ा है। जांच में सामने आया कि यह आरोपी पहले भी कई आपराधिक वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। अर्जुन और प्रियांशु के खिलाफ फेज-2 कोतवाली और बिसरख में चोरी और लूटपाट से जुड़े कई मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी लंबे समय से चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। पुलिस अब इनके आपराधिक नेटवर्क की विस्तृत जांच कर रही है। घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## बाबा रूपदास खेल प्रतियोगिता का हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** गांव पालड़ी में बाबा रूपदास खेल प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हो गया हैं। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव रहे। खेल प्रतियोगिता में नेशनल कबड्डी, क्रिकेट, बच्चों की दौड़, महिलाओं की दौड़ का समापन हुआ। विधायक कंवर सिंह यादव ने सभी विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि खेल को अनुशासन की भावना से खेलना चाहिए। युवा ज्यादा से ज्यादा खेलों में भाग ले और नियमित खेलें। भाजपा सरकार


### उत्तर रेलवे
**निविदा सूचना**
इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110055 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 93247480 | आरडीएसओ स्पेक.नं.आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/110/2020 के अनुसार 24 फाइबर आर्मर्ड ऑप्टिक फाइबर केबल की आपूर्ति और निविदा खुलने की तिथि तक नवीनतम संशोधनों के साथ। | 72 किलोमीटर | 04.03.2025 |

निविदा शर्तें-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं: 93247480 दिनांक: 07.02.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 444/25


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कैलाश चंद बग्गा** पुत्र स्व. श्री ज्ञान चंद निवासी के-13, गली नं. 06, पुराना गोविंद पुरा एक्सटेंशन, परवाना रोड, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 7683/2016 धारा 200 Cr.P.C. थाना जगतपुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कैलाश चंद बग्गा** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कैलाश चंद बग्गा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 7683/2016 धारा 200 Cr.P.C. थाना जगतपुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **कैलाश चंद बग्गा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **18.03.2025** को हाजिर हो।
**आदेशानुसार: सुश्री आयुषी सक्सेना,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-05, (दक्षिण-पूर्व)**
**कमरा नं. 07, द्वितीय तल,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**
DP/1495/SE/2025

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी सन्नी उर्फ अजूबा, पुत्र** रोहताश, **पता:** मकान नं. 521, एमसीडी कॉलोनी, समयपुर बादली, दिल्ली **E-FIR No. 00400/20, U/S: 379/411 IPC, पुलिस थाना: बवाना, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सन्नी उर्फ अजूबा,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सन्नी उर्फ अजूबा,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सन्नी उर्फ अजूबा, E-FIR No. 00400/20, U/S: 379/411 IPC, पुलिस थाना: बवाना, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.04.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।
**आदेशानुसार**
**सार्थक पवार**
**महानगर दण्डाधिकारी. 05 (उत्तरी)**
**कोर्ट रूम नंबर 114, पहली मंजिल**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**
DP/1547/ON/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी अमित पुत्र** मुकेश, **पता:** डी-2/396 सुल्तान पुरी, दिल्ली **FIR No. 83/2016, U/S: 356/379/411/34 IPC, पुलिस थाना: बेगमपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित ,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अमित, FIR No. 83/2016, U/S: 356/379/411/ 34 IPC, पुलिस थाना: बेगमपुर, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.03.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।
**आदेशानुसार**
**वसुन्धरा छौंकर**
**अतिरिक्त. मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी**
**उत्तर-पश्चिम, कोर्ट नंबर 101, पहली मंजिल**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**
DP/1515/RD/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राकेश, पुत्र चंदर सिंह, पता: मकान नंबर 343, गांव कनोव, हिसार, हरियाणा** ने **FIR No. 1285/2015, U/s 120/34 IPC, पुलिस थाना केएन काटजू मार्ग, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राकेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **राकेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना केएन काटजू मार्ग, दिल्ली** के अभियुक्त **राकेश** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।
**आदेशानुसार**
**श्री हिमांशु सहलोथ**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी - 03**
**उत्तर जिला, कमरा नं. 213,**
**रोहिणी न्यायालय, दिल्ली**
DP/1528/RD/2025


### उत्तर रेलवे
**निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली एकल पैकेट पद्धति ई-निविदा के आधार पर नीचे लिखे हुए कार्य के लिए निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थल | रेलवे कॉलनी किशनगंज, दयाबस्ती, पंजाबी बाग, शकुरबस्ती, गाजियाबाद और पानीपत में कर्मचारी क्वार्टरों के रखरखाव के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध, जिसमें उप मुख्य अभियन्ता/नि0/शिवाजी ब्रिज, उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/नि0/शिवाजी ब्रिज, अधिशासी अभियन्ता/नि0/पानीपत, अधिकारी विश्राम गृह/पानीपत, वरिष्ठ खण्ड अभियन्ता, कनिष्ठ अभियन्ता एवं वरिष्ठ खण्ड अभियन्ता/पी.वे के कार्यालय परिसर का परिवर्धन, परिवर्तन और नवीनीकरण शामिल है। शिवाजी ब्रिज कार्यालयों और पानीपत कार्यालय के विभिन्न स्थानों पर तथा उप मुख्य अभियन्ता के अधिकार क्षेत्र के तहत अन्य अधीनस्थ कार्यालयों संबद्ध कार्य। |
| 2. | कार्य पूरा होने की अवधि | 24 (चौबीस) माह |
| 3. | कार्य की अनुमानित लागत | रू0 73.24 लाख |
| 4. | धरोहर राशि (जो कि ऑनलाइन जमा की जानी है) | रू0 146500.00/- |
| 5. | ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा दस्तावेज 11:30 बजे दिनांक **14.02.2025 से 28.02.2025** तक आईआरईपीएस की वेबसाइट अर्थात् **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे। |
| 6. | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | 28.02.2025 को 11:30 बजे तक निविदाकर्ता द्वारा 14.02.2025 से 28.02.2025 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती हैं। |
| 7. | ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11:30 बजे दिनांक 28.02.2025 को खोली जाएंगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है। |

संख्या : 536-Acs-Maintenance-CSB-PNP दिनांक : 07.02.2025 440/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 82 Cr. P. C. देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनीश पुत्र लाखन** निवासी S-479, S-ब्लॉक, मंगोलपुरी, दिल्ली ने **Case/FIR. No. 685/2022 U/s 354/354A/354D/506/34 IPC & 12 Pocso act,** के अंतर्गत थाना: **राज पार्क,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अनीश** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अनीश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case/FIR. No. 685/2022 U/s 354/354A/354D/506/34 IPC & 12 Pocso act,** थाना: **राज पार्क,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अनीश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।
**आदेशानुसार**
वीरेंद्र सिंह, Ld. ASJ/FTSC (Pocso),
कमरा नंबर 318, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/1441/OD/2025


### उत्तर रेलवे
**इ-निविदा (इ-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**
निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT-62 | **कार्य का नाम:-** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II के तहत GZB-MTC खंड पर पुल संख्या 36 DN लाइन पर पोर्टेबल ट्रेन डिटेक्शन सिस्टम और अलार्म सिस्टम (पोटा) प्रदान करने का प्रावधान।<br>**कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) :-** IREPS पर NIT के अनुसार।<br>**बयाना राशि (रूपये) :-** IREPS पर NIT के अनुसार। |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 07.03.2025 15:00 Hrs. |
| 3 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

- ठेकेदारों को ई-टेण्डर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तो के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं:128-W/280/e Tender Notice/NIT-62-24-25-W-II दिनांक: 10.02.2025 454/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे
**ई-निविदा सूचना**
वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी), उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा-135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यो के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | एलएचबी पावर कारों में उच्च क्षमता कपलर और फीडर केबल्स का प्रावधान। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 10/03/2025 प्रातः 11:30 बजे। | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 08.02.2025 |
| पूर्व-बोली आवश्यक है | नही | आज तक प्री-बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रू. 2,19,03,310.41/- सभी कर जीएसटी आदि सहित। | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप। |
| अग्रिम धन | रू. 2,59,500/- | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | Nil (अप्रैल 2022 के भाग-I खंड संख्या 3 के अनुसार)। | समापन की अवधि | 24 माह |
| बोली आरंभ तिथि | 24/02/2025 | बोली समाप्ति तिथि | 10/03/2025 प्रातः 11.30 बजे। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

56/डब्ल्यू/इलेक्ट्रिक/24-25/टी/23/कपलर और फीडर केबल्स 450/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाइजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041


## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।


# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।




# प्रवेश शर्मा हो सकते हैं दिल्ली के सीएम!

## शनिवार को दिल्ली चुनाव के नतीजे के बाद अमित शाह से मिले थे प्रवेश वर्मा, प्रधानमंत्री

**वार-पलटवार**

**आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने संघ प्रमुख मोहन भागवत को लेटर लिखा है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** विधानसभा चुनाव 2025 में आम आदमी पार्टी (आप) की करारी हार के बाद सीएम आतिशी ने रविवार को अपना इस्तीफा एलजी वीके सक्सेना को सौंप दिया। उधर, 27 साल बाद दिल्ली में प्रचंड बहुमत मिलने के बाद भाजपा से अब अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। इसे लेकर चचाओं का दौर जारी है।

**सीएम की रेस में कौन सबसे आगे?**

नए मुख्यमंत्री पद को लेकर जिन नामों पर कयास लगाए जा रहे हैं, उनमें कई नवनिर्वाचित विधायकों के नाम सामने आ रहे हैं। नई दिल्ली सीट से आप संयोजक अरविंद केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा का नाम अब तक सबसे आगे चल रहा है।

शनिवार को चुनाव के नतीजे आने के बाद उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात भी की थी। प्रवेश वर्मा के अलावा मुस्तफाबाद सीट से जीते मोहन सिंह बिष्ट, विजेंद्र गुप्ता, रेखा गुप्ता, आशीष सूद, सतीश उपाध्याय और पवन शर्मा का नाम भी मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल बताया जा रहा है।

**क्या इस बार भी चौंका सकती है भाजपा?**

कयास लगाए जा रहे हैं कि आगामी बिहार चुनाव के मद्देनजर पूर्वांचल से संबंध रखने वाले किसी विधायक को भी सीएम बनाया जा सकता है। हालांकि भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री चयन के इतिहास को देखें तो कहा जा सकता है कि पार्टी सीएम के चेहरे पर किसी नए चेहरे का चयन कर सबको चौंका सकती है। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, भाजपा मुख्यमंत्री के चयन को लेकर हमेशा चौंकाने वाले फैसले के लिए फेमस है। पार्टी कम चर्चित चेहरों को भी सीएम बनाने के लिए जानी जाती है। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व राजनीतिक समीकरणों के आधार पर पूर्वांचल की पृष्ठभूमि वाले किसी व्यक्ति के नाम पर विचार कर सकता है।

**कितनी होती है सीएम की सैलरी?**

दिल्ली में अब जब नए मुख्यमंत्री की नियुक्ति होने वाली है तो ऐसे में लोगों की यह जानने में दिलचस्पी है कि मुख्यमंत्री की सैलरी कितनी होती है और क्या सुविधाएं मिलती हैं। इसके साथ ही विधायकों को कितना वेतन और सुविधाएं मिलती हैं। दिल्ली के विधायकों को वेतन भत्ते मिलकर कुल 90 हजार रुपये मिलते हैं। जुलाई 2022 में दिल्ली विधानसभा ने विधायकों और मंत्रियों की सैलरी में बढ़ोतरी का प्रस्ताव पास किया था।

अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली के मुख्यमंत्री, मंत्रियों, स्पीकर, डिप्टी स्पीकर, मुख्य सचेतक और विपक्ष के नेता के वेतन व भत्ते को मिलाकर 1 लाख 70 हजार रुपये होती है।

### सीएम पद के लिए महिला नाम पर भी हो रही चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में मुख्यमंत्री पद के लिए नामों को लेकर मंथन जारी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक दिल्ली में मुख्यमंत्री का पद किसी महिला विधायक को सौंपा जा सकता है। वहीं खबर यह भी है कि मुख्यमंत्री के साथ-साथ एक उप-मुख्यमंत्री भी बनाए जाएंगे। बताया जा रहा है कि यह पद पूर्वांचल से आनेवाले किसी नेता को मिल सकता है। वहीं मंत्रिमंडल में सोशल इंजीनियरिंग का भी खास ध्यान रखा जाएगा। समाज के हर तबके के नेताओं को इसमें शामिल किया जाएगा। बीजेपी के नेताओं के मुताबिक इस पर अंतिम सहमति पीएम मोदी के विदेश दौरे से लौटने के बाद ही बनेगी। फिलहाल पार्टी में सीएम पद को लेकर चर्चाएं तेज है। बताया जा रहा है कि ग्रेटर कैलाश सीट पर सौरभ भारद्वाज को हरानेवाली शिखा राय इस रेस में आगे चल रही हैं।

**इस बार पांच महिलाएं जीतकर पहुंची विधानसभा**

इस बार के चुनाव में सिर्फ पांच महिलाएं ही जीतकर विधानसभा पहुंची हैं। इसमें चार बीजेपी की नेता है। सीएम आतिशी एकमात्र आप की नेता हैं। शालीमार बाग विधानसभा सीट पर भाजपा की रेखा गुप्ता ने जीत हासिल की। उन्होंने आप उम्मीदवार बंदना कुमारी को हराया है। वहीं वजीरपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा ने आप के नीरज गुप्ता को शिकस्त दी हैं।

# एयरपोर्ट पर तस्करी के तीन मामले, 40 करोड़ के कोकीन बरामद

**गिरफ्तार**

**तीन विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है, ब्राजील की दो महिलाएं और केन्या का एक पुरुष शामिल है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने तस्करी** के तीन अलग अलग मामले में करीब 40 करोड़ रुपये की कोकेन बरामद करने में सफलता पाई है। इस मामले में तीन विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें ब्राजील की दो महिलाएं और केन्या का एक पुरुष शामिल है। तीनों आरोपितों ने कोकेन से भरे कैप्सूल निगले थे। कस्टम अधिकारियों का कहना है कि एक ही तरह के तीनों मामले के सामने आने से यह एक बड़े अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क का हिस्सा लग रहा है, जो भारत में मादक पदार्थों की तस्करी कर रहा है। ऐसे तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ इस पूरे नेटवर्क को खंगाला जा रहा है।

24 जनवरी को ब्राजील की एक महिला यात्री को भी गिरफ्तार किया। इस महिला ने साउ पाउलो से पेरिस होते हुए दिल्ली यात्रा की थी। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसने कोकेन से भरे कैप्सूल निगले हैं। इस जानकारी के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सीय जांच में पता चला कि महिला ने 100 कैप्सूल निगले हुए हैं। चिकित्सीय निगरानी में एक प्रक्रिया के तहत सभी कैप्सूल निकाले गए। कैप्सूलों में करीब 802 ग्राम कोकीन छिपाई गई थी। कस्टम अधिकारियों ने इसकी अनुमानित कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 12.03 करोड़ आंकी है। दूसरे मामले में 28 जनवरी को साउ पाउलो से पेरिस होते हुए दिल्ली पहुंचे एक 26 वर्षीय ब्राजील की महिला यात्री को कस्टम अधिकारियों ने पकड़ा।

# सीएजी रिपोर्ट दिल्ली विधानसभा में पेश होने से आप की बढ़ सकती हैं मुश्किलें



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जिस सीएजी रिपोर्ट को दिल्ली विधानसभा में सदन पटल में रखने पर आम आदमी पार्टी सरकार पिछले पांच सालों से बच रही थी, अब सरकार जाने के बाद भाजपा इन रिपोर्ट को सदन में रखने को लेकर गंभीर है। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस बारे में संकेत दे दिए हैं। इन रिपोर्ट्स की बात करें तो इससे आप के लिए संकट जरूर खड़ा होने के आसार दिख रहे हैं। जिसमें आबकारी नीति में हुए नुकसान से लेकर मुख्यमंत्री आवास में निर्माण संबंधी जांच की रिपोर्ट तक शामिल है। इसमें लोक निर्माण विभाग, आबकारी विभाग, स्वास्थ्य विभाग से लेकर शिक्षा,वायु प्रदूषण और यमुना से संबंधित मामले भी शामिल हैं। सरकार के सभी महत्वपूर्ण विभाग इसमें सम्मिलित

इस तरह पेंडिंग 14 रिपोर्ट्स का आंकलन किया जाए तो सरकार के सभी महत्वपूर्ण विभाग इसमें सम्मिलित हैं। इन रिपोर्ट्स के सदन में रखने के लिए भाजपा जिस तरीके से अपने तेवर दिखा रही है उस से माना जा रहा है कि आप के नेताओं के लिए एक बड़ी मुश्किल खड़ी होने जा रही है। पूर्व में जाएं तो केंद्र में रही कांग्रेस सरकार भी एक बार सीएजी रिपोर्ट्स को लेकर बुरी तरह घिर चुकी है।

इधर सीएजी की रिपोर्ट्स सदन में नहीं रखने को भाजपा लगातार मुद्दा बनाती रही है कि इन रिपोर्ट में ऐसा क्या है कि जो 2017 के बाद एक भी सीएजी रिपोर्ट सदन में पेश नहीं हुई।

**दिल्ली में सत्ता परिवर्तन के बाद राजनीतिक हालात बदल रहे**

सीएजी की रिपोर्ट टेबल नहीं होने का मुद्दा पिछले सालों में गरमाया रहा है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने शराब घोटाला, शीशमहल को बड़ा मुद्दा बनाया।

# भाई की साली से शादी न होने पर युवक ने की आत्महत्या



**खुदकुशी**

**जांच में मृतक की पहचान जरियापुर कन्नौज (उप्र) निवासी सिराज (24) के रूप में हुई है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मध्य जिले के दरियागंज इलाके में भाई की साली से शादी न होने पर युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया। जांच में मृतक की पहचान जरियापुर कन्नौज (उप्र) निवासी सिराज (24) के रूप में हुई है। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पूछताछ के दौरान पता चला कि सिराज अपने भाई की साली से शादी करना चाहता था लेकिन महिला की शादी कहीं और तय हो गई थी। इस कारण वह डिप्रेशन में था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

मध्य जिले के डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि रविवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि तुर्कमान गेट स्थित एक घर में युवक ने फंदा लगा लिया है।समाचार मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को फंदे से उतारकर तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में पता चला कि मृतक सिराज अपने दोस्त मोबिन के साथ यहां रहता था। वह बेकरी की दुकान में काम करता था। दोस्त से पूछताछ करने पर पता चला कि रविवार रात को सिराज का मोबिन से झगड़ा हुआ था। सिराज शादी करवाने के लिए मोबिन से मदद मांग रहा था।

# निगमायुक्त 13 फरवरी को पेश करेंगे बजट



**तारीख तय**

**दिल्ली नगर निगम के नगर सचिव शिव प्रसाद ने बजट पेश करने की तारीख तय कर दी है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली नगर निगम के लिए राहत की खबर है। दिल्ली नगर निगम के नगर सचिव शिव प्रसाद ने बजट पेश करने की तारीख तय कर दी है। दिल्ली नगर निगम की विशेष बजट बैठक गुरुवार, 13 फरवरी को होगी, जिसमें आयुक्त, एमसीडी संशोधित बजट अनुमान 2024-25 और बजट अनुमान 2025-26 प्रस्तुत करेंगे तथा वर्ष 2025-26 के लिए निगम द्वारा निर्धारित किए जाने वाले करों, दरों और उपकर की अनुसूची पर विचार किया जाएगा।

**13 फरवरी को सदन की बैठक**

बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के कारण बजट पेश करने में देरी हुई थी। नगर निगम आयुक्त अश्विनी कुमार को हाल ही में नगर निगम सदन में बजट पेश करने की अनुमति मिली थी। अब आचार संहिता हटने के साथ ही नगर निगम आयुक्त वित्तीय वर्ष 2024-25 के संशोधित बजट अनुमान और 2025-26 के बजट अनुमान 13 फरवरी को सदन की बैठक में पेश करेंगे। वह स्थायी समिति की शक्तियों का प्रयोग करते हुए सदन में बजट पेश करेंगे।

उल्लेखनीय है कि 10 दिसंबर 2024 को नगर निगम आयुक्त ने बजट को स्थायी समिति के पास भेज दिया था। चूंकि स्थायी समिति के सदस्य तो चुन लिए गए हैं, लेकिन स्थायी समिति के चेयरमैन का चुनाव आप के मेयर की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। ऐसे में इसका गठन अभी लंबित है। चूंकि स्थायी समिति नहीं है, इसलिए नगर निगम आयुक्त को सदन में पेश करने का नियम नहीं है। इसलिए निगम के वित्त विभाग ने स्थायी समिति की शक्तियां नगर निगम आयुक्त को देकर उपराज्यपाल से बजट को सदन में पेश करने की अनुमति मांगी थी। यह काम पहले 30 जनवरी तक किया जाना था। आचार संहिता के कारण चुनाव आयोग ने निगम को मंजूरी नहीं दी थी, लेकिन अब उपराज्यपाल ने मंजूरी दे दी है।

# अगले चुनाव में कांग्रेस से होगा बीजेपी का मुकाबला: देवेंद्र यादव



**सम्मान**

**चुनाव हारा है, हौंसला नहीं, अगले चुनाव में सीटें भी जीतेगी कांग्रेस, इस चुनाव में नजर आई कांग्रेस की मजबूत नींव**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार मिली करारी शिकस्त के एक दिन बाद रविवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने पूर्ण आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने चुनाव भले हारा हो, लेकिन हौंसला नहीं हारा। पार्टी अपनी हार के कारणों पर मंथन के साथ जल्द ही अगले चुनाव की तैयारियों में जुटेगी और निश्चित तौर पर सीटें भी हासिल करेगी। पत्रकारों से बातचीत में यादव ने कहा कि लंबे समय से कांग्रेस संगठनात्मक रूप से कमजोर चल रही थी।

**कई सीटों पर काफी अच्छा रहा वोट प्रतिशत**

मई 2024 में प्रदेश अध्यक्ष की कमान मिलने के बाद महज आठ माह में उन्होंने पार्टी की मजबूती के लिए काफी काम किया। इसकी कमजोर होती नींव को फिर से मजबूत किया। मजबूत नींव की झलक इस चुनाव में नजर भी आई। बकौल देवेंद्र, "पिछले दो विधानसभा चुनाव में जहां मुख्य मुकाबला आप और भाजपा के बीच था, वहीं अबकी बार कांग्रेस ने मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया। अनेक सीटों पर पार्टी का मत प्रतिशत भी काफी अच्छा रहा है।निस्संदेह अगले चुनाव में मत प्रतिशत में वृद्धि के साथ- साथ पार्टी को सीटें भी मिलेंगी।"यादव ने कहा कि अगले चुनाव में मुख्य मुकाबला आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच नहीं बल्कि कांग्रेस और भाजपा के बीच होगा। आम आदमी पार्टी तब तक पूर्णतया हाशिए पर आ चुकी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यक और मुस्लिमों का वोट जहां कांग्रेस को मिला था, वहीं इस बार वह आप के खाते में चला गया। 22 में से आप के खाते में 14 सीटें ऐसी ही हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इस वर्ग को लगा था कि सरकार आप बनाएगी। जबकि ऐसा हुआ नहीं। अगले चुनाव में आप के कमजोर हो जाने पर इस वर्ग का वोट कांग्रेस के पास आ जाएगा। तब कांग्रेस के खाते में सीटें भी आ जाएंगी।

# निर्वाचन आयोग ने आचार संहिता हटाई




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अब रुके विकास कार्यों में तेजी आएगी। दिल्ली विधानसभा चुनाव के चलते राजधानी में लगाई गई आदर्श आचार संहिता को हटा दिया गया है। आचार संहिता लागू होने के चलते जनवरी से विकास कार्य रुके हुए थे। अब जल्द ही दिल्ली में नई सरकार के गठन के साथ विकास कार्य रफ्तार पकड़ेंगे। चुनाव आयोग ने सोमवार को आदर्श आचार संहिता हटाने को लेकर लिखित आदेश जारी किया है। दिल्ली के साथ ही उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में उपचुनाव को लेकर लागू आचार संहिता को हटा दिया गया है।

**दिल्ली में कब लागू हुई थी आचार संहिता?**

बता दें कि 7 जनवरी को निर्वाचन आयोग द्वारा दिल्ली में चुनाव की तारीखों के एलान के साथ राजधानी में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी। दिल्ली में पांच फरवरी को मतदान और आठ फरवरी को मतगणना की प्रक्रिया संपन्न हुई। चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू कर यह निर्देश जारी किए जाते हैं कि इस अवधि के दौरान राजनीतिक पार्टियां और उनके नेता क्या करें और क्या न करें।

**चुनाव की प्रक्रिया पूरी, एलजी को सौंपी निर्वाचित प्रत्याशियों की सूची**

निर्वाचन आयोग ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 की प्रक्रिया आधिकारिक रूप से पूर्ण कर ली है। इस प्रक्रिया के तहत रविवार को संविधान अधिसूचना और निर्वाचित प्रत्याशियों की सूची दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना को सौंपी गई।

# अब अस्तित्व की जंग में क्यों फेल हो रही कांग्रेस?

**तोहफा**

**एक जमाने में जहां 48 प्रतिशत से ज्यादा था, वहीं इस चुनाव में 6.43 प्रतिशत दर्ज किया गया है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** इसे विडंबना ही कहेंगे कि जिस कांग्रेस ने दिल्ली की सत्ता पर लगातार डेढ़ दशक तक राज किया, वह आज अपने अस्तित्व की जंग लड़ रही है। तीन विधानसभा चुनावों से तो पार्टी का खाता भी नहीं खुल पा रहा है। मत प्रतिशत लगातार तीन बार से घट रहा था, इस बार थोड़ा सा बढ़ा है। एक जमाने में जहां 48 प्रतिशत से ज्यादा था, वहीं इस चुनाव में 6.43 प्रतिशत दर्ज किया गया है, लेकिन सच यह भी है कि मजबूती से लड़ने पर कांग्रेस आज भी क्षेत्रीय पार्टियों के लिए बड़ा खतरा है। इस विधानसभा चुनाव में आप को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने में कांग्रेस की भी बड़ी भूमिका रही है।

**कैसी रही शीला दीक्षित की सरकार?**

**पीछे मुड़कर देखें तो मुख्यमंत्री शीला** दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में राजधानी का खासा विकास किया। जनता ने भी इसे स्वीकारा और सराहा, लेकिन आप के सत्ता में आने के बाद दिल्लीवासियों ने शीला को पूर्णतया नकार दिया।

**तीन बार से क्यों नहीं खुल रहा कांग्रेस का खाता?**

शीला सरकार के भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाकर आप ने 2013 का चुनाव लड़ा तो इस चुनाव में कांग्रेस को मात्र आठ सीटें मिलीं और उसके बाद हुए तीनों विधानसभा चुनावों में कांग्रेस खाता ही नहीं खोल पाई। इसकी प्रमुख वजह यह रही कि दिल्ली में कांग्रेस का वोट बैंक जो मुख्यतया झुग्गियों, अनियोजित कॉलोनियों, ग्रामीण इलाकों, अनुसूचित जाति और मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में था, वो मुफ्त बिजली-पानी के फेर में उससे छिटककर आप की तरफ चला गया। 2013 में जहां कांग्रेस को 24.68 प्रतिशत मतों के साथ आठ सीटें मिली थीं, वहीं 2015 में यह मत प्रतिशत घटकर 9.07 हुआ तो 2020 में और भी गिरकर 4.63 प्रतिशत तक पहुंच गया। इन दोनों चुनावों में पार्टी का खाता नहीं खुला।

**अकेले लड़ने का नहीं मिला खास लाभ**

हाल में हुए विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने न सिर्फ न्याय यात्रा निकालकर दिल्ली में अपनी सक्रियता दर्शाने का प्रयास किया, बल्कि पिछले चुनावों के मुकाबले अपने प्रत्याशी भी अपेक्षाकृत मजबूत खड़े किए। यही नहीं, पार्टी आप से गठबंधन कर चुनाव लड़ने के पिछले लोकसभा चुनाव के फ्लाप फैसले को भी दोहराने से बची। हालांकि, थोड़ी अधिक मेहनत करने और अकेले लड़ने का भी उसे कोई खास लाभ नहीं मिल सका। उसके मत प्रतिशत में करीब दो प्रतिशत की मामूली वृद्धि अवश्य हुई और यह बढ़कर 6.34 हो गया, लेकिन उसके 70 में से 67 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई।

पिछले दो विधानसभा चुनाव में आप को एकतरफा वोट दे रहे मतदाताओं का इस बार मोहभंग हुआ तो भी वे अपनी पुरानी पार्टी पर भरोसा न कर भाजपा की ओर चले गए। इस तरह कांग्रेस इस बार भी अपना खोया वोटबैंक वापस पाने की कोशिश में विफल रही।

# झील में मिला युवक का शव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पूर्वी जिले के गाजीपुर स्थित स्मृति पार्क के झील में सोमवार सुबह एक युवक का शव मिला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है।

मृतक के पास से मिले मोबाइल व पहचान पत्र से उसकी पहचान राहुल सिंह बिष्ट (24) के रूप में हुई। युवक के सिर में चोट के निशान मिले है। आशंका है कि युवक के सिर में तेजधार हथियार से हमला कर हत्या करने के बाद शव को झील में फेंका गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पूर्वी जिले के डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 7.38 बजे सूचना मिली कि स्मृति पार्क के झील में एक युवक डूबा हुआ है। सूचना मिलते ही गाजीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

# राजकीय स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी भी उर्तीण कर रहे है आईएएस की परीक्षाएं: पंवार

## हरियाणा के पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने गांव कनीपला के राजकीय स्कूल में किया परीक्षा पर चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: हरियाणा के पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि राजकीय स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी भी आईएएस और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं को उर्तीण कर रहे है। इन स्कूलों से आईएएस और अन्य उच्च पदों को हासिल करने के सैकड़ों उदाहरण सबके सामने है। इसलिए अभिभावकों को अपने बच्चों को राजकीय स्कूलों में शिक्षा के लिए भेजना चाहिए। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार कुरुक्षेत्र के गांव कनीपला के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षा विभाग की तरफ से आयोजित परीक्षा पर चर्चा -2025 कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने दीप शिखा



प्रज्वलित करके विधिवत रूप से परीक्षा पर चर्चा-2025 कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑन लाइन प्रणाली के माध्यम से देश के करीब साढे तीन करोड़ विद्यार्थियों को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के 8वें अंक के दौरान तनाव मुक्त होकर परीक्षा देने के टिप्स दिए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि विद्यार्थियों को परीक्षाओं के दौरान खुब पढ़ना चाहिए और बिना तनाव के परीक्षा देनी चाहिए। सभी विद्यार्थियों का एक लक्ष्य होना चाहिए कि पढ़कर अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करें, न कि अधिक से अधिक अंक हासिल करें। कैबिनेट मंत्री

**बिना तनाव**

▶▶ **कृष्ण लाल पंवार ने दीप शिखा प्रज्वलित करके विधिवत रूप से परीक्षा पर चर्चा-2025 कार्यक्रम का शुभारंभ किया**

कृष्ण लाल पंवार ने विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विद्यार्थियों को परीक्षा पर चर्चा जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेरित करने का काम कर रहे है। इन परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों को मानसिक रूप से तनाव में नहीं रहना है, बच्चे स्कूल में खेलें, कूद और निरंतर कक्षाएं लगाकर ज्ञान अर्जित करें तथा तनाव मुक्त होकर परीक्षाएं दें। इससे सभी विद्यार्थियों के अच्छे परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपनी दिनचर्या पर पूरा फोकस रखना चाहिए और किसी प्रकार की लापरवाही भी नहीं बरतनी चाहिए। इस समय विद्यार्थी को अपने सारे कार्य समय पर करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर सही दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरा आत्मविश्वास मन में रखना होगा और परीक्षा को पर्व की तरह मनाना चाहिए, न कि तनावग्रस्त होकर रहना चाहिए।

# दृढ़ संकल्प एवं एकाग्रता के साथ विद्यार्थी पा सकते निर्धारित लक्ष्य: कृष्ण

**मार्गदर्शन**

▶▶ **राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में की शिरकत**



**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि असफलता सफलता की पहली सीढ़ी होती है ,लिहाजा विद्यार्थी अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए अध्यापन कार्य के दौरान आई विफलताओं को ही अपना अध्यापक बनाएं। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प एवं एकाग्रता के साथ निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। कृष्ण कुमार बेदी सोमवार को नरवाना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। गौरतलब है कि इस विद्यालय के कॉन्फ्रेंस हाल में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑनलाइन जुड़े हुए थे। प्रधानमंत्री द्वारा लाइव टेलीकास्ट से देश के विद्यार्थियों को सफल अध्ययन क्रिया के महत्वपूर्ण टिप्स बताए गए। कृष्ण कुमार बेदी ने कहा की तरक्की के सपने देखना प्राणी की प्रवृत्ति है जबकि सपने नहीं संजोने वाले व्यक्ति को मृत प्राय: माना जाता है।

प्रत्येक व्यक्ति विशेष कर छात्र को लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत एवं एकाग्रचित होकर दृढ़ संकल्प के साथ सपने साकार करने के लिए निरंतर कोशिश करनी चाहिए। छात्र जीवन की सफलता का राज बुलंद हौसलों एवं तनाव मुक्त परिश्रम में छिपा हुआ है।

इसलिए विद्यार्थी को अंकों की सूची में अपना भविष्य आंकने की बजाय हमेशा कुछ जीवन मूल्यों की मैरिट पर ध्यान देना चाहिए। आपस में संवाद करने से विद्यार्थियों की अनेक समस्याओं का हल हो जाता है,इसलिए प्रतिस्पर्धा की भावना तथा आत्मविश्वास के साथ सहपाठियों से संवाद करते रहना चाहिए।

# राज्य के सभी किसानों को सॉयल हेल्थ कार्ड दिए जाएंगे: कृषि मंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि 'हर खेत-स्वस्थ खेत' अभियान के अन्तर्गत आगामी तीन-चार वर्षों में राज्य के प्रत्येक एकड़ के मृदा नमूने एकत्रित करके सभी किसानों को सॉयल हैल्थ कार्ड दिए जाएंगे। उन्होंने यहां बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत अब तक लगभग 70 लाख मृदा नमूने एकत्रित किए जा चुके हैं तथा 55 लाख नमूनों का विश्लेषण करने उपरांत सॉयल हैल्थ कार्ड वितरित किए चुके हैं, शेष नमूनों का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्ष 2022 में सॉयल हैल्थ कार्ड प्रोजेक्ट के लिए स्कॉच ग्रुप द्वारा विभाग को स्वर्ण पदक भी मिल चुका है। सॉयल हैल्थ कार्ड योजना के तहत 86.65 लाख सॉयल हैल्थ कार्ड वितरित किए गए हैं। कृषि मंत्री ने बताया कि राज्य में 17 नई स्थायी मृदा एवं

**प्रयोगशाला**

▶▶ **तीन-चार वर्षों में राज्य के प्रत्येक एकड़ के मृदा नमूने एकत्रित करके सभी किसानों को सॉयल हैल्थ कार्ड दिए जाएंगे**

जल परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं।

विभिन्न मंडियों में 54 नई लघु मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं भी खोली जा चुकी हैं। इसके अलावा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों तथा राजकीय महाविद्यालयों में 240 लघु मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की जा चुकी हैं। इनमें विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों द्वारा मिट्टी के नमूने एकत्रित कर उनका परीक्षण किया जाता है। इस योजना के तहत मृदा जांच हेतु विभाग द्वारा 26 मई, 2022 को 'हर खेत-स्वस्थ खेत' का पोर्टल लॉन्च किया गया।

# जन्मभूमि के दर्शन कर गौरवान्वित हुई ओडिसा की शशि पूनिया

**आभार**

▶▶ **ओडिसा को थीम स्टेट बनाए जाने पर हरियाणा सरकार के प्रति जताया आभार**

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले के रूप में विख्यात सूरजकुंड की धरती पर इस साल ओडिसा को थीम स्टेट चुने जाने से इस राज्य के पुराने बाशिंदे भी काफी प्रसन्न नजर आ रहे हैं। अपने बाल्यकाल को ओडिसा में बिता कर आईं झज्जर निवासी शशि पूनिया कुछ ऐसा ही गौरव महसूस कर रही हैं। उन्होंने



ओडिसा को थीम स्टेट बनाए जाने पर तहेदिल से हरियाणा सरकार का शुक्रिया अदा किया है। मेले में ओडिसा की बनी कलाकृतियों की खरीद कर रही शशि पूनिया ने बताया कि उनका जन्म ओडिसा के राजगांगपुर जिला सुंदरगढ़ में वर्ष 1960 में हुआ था। उन्होंने अपना बचपन राउरकेला और उसके आसपास के शहरों में बिताया है। वह भले ही विवाह के उपरांत हरियाणा में आ गई हों, लेकिन ओडिसा आज तक उनके दिल में बसता है। उन्होंने कहा कि ओडिसा राज्य लोकनृत्य, हस्तशिल्प, बुनकारी, काष्ठ कला, मूर्तिकला आदि के क्षेत्र में प्रसिद्ध रहा है। सूरजकुंड में इस राज्य को थीम स्टेट बनाए जाने से यहां आ रहे पर्यटकों को भी ओडिसा की समृद्ध कलाओं के बारे में जानने का अवसर का प्राप्त होगा।

शशि पूनिया ने सूरजकुंड की भूमि पर बनाए गए ओडिसा पेवेलियन में बने भगवान जगन्नाथ के मंदिर में पूजा-अर्चना की और उसके बाद मेले में घूमकर खरीददारी का आनंद लिया। वह यहां आकर काफी अभिभूत हैं और उनको लगता है कि हरियाणा में ही जैसे उन्हें अपनी जन्मभूमि के दर्शन हो गए हो। उनके पति हरियाणा के झज्जर जिला निवासी उदयभान पूनिया ने बताया कि वे हर बार सूरजकुंड मेले में पहुंचते हैं।

# एससी-एसटी विद्यार्थियों का बीएएम, बीएससीएम और बीकॉमएफ पाठ्यक्रमों में निशुल्क दाखिला

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्मपाल ने बताया की एससी-एसटी विद्यार्थी जिन्होंने अभी दस जमा दो कक्षा की परीक्षा पास की है ,वे सभी इग्नू के तीन ग्रेजुएशन पाठ्यक्रमों बीएएम, बीएससीएम और बीकॉमएफ कोर्स में निशुल्क दाखिला ले सकते हैं। निशुल्क दाखिले के लिए विद्यार्थी के माता पिता की वार्षिक आय ढाई लाख रुपये सालाना से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्हें सिर्फ 300 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस और 200 रुपए डेवलपमेंट फीस देनी होगी। उन्होंने बताया कि इग्नू में दाखिला इग्नू की ऑफिशियल वेबसाइट / पर जाकर करवा सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि यदि कोई विद्यार्थी नौकरी करते हुए या अपना काम करते हुए उच्च शिक्षा हासिल करना चाहता है तो इग्नू की दूरस्थ शिक्षा प्रणाली ऐसे विद्यार्थियों के लिए एक अवसर की तरह है। इग्नू में जनवरी 2025 सेशन के लिए एडमिशन अभी चल रहे है।

इग्नू के विभिन्न सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन में 300 से अधिक पाठ्यक्रमों में एडमिशन ले सकते हैं। प्रवेश के लिए कोई भी अधिकतम आयु सीमा नहीं है।

# मुख्यमंत्री और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष पर टिप्पणियों के लिए कैबिनेट मंत्री विज से मांगा जवाब

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़। हरियाणा के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री अनिल विज को ओर से हाल ही में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली पर की गई टिप्पणियों के लिए जवाब मांगा गया है। विज को सोमवार को जारी नोटिस में तीन दिन में जवाब देने को कहा गया है।

हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली की ओर से जारी किए गए नोटिस में कहा गया है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर यह नोटिस जारी किया जा रहा है। नोटिस में विज को संबोधित करते हुए कहा गया है कि हाल में आपकी ओर से सार्वजनिक रूप से ऐसे समय में मुख्यमंत्री और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ बयान जारी किए गए जबकि पड़ोसी राज्य में चुनाव थे।

नोटिस में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उनका इस तरह बयान देना पार्टी की नीति और आंतरिक अनुशासन के खिलाफ है इसलिए तीन दिन में जवाब दिया जाए.उल्लेखनीय है कि ऊर्जा,परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने हाल में मुख्यमंत्री नायब सैनी की कार्यप्रणाली की कड़ी आलोचना की थी। विज ने कहा था कि नायब सैनी मुख्यमंत्री बनने के बाद लगातार उड़न खटोले पर सवार रहते है।

# प्रदेश सरकार ने पहले 100 दिन में अपने किए वादों को पूरा करने का किया काम: विपुल गोयल*

**वादे पूरे किए**

▶▶ **प्रदेश सरकार ने पहले 100 दिन में अपने किए वादे पूरे करने का काम किया है: विपुल गोयल**



**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय एवं नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने पहले 100 दिन में अपने किए वादे पूरे करने का काम किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जो वादा विधानसभा चुनाव में किया था उन्होंने शपथ लेने से पहले वह वादा पूरा किया और 25000 युवाओं को बिना खर्ची, बिना पर्ची और पारदर्शिता के साथ सरकारी नौकरी देने का काम किया। विपुल गोयल ने यह बात आज पंचकूला में आयोजित एक कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि हिसार एयरपोर्ट का संचालन जल्द शुरू होगा। इसके लिए भारत सरकार से मिलने वाला लाइसेंस हमें कुछ ही दिनों में प्राप्त हो जाएगा। इसके अलावा, अंबाला एयरपोर्ट से भी जल्द ही फ्लाइट शुरू होगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार गुरुग्राम, फरीदाबाद और हिसार से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की दिशा में काम कर रही है।

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार जनता के हित में दिन रात कार्य कर रही है। पिछले लगभग साढ़े दस सालों से प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के हित में समान रूप से विकास कार्य करवा रही है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल हमारी सरकार को पोर्टल की सरकार कहते हैं, उसी पोर्टल की सरकार पर हरियाणा की जनता ने तीसरी बार मोहर लगाई है और हमें सेवा का मौका दिया है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में पहले 100 दिनों के अंदर प्रदेश में समाधान शिविरों के माध्यम से 75000 से अधिक शिकायतों का समाधान किया, जिससे लोगों को राहत मिली है। इतना ही नहीं पोर्टल पर आई 45000 से अधिक शिकायतों को भी इन 100 दिनों में हमारी सरकार ने सुना और उनका समाधान किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने केवल प्रदेश के युवाओं बल्कि महिलाओं, व्यापारियों के साथ-साथ सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। हमारी करनी और कथनी में कोई अंतर नहीं है इसीलिए प्रदेश की जनता हम पर विश्वास कर रही है। इसी विश्वास का परिणाम है कि दिल्ली में भी हमें जनता ने आशीर्वाद दिया है।

मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि हमारा उद्देश्य भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना है ताकि लोगों को आसानी हो। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कुछ भ्रष्ट कर्मचारियों की सूची के एक प्रश्न पर मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि हमारा ध्येय किसी को प्रताड़ित करना नहीं है बल्कि जनता को साफ सुथरा प्रशासन देना है।

# इस भारत में हरियाणा गीत से पद्म महावीर गुड्डू ने सांस्कृतिक संध्या में बांधा समां

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़:
सुण ले मेरा ठिकाणा... इस भारत में हरियाणा गीतों की सुरीली सांझ में रविवार की शाम सूरजकुंड मेला परिसर गुंजायमान हो गया। फरीदाबाद में 38वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेला की चौपाल पर जब पद्मअवार्डी विख्यात आर्टिस्ट महावीर गुड्डू ने अपनी प्रस्तुति दी तो पूरा मेला परिसर हरियाणवी सांस्कृतिक रंग से सराबोर हो गया।

गौरतलब है कि मेला परिसर में 23 फरवरी तक रोजाना मुख्य चौपाल व अन्य सांस्कृतिक मंचों पर देश-विदेश के प्रख्यात कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां देते हुए मेले को



शोभायमान किया जा रहा है। पर्यटन निगम व कला एवं सांस्कृतिक विभाग हरियाणा की तरफ से प्रतिदिन शाम के समय सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का बेहतरीन आयोजन किया जा रहा है। हर संध्या पर देश के जाने-माने कलाकार अपनी गायकी के जादू से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं।

इसी कड़ी में रविवार को सांस्कृतिक संध्या में हरियाणा के प्रसिद्ध लोक कलाकार पद्ममहावीर गुड्डू ने बड़ी चौपाल पर हरियाणवी संस्कृति पर आधारित गायकी से देर रात तक दर्शकों का मनोरंजन किया। सूरजकुंड मेले की रविवार की सांस्कृतिक संध्या में जब लोक कलाकार महावीर गुड्डू ने सुण ले

**बिखेरा**

▶▶ **बड़ी चौपाल पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में लोक गायक महावीर गुड्डू ने गीतों से सुनाई हरियाणवी**

मेरा ठिकाणा... इस भारत में हरियाणा गीत गाकर वहां उपस्थित लोगों में जोश भर दिया। इसके अलावा बल्लभगढ़ के महान क्रांतिकारी राजा नाहर सिंह की वीरगाथा पर आधारित ...सन 1858 की हम 9 जनवरी भूले ना... को गीत के माध्यम से सुनाया तो पंडाल में सभी दर्शक महान क्रांतिकारी को याद कर भावुक हो गए। इसी क्रम में उन्होंने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत व रागनियां गाईं, जिनमें भगत सिंह कदै जी घबरा ज्या तेरा बंद मकान में, मेरा रंग दे बसंती चोला आदि से देशभक्ति का जज्बा भर दिया।

इसी तरह कलाकार महावीर गुड्डू और उनकी टीम ने हरियाणवी संस्कृति पर आधारित गायकी का जादू पंडाल में बिखेरा। इनमें चंदन की मेरी पाटरी, पानी आली पानी पिया दे, क्यूं ठाके ढोल खड्डी हो गी.., तू राजा की राज दुलारी में कुंडी सोटे आला सूं और आजा गौरी बैठ जीप में... मेरी जीप रोड की रानी आदि गीत गाकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

# सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने सपरिवार संगम में लगाई डुबकी

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: हरियाणा के सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने महाकुंभ के पावन अवसर पर प्रयागराज पहुंचकर त्रिवेणी संगम पर सपरिवार डुबकी लगाई व वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि व ऊर्जा के लिए मंगलकामना व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा के और तेजी से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने की कामना की है। सोमवार को सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा अपनी धर्मपत्नी डॉ रीटा शर्मा व अन्य परिजनों के साथ माँ गंगा, यमुना व सरस्वती के संगम स्थल पर



पहुंचे तथा पवित्र महाकुंभ स्नान किया। कैबिनेट मंत्री डॉ शर्मा ने इस दौरान साधु-संतों का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं के लिए किए गए प्रबंधों की सराहना करते हुए कहा कि करोड़ों नागरिकों को व्यवस्थित तरीके से मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। अब तक 43 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं द्वारा स्नान किए जाने से यह स्पष्ट होता है कि देश ही नहीं, दुनिया भर में श्रद्धालु महाकुंभ स्नान को लेकर कितने अधिक ऊर्जा में हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में हरियाणा से आए श्रद्धालुओं के साथ भी उनका संवाद हुआ, जिसमें कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि 144 साल बाद आए महाकुंभ स्नान की पवित्रता से हम धन्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में श्रद्धालुओं को मुख्यमंत्री तीर्थ धाम योजना के तहत इस पवित्र स्नान का शुभ अवसर भी उपलब्ध करवाया गया है।

# निर्वाचन आयुक्त-मुख्य सचिव ने की निकाय चुनाव तैयारियों की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने राज्य निर्वाचन आयुक्त धनपत सिंह को आश्वासन दिया है कि आगामी नगर निकाय चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में प्रशासन पूरा सहयोग देगा। हरियाणा राज्य निर्वाचन आयुक्त और मुख्य सचिव ने आज यहां राज्य में नगर निकायों के आम चुनावों की तैयारियों के संबंध में संयुक्त रूप से एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान आदर्श आचार संहिता लागू करने, कानून एवं व्यवस्था, बिजली आपूर्ति, जलापूर्ति एवं स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाएं, आबकारी एवं कराधान तथा अन्य मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक के दौरान, धनपत सिंह ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में 8 नगर निगमों के महापौर और सभी वार्डों के पार्षदों, 4 नगर परिषदों और 21 नगर पालिकाओं के अध्यक्षों और सभी वार्डों के पार्षदों के आम चुनाव तथा नगर निगम अंबाला व सोनीपत के महापौर, नगर परिषद सोहना (गुरुग्राम) और नगर पालिका असंध (करनाल) तथा इस्माइलाबाद (कुरुक्षेत्र) के अध्यक्ष पद के लिए उप-चुनाव करवाने का निर्णय लिया है। इसके अलावा, नगर पालिका, लाडवा (कुरुक्षेत्र) के वार्ड नंबर 11, नगर पालिका, सफीदों (जींद) के वार्ड नंबर 14 और नगर पालिका, तरावड़ी (करनाल) के वार्ड नंबर 5 के पार्षदों के लिए भी उप-चुनाव होना है। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार नगर निगम, पानीपत को छोड़कर, इन नगर निकायों के आम/उपचुनावों के लिए मतदान 2 मार्च को होगा। नगर निगम, पानीपत के मेयर और वार्ड पार्षदों के लिए मतदान 9 मार्च को होगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने आगे बताया कि 33 नगर निकायों में

**बैठक**

▶▶ **चुनावों के सुचारू संचालन में राज्य निर्वाचन आयोग को दिया जाएगा पूरा सहयोग: मुख्य सचिव**

कुल 644 वार्ड होंगी, जहां मतदान होगा। इसमें अनुसूचित जाति के लिए 78, अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए 55, पिछड़ा वर्ग (ए) के लिए 29, पिछड़ा वर्ग (ए) की महिलाओं के लिए 34, पिछड़ा वर्ग (बी) के लिए 08, पिछड़ा वर्ग (बी) की महिलाओं के लिए 30, महिलाओं के लिए 111 और अनारक्षित श्रेणियों के लिए 299 वार्ड शामिल हैं। धनपत सिंह ने बताया कि आगामी नगर निकाय चुनावों के लिए मतदाता आंकड़े जारी किए गए हैं, जिसके अनुसार पानीपत को छोड़कर 33 नगर निकायों में कुल 45,26,227 पंजीकृत मतदाता हैं। इसमें 24,03,004 पुरुष मतदाता, 21,23,072 महिला मतदाता और 151 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं।

# सृजनोत्सव 2025: कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के भव्य सभागार में किड्जी स्कूल एवं किड्स प्लैनेट प्रेम पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित सृजनोत्सव 2025 का वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षा, समाजसेवा एवं विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, हरियाणा शुगर फेडरेशन के अध्यक्ष धर्मवीर डागर, हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, परमिंदर बाठ



निदेशक एवं संचालक किडजी स्कूल एवं किड्स प्लैनेट प्रेम पब्लिक स्कूल, प्रिंसिपल सुनीता सैनी समाज भवन के प्रधान गुरनाम सैनी, जी लर्न के वरिष्ठ अधिकारी सुमंत, सुप्रसिद्ध मंच संचालक आर.के. मोहित गुप्ता, प्रोफेसर आर.के. देसवाल (पूर्व अध्यक्ष, फिलॉसफी विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय), वरिष्ठ पत्रकार सौरभ चौधरी, डॉ. कुलदीप आर्य (धरोहर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय), डॉ. तरसेम कौशिक (जिला विज्ञान विशेषज्ञ एवं प्रधान हसला कुरुक्षेत्र), डॉ. करण सभ्रवाल, आनंद भारद्वाज, अश्विंदर सिंह (प्रेसिडेंट, किड्स प्लैनेट प्रेम पब्लिक स्कूल), राजेंद्र सैनी एवं डॉ. केवल कृष्ण (प्रधान, ऑल अर्बन एस्टेट रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन कुरुक्षेत्र) द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।कार्यक्रम की मुख्य विशेषता बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए धार्मिक, सांस्कृतिक एवं देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियाँ रहीं, जिन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने भारतीय संस्कृति, संस्कार एवं देशप्रेम का जीवंत प्रदर्शन किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. पवन सैनी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा,"बच्चे देश का भविष्य हैं। उनके अंदर संस्कार और नैतिक मूल्यों का विकास बचपन से ही होना चाहिए। यह वार्षिकोत्सव बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। मैं किड्जी स्कूल और किड्स प्लैनेट प्रेम पब्लिक स्कूल को इस उत्कृष्ट आयोजन के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ।"हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर ने भी इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा, "विद्यालय का वार्षिकोत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण अवसर होता है। बच्चों द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम भावनाओं से भर देने वाले थे।"

# किसानों ने समस्याओं के समाधान को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर। भारतीय किसान** यूनियन अम्बावता ग्रुप की मासिक बैठक जयभगवान मलिक (सूबेदार भूतपूर्व) की अध्यक्षता में हुई। बैठक में काफी संख्या में किसानों ने भाग लिया और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग करते हुए गन्नौर के एसडीएम को भी ज्ञापन सौंपा। किसानों ने प्रशासन से ज्ञापन में मांग की कि गन्नौर से खुबडू गांव को जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य बीच-बीच में छोड़ दिया गया है। सड़क निर्माण के टैंडर का समय भी पूरा हो चुका है। इसलिए ठेकेदार पर जुर्माना करने के साथ सड़क का निर्माण कार्य पूरा करवाया जाए। किसानों को गन्ना शुगर मिल में लेकर जाने में



दिक्कत होती है। दूसरी मांग में किसानों ने बताया कि राजपुरा माईनर की गांव राजपुर के पास से सफाई करवाने के साथ माइनर में पानी छोड़ा जाए। इस समय गेंहू में सिंचाई करने का काम चल रहा है। शहर में दोनो तरफ अतिक्रमण दुकानदारों ,द्वारा किया गया है। जिससे अवागमन में परेशानी होती है। किसानों ने सड़क से अतिक्रमण हटाने की मांग की। इस मौके पर जीत सिंह, नफे सिंह, ब्लाकध्यक्ष बलजीत मलिक, बलराम,जगबीर,रंग लाल,दलबीर, रणधीर,राजेन्द्र, सुलतान, कर्मबीर आदि मौजूद थे।

# बाल भवन स्कूल के छात्रों की पुस्तक मेले के लिए शैक्षिक यात्रा



टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर। बाल भवन** इंटरनेशनल स्कूल के छात्रावास के छात्रों ने प्रगति मैदान में आयोजित पुस्तक मेले की यात्रा की। यह यात्रा छात्रों को विभिन्न प्रकार की पुस्तकों से परिचित कराने और उन्हें पढ़ने की आदत डालने के लिए आयोजित की गई थी। यात्रा के दौरान, छात्रों ने विभिन्न प्रकाशकों द्वारा प्रदर्शित पुस्तकों को देखा और उन्हें पढ़ने का अवसर प्राप्त किया। छात्रों ने पुस्तकों की विविधता और उनकी सामग्री की गुणवत्ता की प्रशंसा की। स्कूल के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता जी ने कहा कि यात्रा छात्रों के लिए एक अद्वितीय अवसर था।

# एसोसिएशन द्वारा दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय के भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग की आवर्ती फिजिक्स एसोसिएशन द्वारा दो दिवसीय खेल महोत्सव आवेग-2025 का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों के बीच आपसी समन्वय बढ़ाने में मददगार साबित होते हैं। प्रो. सुनील कुमार ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए शारीरिक गतिविधियों में अधिक हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यार्थियों को अध्यापन के साथ-साथ खेलों



में भी रुचि लेनी चाहिए, क्योंकि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि मानसिक और शारीरिक बीमारियों से भी दूर रखते हैं। दो दिवसीय इस आयोजन के पहले दिन कैरम बोर्ड, शतरंज, और क्यूबिक बॉक्स जैसी बौद्धिक क्षमता को परखने वाली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन के दूसरे दिन विश्वविद्यालय के खेल परिसर में कबड्डी, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, शॉटपुट, लंबी कूद और खो-खो आउटडोर खेलों का आयोजन किया गया। इसके साथ सैक रेस, तीन-पैर दौड़ और नींबू-चम्मच दौड़ जैसे मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार व भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव सहित एसोसिएशन की अध्यक्ष एवं सहायक आचार्य डॉ. मीनू ठाकुर, संकाय सदस्य डॉ. अंकुश विज, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. रमनदीप और डॉ. प्रिया रानी भी उपस्थित रहे। आवर्ती फिजिक्स एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. मीनू ठाकुर ने बताया कि विभाग प्रत्येक वर्ष विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन करता है। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाता है।

## न्यूज फ्लैश

# प्रयास इंटरनैशनल स्कूल में प्रधानमंत्री मोदी को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को ध्यान से सुना



**गन्नौर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ परीक्षा से संबंधित तनाव और चुनौतियों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छात्रों से कहा है कि वे खुद से प्रतिस्पर्धा करें, न कि दूसरों से, वे नियमित रूप से लिखने की आदत को विकसित करें। उन्होंने छात्रों को परीक्षा के दबाव को संभालने के लिए कई सुझाव दिए हैं। स्कूल के कक्षा छठी से कक्षा 12वीं तक के छात्रों और शिक्षकों परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र छाबड़ा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा केवल एक पड़ाव है, जीवन का उद्देश्य इससे बहुत बड़ा है। उप प्रधानाचार्य दीपमाला ने कहा कि हमारा उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ जीवन के मूल्यों को भी सिखाना है। हमें उम्मीद है कि कार्यक्रम छात्रों के लिए प्रेरणादायक साबित होगा। छात्रों ने परीक्षा से संबंधित अपने अनुभव और चिंताओं को साझा किया। उपस्थित शिक्षकों ने उन्हें सलाह और मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रधानाचार्य ने प्रधानमंत्री का ऐसे कार्यक्रम के लिए सराहना करते हुए कहा कि कार्यक्रम विद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नवनियुक्त ब्लाक समिति चेयरमैन का बली सेना ने किया स्वागत



**गन्नौर। बली सेना** की टीम द्वारा सर्वसम्मति से नवनियुक्त ब्लाक समिति के चैयरमैन अनिल भोगीपुर, राजलू गढ़ी का सामुदायिक केन्द्र में सम्मान किया गया। नवनियुक्त चेयरमैन अनिल ने कहा कि सभी ब्लाक समिति सदस्यों का वे आभार व्यक्त करते है। उन्होंने कहा कि सदस्यों ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, उसका वे ईमानदारी से निर्वहन करते हुए सभी कार्य को करवाने का समान काम करेंगे। इस मौके पर रवि फौजी, राकेश मकवाना, नरेश चन्देलिया, नरेश सुद, ओमप्रकाश खांडा, रघबीर, बिन्द्र, सुरेन्द्र, श्याम पहलवान, संदीप पहल आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

# संतुलित पशु आहार प्रबंधन पर जागरुकता शिविर का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़। कृषि विज्ञान** केंद्र द्वारा सोमवार को सहगल फाउंडेशन के साथ मिलकर संतुलित पशु आहार प्रबंधन पर जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। केंद्र के वरिष्ठ संयोजक डॉ. जयलाल यादव ने बताया कि इस शिविर का आयोजन अनुसूचित जाति उपपरियोजना के तहत किया गया, जिससे शुष्क क्षेत्रों में पशुधन से अधिक से अधिक आय उपार्जन किया जा सके। शिविर में पशु आहार विशेषज्ञ डॉ. ज्योति ने बताया कि पशु आहार में खनिज मिश्रण का बहुत महत्व है। किसान पीढ़ी दर पीढ़ी ज्ञात हुए पारंपरिक ज्ञान के आधार पर या स्थानीय क्षेत्र में उपलब्ध एक या दो ही



खाद्य पदार्थ का इस्तेमाल करते है, जिससे पशुओं में अमूमन खनिजों की कमी हो जाती है। उन्होंने बताया कि शरीर में खनिजों की कमी के कारण पशु के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है और पशु में नई प्रकार के रोग और समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। इससे पशु की प्रजनन क्षमता भी प्रभावित होती है और पशु दूध भी कम देता है। शिविर के दौरान पौधरोग विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र यादव ने खरीफ व रबी में बोई जाने वाली चार फसलों के बारे में जानकारी दी। शिविर के दौरान 50 महिलाओं को खनिज मिश्रण वितरित किया गया व उन्हें बताया गया कि रिवासा गांव में पशुपालकों के लिए कार्यरत पशु विज्ञान केंद्र से खनिज मिश्रण प्राप्त किया जा सकता है। इस शिविर में महेंद्रगढ़ ब्लॉक के 15 गांव देवास, भांडोर ऊंची, भांडोर नीची, जासावास, खेड़की, पल्ह, पाल, गडानिया, कोथल खुर्द, कोथल कलां आदि में सहगल फाउंडेशन के तहत कार्यरत पशु सखियों ने भी भाग लिया। डॉ. पूनम यादव ने केंद्र द्वारा अनुसूचित जाति के लिए चल रही परियोजना के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में सहगल फाउंडेशन के परियोजना सहायक रामदिया, संजय, चरण सिंह, पूजा, पुष्पा उपस्थित रहीं। शिविर की समाप्ति पर डॉ. स्नेह यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी पशुपालकों का धन्यवाद किया।

# गांव में हो रही दूषित पेयजल सप्लाई, ग्रामीणों में सता रहा बीमारी फैलने का डर

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर। लल्हेड़ी गांव** में दूषित पेयजल सप्लाई का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गांव में पिछले कई महीनों से दूषित पानी की सप्लाई हो रही है। इससे लोगों को बीमार होने की परेशानी सता रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से बार-बार गुहार लगाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा। ग्रामीण जयभगवान मलिक ने बताया कि गांव में पिछले कई महीनों से दूषित पानी की सप्लाई हो रही है। सप्लाई किए गए पानी में मिट्टी के साथ-साथ केमिकल



की दुर्गंध आती है। इस पानी को नहाने-धोने के लिए भी काम में मुश्किल है, पेयजल के बंदोबस्त के लिए रोजना मशक्कत करनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि यह समस्या काफी समय से बनी हुई है।

# दिल्ली के लोगों ने प्रधानमंत्री व भाजपा की जनकल्याणकारी और विकासात्मक परियोजनाओं को समझा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। दिल्ली विधानसभा** चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत से नेताओं व पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। लड्डू बांटकर व ढोल नगाड़े बजाकर जश्न मनाया जा रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं किसान मोर्चा निवर्तमान प्रदेश महामंत्री राजेंद्र संधू ने प्रचंड जीत पर बधाई देते हुए कहा कि भाजपा पार्टी ने दो तिहाई बहुमत हासिल करके इतिहास रच दिया है। भारतीय जनता पार्टी ने मजबूती के साथ दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ा है। इस प्रचंड जीत का श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शीर्ष नेतृत्व व हर छोटे बड़े कार्यकर्ताओं को जाता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने भाजपा पार्टी को बहुमत से जीत दिलाकर नरेंद्र मोदी की गारंटी पर विश्वास जताया है। जनता ने दिल्ली में विश्वास का कमल खिलाया है। दिल्ली की जनता ने बहुमत दिलाकर साबित कर दिया है कि दिल्ली का भविष्य भाजपा जैसी पार्टी के हाथों में ही सुरक्षित हो सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दिल्ली को ही नहीं बल्कि लोगों के दिलों को भी जीत लिया है। इससे पूरे देश में जश्न का माहौल है। दिल्ली के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकासात्मक परियोजनाओं को समझा है। संधू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास और तरक्की के क्षेत्र में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। जिस तरह से भाजपा पार्टी ने हरियाणा सहित अन्य क्षेत्रों में विकास करवाकर लोगों को इसका लाभ दिया है।

# नेटबॉल में राजलू गढ़ी के कार्तिक राठी ने फाईनल में जीता गोल्ड मेडल

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर। देहरादून में** खेले जा रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा नेटबॉल ट्रेडिनशनल की पुरूष व महिला दोनों वर्ग की टीमों ने फाईनल में स्वर्ण पदक जीता। जिसमें नेटबाल के खिलाड़ी गांव राजलू गढ़ी के कार्तिक राठी पुत्र स्वर्गीय सुधीर राठी ने बेहतर प्रदर्शन किया। पदक जितने की खुशी में कार्तिक राठी की दादी मूर्ति देवी, मां रीना राठी, चाचा सुनील राठी ने बधाई दी। खिलाड़ी हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन महासचिव बबीता ने बताया कि हरियाणा नेटबॉल की पुरूष वर्ग की टीम का फाइनल




मैच उत्तराखंड के बीच खेला गया, हरियाणा टीम ने 74-71 अंक से जीत हासिल की, जिसमें सोनीपत के गांव राजलू गढ़ी के खिलाड़ी कार्तिक राठी, जतिन दहिया,विकास शर्मा, आर्यन दहिया की मेडल दिलाने में अहम भागीदारी रही।

# जुआ खेलते 6 जुआरी गिरफ्तार, 7.75 लाख नकदी बरामद

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिला में कंबोपुरा** गांव की आदर्श कालोनी में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जुए के अड्डे पर छापा मारा और छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। यहां एक निमार्णाधीन मकान में ताश के पत्तों पर लाखों की बाजी लगाई जा रही थी। पुलिस ने मौके से 7 लाख 75 हजार 130 रुपए नकद और 52 पत्तों की ताश बरामद की। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना मधुबन पुलिस को सूचना मिली थी कि आदर्श कॉलोनी में एक निर्माणाधीन मकान में कुछ लोग बड़े स्तर पर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम ने



तुरंत कार्रवाई करते हुए वहां दबिश दी। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर सभी को मौके पर ही पकड़ लिया। गांव चोपड़ा फिलहाल आदर्श कॉलोनी कंबोपुरा का रहने वाला अंकुश कुमार, हाउसिंग बोर्ड सेक्टर-4 का बलजीत, गांव धीड का निगम, सेक्टर 13 का राकेश, दयाल सिंह कॉलोनी का पारस, सेक्टर 6 के रहने वाले सुमित को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे जल्द अमीर बनने के चक्कर में मोटी रकम लगाकर जुआ खेल रहे थे। वे लंबे समय से इस धंधे में सक्रिय थे और बड़े स्तर पर जुआ खेलते थे। पुलिस को संदेह है कि इस गिरोह में और भी लोग शामिल हो सकते हैं। थाना मधुबन एसएचओ गौरव पुनिया ने कहा कि जिले में जुए और सट्टे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की नजर ऐसे लोगों पर बनी हुई है, जो इस तरह की गतिविधियों में शामिल हैं। मामले की जांच जारी है और यह भी देखा जा रहा है कि आरोपियों के साथ कोई और बड़ा नाम तो नहीं जुड़ा है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# पुलिस ने नियम तोड़ने वालों के खिलाफ चलाया अभियान, दर्जल चालान काटे

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर। सड़क सुरक्षा को** ध्यान में रखते हुए जी टी रोड ट्रैफिक चौकी प्रभारी शमशेर दहिया के नेतृत्व में पुलिस ने दर्जन वाहन चालकों के चालान काटे। उनमें अधिकतर बिना हैल्मेट के दुपहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के थे। सोमवार को प्रभारी दहिया के नेतृत्व में पुलिस कर्मी शहर के मुख्य रेलवे रोड के देवीलाल चौक पर पहुंचे और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने



दर्जन वाहनों के चालान किए। चौकी प्रभारी शमशेर दहिया ने कहा कि पुलिस द्वारा अभियान आगे भी जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने हैलमेट पहनकर वाहन चलाने वालों को समझाया कि हैलमेट पहनना केवल सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने व चालान से बचने के लिए जरूरी नही है। हैलमेट सबसे ज्यादा दुर्घटना होने पर आपकी जान की सुरक्षा करता है।

# रेशमा कल्याण मीरा के लेखन में गहरी तड़प, हर किसी के मन तक पहुंचती हैं रेशमा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। रविवार का** दिन लेखिका रेशमा कल्याण मीरा की कविताओं व कहानी संग्रह पर आधारित उनकी तीन नई पुस्तकों के विमोचन के साथ साथ उनकी नाट्य आतंरिक अभिनय प्रतिभा के मंचन का अविस्मरणीय दिन था। लेखिका रेशमा कल्याण मीरा के दो काव्य संग्रह किश्ती बादबानी (दास्तानों की नज्मगोई) अकेला लैंप पोस्ट व लघु कथा संग्रह मुरव्वा से मोक्ष तक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के उपाध्यक्ष डा. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने रेशमा कल्याण के लेखन को उच्च श्रेणी के लेखन का नाम देते हुए उनसे लगातार लिखने का



आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रेशमा ने अपनी कविताओं में नारीमन की सूक्ष्म परतों को खोलने का प्रयास किया है, उनके लेखन में ऐसी तड़प है जो हर किसी के मन तक पहुंचती है। उनका लेखन उच्च कोटि का है, वे बहुमुखी प्रतिभा की धनी हैं, उनकी कविताएं भीतर से अकेले आदमी के दर्द को बयां करती हैं। आमतौर पर राजनीतिक घरानों में साहित्य पर राजनीति हावी होती है, लेकिन यहां साहित्य राजनीति पर हावी है। कुछ ऐसा देखने को नहीं मिला, ये बड़ी बात है। 'रेशमा कल्याण हृदय से लिखती हैं, इसलिए उनकी रचनाएं दिल को छूती हैं। हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक व उपाध्यक्ष व निदेशक हरियाणा उर्दू अकादमी डा. चंदर त्रिखा ने कहा कि रेशमा कल्याण अजूबा हैं, क्योंकि वो कविता, कहानी, पेंटिंग, रंगमंच में भी अव्वल हैं, वे संवेदनशील हैं, संवेदनशीलता ही रचनाकार को उम्दा रचनाकार बनाती है, लेकिन अफसोस इस बात का है कि आज संवेदनशीलता गुम होती जा रही है। ऐसे में रेशमा कल्याण जैसे रचनाकारों की जरूरत और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि अकेला लैंप पोस्ट सहित तीनो संग्रहों में कवियत्री ने छोटी-छोटी संवेदनाओं को जीने का प्रयास किया है। रिटायर्ड आईएएस साहित्यकार डा.सुमेधा कटारिया ने कहा कि जिस तरह से नारीमन के अंतर्मन की गंभीर व्याख्या लेखिका रेशमा कल्याण ने की है, वह जीवन की सच्चाई है, हर महिला को अपने अपने मोर्चे पर ये सहना होता है। उन्होंने दोनों काव्य संग्रह व लघु कथा संग्रह को आमजन से पढ़ने का आग्रह किया। इससे पहले डा.राधेश्याम भारतीय ने मुरव्वा से मोक्ष तक के कहानियों के संग्रह को प्रेम के इंद्रधनुषीय रंगों से सजी कहानियों के संग्रह का नाम दिया। उन्होंने बताया कि कैसे एक एक कहानी मोतियों की तरह जड़ी है। लेखिका रेशमा कल्याण मीरा ने अपने कलम के सफर में बताया कि 15 साल की उम्र में उन्होंने पहली रचना लिखी थी उस समय इतना पता नहीं था, लेकिन आज जब साढ़े चार साल के बाद इन तीन पुस्तकों का विमोचन हो रहा है तो उनके दादा जी स्वर्गीय बाबा साहब नाइक व बुआ जी सुमती चव्हाण की दुआओं का असर लगता है।

## संपादकीय

# लोकतंत्र की चेतना

**राजनैतिक** गतिविधियों को जानता-परखता जन-समुदाय अपने आप को शिक्षित-प्रशिक्षित भी करता चलता है। ऐसे में वादों, नारों, गारंटियों और संकल्पों को लेकर सतही राजनैतिक प्रचार का अर्थ भी जनता को धीरे-धीरे ही सही समझ में आने लगता है । भरोसे का संकट कुछ इतना बढ़ गया है कि अब जनता संदेश देने वालों की विश्वसनीयता और वैधता को सुनिश्चित करने की कोशिश करती है और उसके बाद ही स्वीकार करती है। दूसरे शब्दों में राजनीति के मैदान में अंततः पार्टी और नेता की साख ही निर्णायक सिद्ध होती है। दिल्ली में हुई उठापटक यह बखूबी दिखा रही है कि सतही राजनीति जो झूठे सपनों और भ्रमों की बैसाखी पर टिकी हो ज्यादा दिन नहीं चल पाती है । दिल्ली विधानसभा के ताजे चुनावी परिणाम विस्मयजनक हैं और बहुत कुछ कह रहे हैं। ये परिणाम सिर्फ सरकार के बदलाव यानी सत्ता-परिवर्तन को हो इंगित नहीं कर रहे बल्कि भारतीय लोकतंत्र की राजनीतिक संस्कृति के उतार-चढ़ाव की अंतर्निहित प्रवृत्तियों को भी रेखांकित कर रहे हैं । समय गवाह है कि देश की प्राचीनतम पार्टी कांग्रेस दिल्ली में विधानसभा हो या लोकसभा किसी भी चुनाव में अपनी उपस्थिति दर्ज कर पाने में तीन-तीन बार लगातार असफल होती रही । कभी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपने देशभक्ति के मूल्यों के साथ अस्तित्व में आई थी। परतंत्र भारत को अंग्रेजों से आजादी दिलाने के प्रयास में वह मुख्य भूमिका में रही थी। इसका ही सुफल था कि 1947 में स्वतंत्र होने के बाद आधी सदी से कुछ अधिक समय तक कांग्रेस का भारत में अबाध शासन चलता रहा। उसे जनता ने सिर आंखों पर धारण किया। परिस्थितियां बदलीं और कांग्रेस की अपनी आंतरिक सत्ता की लड़ाई और विभिन्न मोर्चों पर असफलता के चलते उसे सत्ता से बेदखल होना पड़ा। आज की स्थिति यह है कि कांग्रेस जीवित तो है पर उसका दम-खम जाता रहा। नए कांग्रेसी नेतृत्व और अन्य विपक्षी दलों द्वारा वर्तमान सत्ता पक्ष पर किस्म-किस्म के तमाम आरोप लगते रहे हैं। अन्य दलों के साथ जुड़ कर कांग्रेस की अगुवाई में इंडी नाम से एक विरोध-मंच भी सक्रिय किया गया। चुनावी हार होने पर निर्वाचन आयोग और ईवीएम को लेकर खासतौर पर पेश की जाने वाली अनर्गल शंकाओं का एक स्थायी राग चलता रहा। इस चुनाव में भी यह सब कहा जाता रहा पर किसी काम नहीं आया । यह खेदजनक है कि पार्टी के लोक-लुभावन वादों के बावजूद दिल्ली चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवारों की जमानत अधिकांश सीटों पर जप्त हो गई । दल का यह खराब प्रदर्शन स्पष्ट रूप से उसकी रीति-नीति और विचारधारा को प्रश्नांकित करता और जनता की अस्वीकृति को ही जताता है। दिल्ली के राजनीतिक पटल पर कांग्रेस की गैर मौजूदगी भारी विफलता ही कही जाएगी। इस दयनीय अवस्था पर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को गंभीरतापूर्वक सोचने की जरूरत है । एक सजग और मजबूत विपक्ष लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। दूसरी कहानी आम आदमी पार्टी (आआपा) की है। भारत के सामाजिक - राजनैतिक क्षितिज पर उभरने वाला नवीनतम राजनीतिक दल आआपा जन्म महाराष्ट्र के किसान गांधीवादी अन्ना हजारे के साथ ईमानदारी की स्थापना की जद्दोजहद के बीच यहीं दिल्ली की जनता के मध्य हुआ था। एक जन आंदोलन के दौरान आआपा का उभार हुआ और बेहतरीन ढंग से आगाज भी हुआ । इसके बहुत पढ़े-लिखे और अफसर रह चुके नेता जिसने स्वच्छ प्रशासन और आम जन को राहत देने के लिए खुद को समर्पित किया था।

# भीख मांगने की प्रथाः मदद की गुहार या एक सुनियोजित धंधा?



–प्रियंका सौरभ

> दिल्ली में पुलिस ने 2023 में पचास बच्चों को बचाया, जिन्हें तस्करी के गिरोह द्वारा भीख मांगने के लिए मजबूर किया गया था। भारत में भीख मांगने की प्रवृत्ति के बने रहने का एक मुख्य कारण यह है कि यहाँ कोई केंद्रीकृत डेटाबेस नहीं है जो भीख मांगने वाले व्यक्तियों के पुनर्वास में मदद करने के लिए केंद्रित हस्तक्षेप की अनुमति दे सके। राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने के लिए नगरपालिका रिकॉर्ड का उपयोग करने का राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का सुझाव भिखारियों के बारे में भरोसेमंद जानकारी की कमी की ओर ध्यान आकर्षित करता है। पीढ़ी दर पीढ़ी गरीबी और भीख मांगने पर निर्भरता तब बनी रहती है जब भीख मांगने वाले बच्चों को औपचारिक शिक्षा तक पहुँच से वंचित कर दिया जाता है। आउटरीच पहलों की कमी के कारण, कई बच्चे अभी भी शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत नामांकित नहीं हैं

**भारत में** भीख मांगना धार्मिक दान से जटिल सामाजिक-आर्थिक समस्या बन गई है। व्यस्त सड़क पर, हाथ बढ़ाना मदद के लिए पुकार जैसा लग सकता है, लेकिन इसमें अक्सर व्यवस्थित उपेक्षा, संगठित अपराध और शोषण का जाल छिपा होता है। सहानुभूति जीतने के लिए नशीले पदार्थ दिए जाने वाले शिशुओं से लेकर स्कूल से उठाकर सड़कों पर फेंक दिए जाने वाले बच्चों तक, भीख मांगना सिर्फ़ मदद के लिए पुकार से कहीं ज्यादा है; यह हमारी सामूहिक कमजोरियों की आलोचना है। बाल भिखारी अभी भी इस समस्या का सबसे परेशान करने वाला हिस्सा है। इस चक्र को तोड़ने के लिए, यह जरूरी है कि इन बच्चों को संरक्षित और शिक्षित किया जाए। कमजोर, खास तौर पर बच्चे और विकलांग लोगों का संगठित भीख मांगने वाले गिरोहों द्वारा फायदा उठाया जाता हैं। भिक्षा देने से जुड़ी प्रथाएँ अक्सर भीख माँगने को बढ़ावा देती हैं। अधिक उद्देश्यपूर्ण दान को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक शिक्षा पहल शुरू करना जरूरी है। भारत में सार्वजनिक रूप से भीख मांगने की प्रथा मनरेगा और स्माइल जैसे व्यापक कल्याणकारी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के बाद भी आम है। आंकड़ों के अनुसार, 413 लाख से अधिक लोग अभी भी इस प्रथा में लिप्त हैं, जो दीर्घकालिक गरीबी, कम साक्षरता और सरकारी हस्तक्षेप के बावजूद काम के अवसरों की कमी जैसी अंतर्निहित सामाजिक आर्थिक कमजोरियों को रेखांकित करता है। बड़े बच्चों को भीख मांगना सिखाया जाता है, जबकि शिशुओं को बीमार दिखने के लिए नशीला पदार्थ दिया जाता है। कुछ ने कभी कक्षा में कदम नहीं रखा है और कई ने जल्दी पैसे कमाने के लिए अपने भविष्य को दांव पर लगाकर स्कूल छोड़ दिया है। हाल के आँकड़े बताते हैं कि भारत में स्कूल छोड़ने वाले बच्चे कितने आम हैं, खासकर किशोरों में। वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट 2023 के अनुसार, 18 वर्ष की आयु के 25 प्रतिशत बच्चे बुनियादी पढ़ने के कौशल से जूझते हैं और 32.6 प्रतिशत स्कूल छोड़ देते हैं। विकलांग लोगों का फायदा उठाया जाता है क्योंकि वे भिखारी के तौर पर अधिक पसंद किए जाते हैं। जब मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति का इलाज नहीं किया जाता है, तो लोग शोषण और निर्भरता के चक्र में फंस जाते हैं। भारत में 400, 000 से ज्यादा नियमित भिखारी रहते हैं; उनकी दुर्दशा कई तरह के कारकों



से उपजी है, जिसमें संगठित भीख मांगने वाले गिरोह, गरीबी, विकलांगता और प्राकृतिक आपदाओं के कारण विस्थापन शामिल हैं समाज के सबसे कमजोर सदस्यों को शिकार बनाकर और लगभग दंड से मुक्त होकर काम करके, इन सिंडिकेट ने गरीबी को एक लाभदायक उद्यम में बदल दिया है। 81, 000 से ज्यादा भीख मांगने वाले लोगों के साथ, पश्चिम बंगाल भारत में सबसे ज्यादा भीख मांगने वाला राज्य है, उसके बाद आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश हैं। गरीबी, ग्रामीण-शहरी प्रवास और आसानी से सुलभ सहायता नेटवर्क की कमी इन क्षेत्रों में भिखारियों की बढ़ती संख्या में योगदान देने वाले कुछ सामाजिक-आर्थिक कारक हैं। भारत में, कई कल्याणकारी कार्यक्रमों के अस्तित्व के बावजूद भीख मांगने की प्रथा जड़ जमाए बैठी सामाजिक-आर्थिक कमजोरियों के कारण बनी हुई है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कल्याणकारी कार्यक्रम अक्सर खराब क्रियान्वयन, भ्रष्टाचार और प्राप्तकताओं के बीच जागरूकता की कमी के कारण विफल हो जाते हैं। स्माइल जैसी योजनाएँ, जो आश्रय और आजीविका सहायता प्रदान करती हैं, कई भिखारियों को अच्छी तरह से ज्ञात नहीं हैं। विशेष रूप से ग्रामीण और शहरी झुग्गियों में, जो लोग घोर गरीबी में जी रहे हैं, उनके पास जीवित रहने के लिए भीख माँगने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। 2011 की जनगणना के अनुसार, मनरेगा जैसे गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के साथ भी, 413, 000 से अधिक लोग भीख माँग रहे थे। भीख माँगने वाले व्यक्तियों में अक्सर औपचारिक शिक्षा और रोजगार योग्य कौशल की कमी होती है, जो औपचारिक रोजगार के अवसरों तक उनकी पहुँच को सीमित करता है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत पेश किए गए व्यावसायिक प्रशिक्षण से भिखारियों और अन्य हाशिए के समूहों तक पर्याप्त रूप से नहीं पहुँचा जा सका है। ट्रांसजेंडर लोग और विकलांग लोग कमजोर समूहों के दो उदाहरण हैं जिन्हें समाज द्वारा उपेक्षित किया जाता है और मुख्यधारा के आर्थिक अवसरों से बाहर रखा जाता है। कई लोग ट्रैफि क सिग्नल पर भीख माँगने के लिए मजबूर होते हैं क्योंकि उन्हें ट्रांसजेंडर कल्याण कार्यक्रमों के बावजूद भी स्वीकार नहीं किया जाता है। कमजोर लोगों को आपराधिक नेटवर्क द्वारा अपहरण कर लिया जाता है, जो फिर उन्हें भीख माँगने के लिए मजबूर करते हैं, जिससे इस चक्र को तोड़ना मुश्किल हो जाता है। दिल्ली में पुलिस ने 2023 में पचास बच्चों को बचाया, जिन्हें तस्करी के गिरोह द्वारा भीख मांगने के लिए मजबूर किया गया था। भारत में भीख मांगने की प्रवृत्ति के बने रहने का एक मुख्य कारण यह है कि यहाँ कोई केंद्रीकृत डेटाबेस नहीं है जो भीख मांगने वाले व्यक्तियों के पुनर्वास में मदद करने के लिए केंद्रित हस्तक्षेप की अनुमति दे सके। राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने के लिए नगरपालिका रिकॉर्ड का उपयोग करने का राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का सुझाव भिखारियों के बारे में भरोसेमंद जानकारी की कमी की ओर ध्यान आकर्षित करता है। पीढ़ी दर पीढ़ी गरीबी और भीख मांगने पर निर्भरता तब बनी रहती है जब भीख मांगने वाले बच्चों को औपचारिक शिक्षा तक पहुँच से वंचित कर दिया जाता है। आउटरीच पहलों की कमी के कारण, कई बच्चे अभी भी शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत नामांकित नहीं हैं। मादक द्रव्यों के सेवन और अनुपचारित मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण लोग भीख मांगते हैं और गरीबी में रहते हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सलाह स्माइल कार्यक्रम के तहत आश्रय गृहों में नशामुक्ति और मानसिक स्वास्थ्य परामर्श सेवाओं की कमी को उजागर करती है। बेरोजगारी के कारण ग्रामीण-से-शहरी प्रवास के कारण शहरी भीड़भाड़ के कारण, प्रवासियों को भीख मांगने के लिए मजबूर होना पड़ता है। भीख मांगने के खिलाफ कानून संगठित अपराध से निपटने और पुनर्वास प्रदान करने के लिए या तो कठोर हैं या अपर्याप्त हैं। उदाहरण के लिए, बॉम्बे प्रिवेंशन ऑफ बेगिंग एक्ट, जबरन भीख मांगने वाले नेटवर्क को जन्म देने वाले अंतर्निहित मुद्दों को सम्बोधित करने के बजाय भिखारियों को अपराधी बनाता है। भारत में भीख मांगने से निपटने के लिए नीतियाँ, लक्षित कल्याण हस्तक्षेपों को सुविधाजनक बनाने और उनके पुनर्वास को ट्रैक करने के लिए, भीख मांगने वाले लोगों का एक राष्ट्रीय डेटाबेस स्थापित किया जाना चाहिए और इसे अक्सर अपडेट किया जाना चाहिए। भिखारियों की पहचान करने के लिए, नगर निगम गैर-सरकारी संगठनों के साथ काम कर सकते हैं, जैसा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की मानकीकृत सर्वेक्षण प्रारूपों का उपयोग करने की सिफारिश में सुझाया गया है। संगठित भीख मांगने को रोकने, अपराधियों को दंडित करने और पीड़ितों को अपने पैरों पर वापस खड़े होने में मदद करने के लिए विशेष कानून लागू करें। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा अनुशंसित जबरन भीख मांगने को अवैध बनाने के लिए कानून अपनाने से तस्करी और शोषण करने वाले संगठनों पर रोक लगेगी। लोगों को सम्मानजनक नौकरी खोजने या स्वरोजगार के अवसरों का पीछा करने में सक्षम बनाने के लिए, आश्रय गृहों को कौशल-आधारित व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना चाहिए।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना जैसे कार्यक्रम आश्रय गृहों के साथ मिलकर भिखारियों को बढ़ईगीरी, सिलाई या अन्य व्यवसायों में कौशल सिखा सकते हैं जो उनकी योग्यता के अनुकूल हों। आश्रय गृहों में मानसिक स्वास्थ्य परामर्श सेवाएँ और मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयाँ प्रदान करें, ताकि अनुपचारित बीमारियों, व्यसन और विकलांगताओं का समाधान किया जा सके।

## कविता

तेरी बाहों सा एहसास लिए,
टेडी को दिल से लगा रखा है।
तेरी यादों की खुशबू संग,
हर लम्हा इसमें बसा रखा है।

रुई सा कोमल, प्यार सा प्यारा,
तेरे जैसी मासूमियत समेटे,
रहती है इसमें मेरे मन की बातें,
तेरी यादें धागों की तरह मुझको है लपेटे।

दिकु, तू जो होती यहां,
टेडी की जगह तुझे ही थाम लेता,
तेरी बाहों में सिमटकर मैं,
हर गम को पीछे छोड़ देता।

पर जब तक दिकुप्रेम मिलन ना हो,
ये टेडी दिल का सहारा रहेगा,
तेरी यादों को पास समेटे,
दिल हरदम तेरा ही नाम कहेगा।

– प्रेम का इंतजार, सिर्फ. अपनी दिकु के लिए

प्रेम ठक्कर

## मानवतावादी मनस्वी चिंतक गुरू रविदास जी

**मनमोहन सिंह**

**शोषण** और सामाजिक बुराईयों के विरुद्ध पथ प्रदर्शन करने के लिए गुरू रविदास जी जैसे महापुरुषों का जन्म होता रहा है। ऊंच-नीच, द्वेष और शोषण को दूर करने के लिए ही गुरु रविदास जी ने संपूर्ण जीवन लगाया। उन्होंने अन्याय व शोषण के विरुद्ध महान संघर्ष किया। उनकी वाणी में शोषित वर्गों की मुक्ति के लिए संघर्ष का ओजस्वी स्वर था। बाल्यकाल से ही रविदास जी का स्वभाव गंभीर व शांत था। प्रायः वह ईश्वर भक्ति में मग्न रहते थे। वे अपनी मेहनत की कमाई का ज्यादा हिस्सा साधु-सन्तों पर व्यय कर देते थे, जिसके कारण उनके पिता परेशान हो गये। उन्होंने रविदास जी को पैतृक व्यवसाय में रुचि लेने के लिए विवश किया लेकिन इनकी भक्ति कम न हुई। इसके पश्चात पिता ने इनका विवाह कर दिया। लेकिन यह सभी बातें उनके प्रभु भजन तथा भक्ति में बाधक न बन सकी। रविदास जी का कथन था कि ज्ञान के द्वारा मनुष्य चिन्तन एवं मनन कर सकता है। मननशील होने के कारण ही वह पशु से भिन्न है। उन्होंने बताया कि भजन व राम नाम जपने से ही मानव का कल्याण हो सकेगा। गुरु रविदास जी ने अपने समय में धर्म के माध्यम से समाज सुधार का महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने भारतीय समाज के समक्ष सामाजिक समता तथा धर्म व भक्ति के क्षेत्र में प्रत्येक व्यक्ति के समान अधिकार की बात कह कर नये चिन्तन का सूत्रपात किया।

गुरू रविदास जी ऐसे प्रगतिशील साधक और क्रांतिकारी व्यक्ति थे, जिन्होंने मोक्ष के लिए गुफा में समाधि नहीं लगाई अपितु, एक अच्छे संत की तरह ऋग्वेद के अनुसार 'हे मानव तू मानव बन, तू केवल स्वयं आदर्श मानव मत बन, बल्कि अपनी संतान को भी इन गुणों से युक्त बना, इस उक्ति को चरितार्थ करने के लिए गुरु रविदास जी ने मानव कल्याण के लिए कार्य किया।

वे मानवतावादी मनस्वी चिंतक गुरू थे। उनके मतानुसार मानव मात्र को दया, ममता, करूणा, सहानुभूति, प्रेम आदि गुणों से भरपूर होना चाहिए। ये गुण ही मानवता की महत्वपूर्ण धरोहर है। उन्होंने अपनी वाणी में मानव के नाते महत्व दिया है, न कि धन, पद, मयार्दा, कुल आदि के कारण। उन्होंने अपनी वाणी में मानव एकता पर बल दिया। कर्मयोगी गुरू रविदास जी ने कर्म साधना, श्रम साधना और भक्ति भाव से जहां पद्दलित जनता को शक्ति प्रदान की वहीं धार्मिक क्षेत्र में उच्च कोटि के लोगों के मुंह भी बन्द किए जो कहते थे कि भक्ति तथा धर्म की बात सिर्फ विशेष वर्ग के लोग ही कर सकते हैं। गुरु रविदास जी ने कर्म, श्रम और परिश्रम से यह सिद्ध कर दिया कि भक्ति किसी जाति में जन्मलेकर प्राप्त नहीं होती बल्कि भक्ति दार्शनिक गुणों निजी साधनों, ऊंचे चरित्र सच्चे कर्म करने से प्राप्त होती है। साम्प्रदायिक सद्भाव जिसकी आज बहुत जरूरत है के लिए गुरु रविदास जी का भातृभाव का सन्देश बहुत उपयोगी है। उनकी दृष्टि में सभी मानव एक समान है, वह अलग-अलग नहीं हो सकते।

## विचार

# मनुष्य के पतन का कारण है अहंकार!

**सुनील महला**

आज मनुष्य में अहंकार, बल, घमंड, कामना, क्रोध और दूसरों की निंदा करने की भावना लगातार प्रबल होती जा रही है, जो मनुष्य के लिए ठीक नहीं है। मनुष्य में इन सभी दुगुर्णों के कारण ही आज मनुष्य का साक्षात्कार ईश्वर से नहीं हो पा रहा है। वास्तव में ये सभी मनुष्य के पतन का सबसे बड़ा कारण बनते हैं।गीता में कहा गया है -'अहंकारं बलं दर्पं कामं क्रोधं च संश्रिताः। मामात्मपरदेहेषु प्रद्विषंतोऽभ्यसूयकाः।' मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु तो अहंकार ही है। आज मनुष्य धन, पद-प्रतिष्ठा और यश पाकर अहंकारी होने लगता है। वह किसी दूसरे व्यक्ति को कुछ भी नहीं समझता है और यह सोचने लगता है उससे बड़ा( धन,पद, प्रतिष्ठा और यश में) दुनिया में कोई और नहीं। मनुष्य में जब अहंकार की भावना प्रबल होने लगती है तो मनुष्य का जीवन जटिलता की ओर बढ़ने लगता है। कहना गलत नहीं होगा कि अहंकार मनुष्य के जीवन को बहुत ज्यादा संघर्षपूर्ण बना देता है। अहंकार के कारण मनुष्य का व्यक्तिगत जीवन तो प्रभावित होता ही है, साथ ही साथ समाज और संस्कृति पर भी इसका गहरा असर पड़ता है। सच तो यह है कि यह अहंकार ही होता है जो मनुष्य जीवन से खुशियां छीन लेता है। वास्तव में स्वयं को हमेशा दूसरों से बेहतर मानना, सबसे अलग मानना, अहम् की भावना ही तो अहंकार है। मनुष्य की यह एक बड़ी कमी है कि वह स्वयं को सर्वोच्च और अनमोल समझने लगता है। अहंकार में आकर मनुष्य सिर्फ़ और सिर्फ़ अपने बारे में ही सोचता है और मनुष्य अन्य लोगों के व्यक्तित्व और उनके दृष्टिकोण को नजरंदाज कर देता है। सरल शब्दों में कहें तो अहंकार स्वयं को दूसरों से श्रेष्ठ मानने के कारण उत्पन्न हुआ एक व्यवहार है। वास्तव में एक अहंकारी व्यक्ति स्वयं को ही सर्वज्ञ व सर्वगुणसंपन्न समझने लगता है।वह सीखने का प्रयास नहीं करता और इस कारण से वह निरंतर सीखते रहने की प्रक्रिया से कट जाता है और वास्तव में अल्पज्ञ व अनुभवहीन बना रहता है। कहना गलत नहीं होगा कि अहंकार व्यक्ति को उसकी वास्तविकता से दूर कर देता है। सच तो यह है कि अहंकार मनुष्य में एक प्रकार की आसुरी प्रवृत्ति है, जो मनुष्य को निकृष्ट एवं पाप कर्म करने की ओर अग्रसर करता है। अहंकार मनुष्य जीवन में उन्नति की सबसे बड़ी बाधा है।एक अहंकारी और दंभी मनुष्य परिवार और समाज को अधोगति की ओर ले जाता है।जब किसी व्यक्ति में अहंकार की भावना घर कर जाती है तो वह अपनी गलतियों को स्वीकार करने में असमर्थ होता है। बड़े ही सुन्दर शब्दों में हम अहंकार (बड़प्पन) को एक दोहे के माध्यम से बखूबी समझ सकते हैं।एक दोहे में क्या खूब कहा गया है-'औघट घाट पखेरुवा, पीवत निरमल नीर।गज गरुवाई तैं फिरै, प्यासे सागर तीर॥' इसका सीधा सा तात्पर्य यह है कि-' उथले या कम गहरे घाटों पर भी पक्षी तो निर्मल पानी पी लेते हैं, पर हाथी बड़प्पन के कारण समुद्र के तट पर भी (जहाँ पानी गहरा न हो) प्यासा ही मरता है।' कहना गलत नहीं होगा कि यह मनुष्य का अहंकार ही होता है जिसके कारण से न केवल उसके व्यक्तिगत जीवन में संघर्ष और कठिनाईयां बढ़तीं है बल्कि उसके सामाजिक संबंध भी बिगड़ने लगते हैं। एक अहंकारी और दंभी व्यक्ति कभी भी अपनी कमजोरी या गलती मानने को लिए तैयार नहीं होता और यही कारण है कि उसे हमेशा दूसरों की आलोचनाओं का लगातार सामना करना पड़ता है। कहना गलत नहीं होगा कि जब मनुष्य के मन में ह्यमैंह्न की भावना पैदा हो जाती है, तो वह 'मैं' की भावना उसे प्रभु से दूर ले जाती है। हमें यह चाहिए कि हम अपने अंदर सद्गुणों को विकसित करें, क्यों कि मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी सद्गुण हैं। दया, संतोष,शील, परोपकार, त्याग, सहिष्णुता,संयम,नम्र वाणी सद्गुण हैं,जो मनुष्य को ऊंचाइयों पर ले जाने की अभूतपूर्व क्षमताएं रखते हैं।वहीं दूसरी ओर काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार ये सब हमें डस लेते हैं। इनसान अहंकार में सच्चाई से बहुत दूर चला जाता है। याद रखिए कि मनुष्य जीवन में नम्रता बहुत जरूरी है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# वीरेन का इस्तीफा, यानि का वर्षा जब कृषि सुखानी

**राकेश अचल**

**पिछले 21** महीने से साम्प्रदायिकता की आग में धधक रहे मणिपुर के मुख्यमंत्री वीरेन कुमार सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया,इससे पहले उन्होंने कुम्भ में डुबकी लेकर अपनी नाकामी के लिए शायद प्रायश्चित भी किया,लेकिन अब मुख्यमंत्री के इस्तीफे का कोई अर्थ नहीं रह जाता क्योंकि भाजपा हाईकमान ने वीरेन सिंह को हटाने में काफी देर कर दी। दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के फौरन बाद वीरेन सिंह के इस्तीफे की खबर दबकर रह गयी। आपको याद होगा कि मणिपुर 03 मई 2023 से हिंसा की आग में जल रहा है। निर्णय लेने में डबल इंजिन की सरकार को लगभग पूरे दो साल लग गए। निर्णय लेने में देरी के संदर्भ में गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस में जो चौपाई लिखी वो कालांतर में मुहावरा बन गया । उन्होंने लिखा -

का बरषा सब कृषी सुखानें।
समय चुकें पुनि का पछितानें॥

भाजपा ने मणिपुर की हिंसा के फौरन बाद यदि मुख्यमंत्री को हटा दिया होता तो शायद मणिपुर की हिंसा भी रूकती और भाजपा को आलोचनाओं का शिकार भी नहीं होना पड़ता ,लेकिन भाजपा ने इस मामले में जान-बूझकर लेतलाली की। मुख्यमंत्री का इस्तीफा तो छोड़िये देश के प्रधानमंत्री भी पिछले दो साल में एक बार भी मणिपुर हिंसा की समीक्षा करने या पीड़ितों से भेंट करने मणिपुर नहीं गए।

मुझे याद है इसलिए मै आपको याद दिलाना चाहता हूँ कि 27 मार्च 2023 को मणिपुर हाई कोर्ट ने एक आदेश में राज्य सरकार से मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की बात पर जल्दी विचार करने को कहा था.और इस आदेश के कुछ दिन बाद ही तीन मई 2023 को राज्य में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच जातीय हिंसा भड़क गई थी। इसमें कई लोगों की जान भी गई। मणिपुर में ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर द्वारा आयोजित एक जन रैली के हिंसक हो जाने के बाद प्रशासन ने शूट ऐट साइट का ऑर्डर भी जारी किया. उसके बाद प्रदेश के अधिकांश ज़िलों में कर्फ़्यू लगा दिया गया और हालात को नियंत्रित करने के लिए सेना और असम राइफल्स के जवानों को तैनात किया गया।

## आखिरी सफर पर जीएसटी

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**जीवन** में एक समय ऐसा आता है जब हमें अलविदा कहना होता है। यह अलविदा केवल शब्द नहीं होता, बल्कि यह जीवन के सबसे बड़े सत्य का सामना करने का एक तरीका होता है। लेकिन सोचिए, यदि इस अलविदा पर भी सरकार की नजर होती, और हमें मृत्यु के बाद जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) चुकाना पड़ता, तो यह स्थिति कितनी हास्यास्पद और पीड़ादायक होती। हमारी सामाजिक व्यवस्था में जीवन के हर पहलू पर कर लगते हैं। खाने-पीने से लेकर रहने- सहने, मनोरंजन से लेकर शिक्षा तक, हर चीज पर जीएसटी लगाया जाता है। लेकिन अगर मृत्यु के बाद भी सरकार हमें छोड़ दे, तो क्या होगा? पहले तो हम अपने प्रियजनों के दुख से जूझ रहे होते हैं, और ऊपर से यह विचार कि हमारे जाने के बाद भी हमें जीएसटी भरना पड़ेगा, कितनी हास्यास्पद बात होगी। कल्पना कीजिए, एक शोक संतप्त परिवार जो अपने प्रियतम की मृत्यु के बाद शोक में डूबा हुआ है। जैसे ही वे अंतिम संस्कार की तैयारियों में जुटते हैं, उन्हें पता चलता है कि "जीएसटी की दरें लागू हो गई हैं!" अब वे एक नई चिंता में पड़ जाते हैं। पहले तो वे मुर्दे को ठिकाने लगाने की सोचते हैं, लेकिन जीएसटी के साथ वह कार्य भी जटिल हो जाता है। कितना जीएसटी है? क्या हमें इसकी रसीद लेनी होगी? क्या मरे हुए के लिए अलग दर है? ये सवाल उन पर भारी पड़ जाते हैं। जीएसटी के लिए एक नया टर्मिनल खड़ा किया जाता है जहाँ अंतिम संस्कार की लागत पर 18% जीएसटी लगता है। शोक में डूबे परिवार को यह समझ नहीं आता कि वे क्या करें। उन्हें अपनी प्रिय की अंतिम यात्रा के लिए न केवल पैसे खर्च करने होते हैं, बल्कि उन पर जीएसटी का बोझ भी उठाना पड़ता है। ऐसे में वह अपने प्रियजन को विदाई देने से पहले ही मानसिक तनाव में डूब जाते हैं। एक और दर्दनाक दृश्य है जब परिवार के सदस्य शव को श्मशान घाट ले जाते हैं। वहाँ उन्हें एक और बिंदु मिलता है–"कुल मूल्य पर जीएसटी"। उनके प्रियजन का अंतिम संस्कार अब जीएसटी के चक्रव्यूह में फंस गया है। क्या यह मृतक का अपमान नहीं है? क्या उसकी आत्मा को शांति नहीं मिलनी चाहिए?

## न्यूज फ्लैश

### स्क्रैप गोदाम में लगी आग, प्लास्टिक और तारें जलकर राख

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के कस्बा** तरावड़ी में सर्विस रोड पर स्थित एक स्क्रैप गोदाम में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और प्लास्टिक, तारें, पुराने टायर समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। आग लगते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत गोदाम मालिक को सूचना दी, जिसके बाद उसने फायर ब्रिगेड और पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गोदाम मालिक जसकरण ने बताया कि उसका स्क्रैप का बड़ा गोदाम है, जिसमें प्लास्टिक और लोहे का अलग-अलग ढेर लगा हुआ था। अचानक आग लग गई, जिससे प्लास्टिक और तारें जलकर पूरी तरह राख हो गए। आग कैसे लगी, इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। आग इतनी तेज थी कि वहां खड़ी चार रेहडियां भी उसकी चपेट में आ गईं और जलकर राख हो गईं। हालांकि गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। गोदाम मालिक के अनुसार इस आगजनी में हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम भी मौके पर पहुंची। इंचार्ज सुभाष चंद्र ने बताया कि फायर ब्रिगेड की टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे और बड़ा नुकसान होने से बच गया। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। तरावड़ी थाना पुलिस को भी मामले की जानकारी दे दी गई है और अगर कोई शिकायत मिलती है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नियमित रक्तदान करने से मिलता है कई बिमारियों से छुटकारा: नरेंद्र अरोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मानव सेवा संघ** में एंटी करप्शन फाऊंडेशन ऑफ इंडिया, जेसीआई करनाल गोल्ड, करनाल कैमिस्ट एसोसिएशन, मानव सेवा संघ एवं जिला रैडक्रास सोसायटी के सहयोग से थैलिसिमिया से पीड़ित बच्चों के लिए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के लिए लगभग 330 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 301 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कल्पना चावला मैडिकल कॉलेज एव सरकारी अस्पताल करनाल की ब्लड बैंक की टीमों ने रक्त एकत्रित किया। मानव सेवा संघ के संचालक स्वामी प्रेममूर्ति ने सभी उपस्थित व्यक्तियों को अपना स्नेह भरा आशीर्वाद दिया और भविष्य में भी रक्तदान करते रहने की प्रेरणा दी। एंटी करप्शन फाऊंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि नियमित रक्तदान करने से कई बिमारियों से छुटकारा मिलता है और शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती। उन्होंने बताया कि हमें साल में 3-4 बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। जेसीआई करनाल गोल्ड के प्रधान जेसी प्रमोद बंसल ने बताया कि रक्तदान से बढकर कोई दान नहीं है। इससे ही किसी को जीवनदान दिया जा सकता है। यह कहीं किसी फैक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता। जेसीआइ करनाल गोल्ड के सचिव जेसी अजित बंसल ने बताया कि रक्त का कोई भी विकल्प नहीं, स्वस्थ इन्सान को जरूरतमंदों के लिए रक्तदान अवश्य करना चाहिए, इससे बढकर कोई भी अन्य दान नहीं है। उन्होंने बताया कि संस्था ब्लड जरूरतमंदों के लिए हमेशा तत्पर रहती है। शिविर के संयोजक कपिल किशोर ने बताया कि थैलेसिमिया जैसी बीमारी से बचने के लिये शादी से पहले हर लडका एवं लडकी को अपना ब्लड टैस्ट अवश्य कराना चाहिए। हर गर्भवती महिला को भी अपने रक्त की जांच अवश्य करानी चाहिये। सभी रक्त दाताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। उन्होंने बताया कि अगला रक्तदान शिविर 16 फरवरी को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक लगाया जायेगा। मंच का संचालन केपी अग्रवाल ने किया। शिविर में सुरेंद्र गाबा एवं विनोद मंगला ने अपनी मधुर आवाज में देशभक्ति व अन्य गीतों द्वारा उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध किया। रक्तदान शिविर के आयोजन में मुख्य रूप से अजय विक्रम, जेसी अजित बंसल, जेसी कपिल गुप्ता, मीडिया प्रभारी जेसी अनिश गुप्ता, जेसी तरूण जेसी विश्वास भुटानी, जेसी विकेश ढींगड़ा, पवन शर्मा, अजित राही, आशीष मलिक, सावी चौधरी, पवन बंसल, रूपा, रमा तिवारी, राजीव गोयल, प्रियंका गोयल, किरण चड्ढा, अजय चड्ढा, राज आर्य, अवतार सिंह तारी, प्रदीप त्यागी, अनिल मदान, कमलजीत मोतिया, हर्ष वर्मा, राजीव वधवा, कुलबीर मलिक रैडक्रास सचिव, प्रदीप नंदा, प्रवीन सिंगला, सुरेन्द्र चौहान, संजीव बजाज, उमेश वधवा, दीपक खुल्लर, इन्द्रजीत, मोनू, सुरेश अत्रेजा, रोहित वर्मा, दिलबाग सिंह आदि का सहयोग रहा।

# एम.एम. यूनिवर्सिटी में कल्चरल फेस्ट का भव्य आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला/मुलानाः एम् एम् (डीम्ड टू बी) यूनिवर्सिटी** के एम् सी ए विभाग विभाग द्वारा इन्टर कॉलेज ह्लकल्चरल फेस्ट "रिधम" प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में एम् सी ए विभाग के इलावा,बीकॉम, ,बीएससी (एग्रीकल्चर),बीटेक ( कंप्यूटर साइंस), मेडिकल , नर्सिंग कॉलेज ,डेंटल कॉलेज ,होटल मैनेजमेंट, लॉ विभाग ० यूनिवर्सिटी के अन्य विभागों ने हिस्सा लिया। इस फेस्ट में छात्रों ने बड़े उत्साह और जोश के साथ विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक गतिविधियों में भाग लिया। फेस्ट की शुरूआत द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के एम् सी ए विभाग के कोऑर्डिनेटर डॉ विवेक भटनागर, कार्यकम के सयोजक ऋतु ,शिखा रानी,डॉ दलीप ,डॉ रवि ,तेजबीर ,डॉ संजीव ,डॉ विवेक श्रीवास्तव, डॉ रुबिका ० अन्य फैकल्टी मेंबर्स और अन्य विभागों के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस कल्चरल फेस्ट के तहत सिंगिंग ,ग्रुप सिंगिंग, ग्रुप डांस, सोलो डांस ० फैशन शो प्रतियोगिता में लगभग 200 छात्रों ने हिस्सा लिया। सिंगिंग प्रतियोगिताओं में प्रथम एम् सी ए ० द्वितीय बैच विभाग ० तृतीय होटल मैनेजमेंट रहा वही ग्रुप सिंगिंग, में प्रथम नर्सिंग कॉलेज रहा दूसरी और सोलो डांस में प्रथम ० द्वितीय एम् सी ए ,रहा और तृतीय एम् एम् कॉलेज ऑफ लॉ रहा ,ग्रुप डांस में प्रथम डेंटल कॉलेज रहा , वही द्वितीय ० तृतीय एम् सी ए विभाग रहा वही फैशन शो में मिस्टर-शोस्टॉपर बी -टेक (सी एस सी ) ० मिस्-शोस्टॉपर बी एस सी (नर्सिंग कॉलेज) की टीम को मिला । वही मिस चार्मिंग ० मिस्टर चार्मिंग का खिताब एम् सी ए विभाग की टीम को मिला । इस अवसर पर रजिस्ट्रार एम् एम् (डीम्ड टू बी) यूनिवर्सिटी डॉ सुमित मित्तल ने बताया "रिधम" न केवल छात्रों की प्रतिभा को मंच प्रदान करता है, बल्कि उन्हें टीम वर्क और नेतृत्व कौशल भी सिखाता है। इस वर्ष का आयोजन बेहद सफल रहा और हम भविष्य में इसे और भव्य बनाने का प्रयास करेंगे।" उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की पढाई के साथ साथ छात्रों को इस तरह की प्रतियोगिता में भी हिस्सा लेना चाहिए ताकि उनका सवार्गीण विकास हो सके ।

फेस्ट के दौरान पूरे ऑडिटोरियम में उमंग और ऊर्जा का माहौल रहा।

### गुरू रविदास जी की जयन्ती के उपलक्ष में शोभा यात्रा आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः श्री गुरु रविदास जी** के 648वें जयन्ती के उपलक्ष्य में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जनकल्याण सभा द्वारा गुरु रविदास जी मंदिर मोती नगर अम्बाला शहर में नगर कीर्तन (शोभा यात्रा) निकाली गई। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरूण भंडारी ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचकर सर्वप्रथम संत शिरोमणी गुरु रविदास जी के मंदिर में माथा टेका। इससे पहले डॉ. भीमराव अम्बेडकर जनकल्याण सभा के चेयरमैन सुबेदार राजपाल, प्रधान बंटी कुमार, मेला प्रबंधक भीम राय व अन्य सदस्यों ने मुख्यअतिथि का मंदिर प्रांगण में पहुंचने पर सिरोपा भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस मौके पर हरियाणा के सीएम के राजनीतिक सचिव तरूण भंडारी ने उपस्थित सभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों तथा संगत को संत शिरोमणी गुरू रविदास जी महाराज के प्रकाशोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि महाराज जी के जीवन से हमें सच्चाई, समरसता, भक्ति-प्रेम व दूसरों से बैर भाव न रखना और मन व विचारों को स्वच्छ रखने की प्रेरणा मिलती है।

### वार्षिक सम्मेलन आयोजित

**सोनीपतः नेशनल मेडिकोज** ऑर्गेनाइजेशन का वार्षिक सम्मेलन महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल द्वारिका नई दिल्ली में आयोजित किया गया। न त्वहं कशकामये स्वर्गम्‌ स्वर्गम ना पुनर्भवम्‌ गान के साथ प्रारंभ हुआ। संस्थापक डॉक्टर धनाकर ठाकुर ने इस संगठन के उद्देश्यों के बारे में बताया कि यह मेडिकोज का मेडिकोज के लिए मेडिकोज के द्वारा संगठन है जिसमें युवा छात्र के साथ डॉक्टर भी सम्मिलित हैं। छात्र को लाइफ लांग लर्नर बनने का प्रेरणा यह देता है! उन्होंने कहा कि नेशनल मेडिकल कमिशन प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में फेक फैकल्टी समाप्त करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है।

## परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के प्रसारण को देखा व सुना

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बालाः गवर्नमेंट मॉडल** संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पुलिस लाईन में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि अतिरिक्त उपायुक्त डॉ ब्रह्मजीत सिंह रहे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी सतबीर सैनी, विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य, अध्यापकगण, विद्यार्थी तथा अभिभावक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन द्वारा किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का स्क्रीन लाईव प्रसारण को देखा व सुना गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्ति के लिए उपायों पर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ चर्चा करना रहा। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चें मौजूद रहें। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, ध्यान व अपनी दुविधाओं को सांझा करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने अध्यापकों से विद्यार्थियों की क्षमताओं को पहचानने और उन्हें निखारने में उनके सहयोगी बनने को कहा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने मुख्यातिथि एडीसी डॉ ब्रहजीत सिंह का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत व धन्यवाद किया और उन्हें स्मृति चिह्न स्वरूप पर्यावरण का प्रतिक एक पौधा भेंट किया जिसे अतिरिक्त उपायुक्त ने उस स्कूल के बच्चों को देकर सम्मानित किया जो सबसे अधिक दूरी से इस कार्यक्रम में पहुंचे थें।

एडीसी ने कहा कि जैसा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पहलूओं पर बच्चों के साथ चर्चा करते हुए उन्हें बताया कि किस प्रकार से तनाव रहित रहकर बच्चें परीक्षा दें, उन सभी बातों को बच्चें ध्यान रखें तथा प्लानिंग करके अपनी परीक्षा की तैयारी करें। उन्होंने कहा कि जिस विषय पर बच्चों को सबसे ज्यादा डर लगता है उस पर ज्यादा ध्यान दें।

### चोरी करते हुए एक को पकड़ा, दूसरा फरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कस्बा घरौंडा** गुरुद्वारे के पास एक घर में देर रात चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। परिवार के सदस्य पड़ोस में किसी काम से गए थे और घर पर उनकी छोटी बेटी अकेली थी और घर के बाहर खड़ी थी। जैसे ही वह घर में दाखिल हुई, उसे दो चोर नकदी और सामान चोरी करते दिखे। लडकी ने तुरंत गुरुद्वारे में गतका खेल रहे युवकों को सूचना दी। इसके बाद युवक मौके पर पहुंचे और चोरों को पकड? की कोशिश की। इस दौरान एक चोर भागने में सफल रहा, जबकि दूसरा युवकों के हत्थे चढ़ गया। हालांकि फरार हुआ चोर एक बैग लेकर भाग गया, जिसमें 32 हजार रुपए नकद थे। मामले की सूचना डायल-112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पकड़े गए चोर को हिरासत में ले लिया। पीडित युवक तुषार ने बताया कि घर में तीन बैग रखे हुए थे, जिनमें छह हजार रुपए, दूसरे में 1 लाख 30 हजार रुपए और तीसरे में ज्वेलरी थी। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था, छोटी बहन बाहर खड़ी थी। जैसे ही वह घर के अंदर गई तो देखा कि दो चोर चोरी कर रहे हैं। घबराकर उसने तुरंत फोन कर परिवार को सूचना दी और गुरुद्वारे की तरफ दौड़ गई, जहां युवक गतका खेल रहे थे।

## वन नेशन-वन पार्टी की सोच रखती है भाजपाः प्रफुला विनोद राव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रदेश** में निकाय चुनावों में कांग्रेस मेयर चुनाव और पार्षद का चुनाव सिंबल पर लड़ेगी। 11 फरवरी तक कांग्रेस ने इच्छुक प्रत्याशियों के आवेदन मांगे हैं। इसी को लेकर निकाय चुनाव के सहप्रभारी प्रफुला विनोद राव करनाल पहुंचे और मेयर और पार्षद का चुनाव लडने वाले लोगों से मुलाकात की। इसके साथ ही उन्होंने बीजेपी पर भी निशाना साधा और कहा कि बीजेपी वन नेशन-वन इलेक्शन की तरफ बढ़ रही है और वन नेशन-वन पार्टी की सोच रखती है, जो लोकतंत्र के लिए खतरा है। वहीं उन्होंने दिल्ली चुनाव में कांग्रेस की हार पर कुछ भी नहीं बोला। वे इस सवाल से बचते नजर आए।

सहप्रभारी प्रफुला विनोद राव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हरियाणा में नगर निगम के चुनाव होने वाले है और 11 फरवरी से नोमिनेशन की प्रक्रिया भी शुरू होने जा रही है। ऐसे में कांग्रेस ने मेयर और पार्षद का चुनाव सिंबल पर लड? का फैसला किया है, जिसको लेकर कांग्रेस कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। जो साथी मेयर का चुनाव लड?ा चाहते हैं या फिर पार्षद का चुनाव लड?ा चाहते हैं, उनका आवेदन मांगा गया है और आवेदन भी पहुंच रहे है। इच्छुक लोगों से बातचीत की गई है और कई उम्मीदवार यहां पर आए है। टक्कर बीजेपी और कांग्रेस के बीच में रहने वाली है और निश्चित तौर पर हम चुनाव जीतेंगे।

उन्होंने कहा कि स्थानीय मुद्दों के साथ नगर निगम का चुनाव लड़ा जाएगा। निगम में भ्रष्टाचार हो रहा है और उसको लेकर सुशासन देने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के साथ बैठेंगे, उनका हौसला बढ़ाएंगे और उन्हें प्रेरित करेंगे। कांग्रेस विचारधारा की पार्टी है। यह कोई सत्ता के लिए निर्माण की हुई पार्टी नहीं है। जब कांग्रेस का निर्माण हुआ तो यह कोई सत्ता के लिए निर्माण नहीं हुआ था। कांग्रेस का मतलब यही है कि लोगों के बीच में रहना। लोगों को सामने लेकर आना, यही कांग्रेस है।

बीजेपी चुनाव के दौरान केंद्र और राज्य सरकार का हवाला देकर लोगों से वोट मांगेगी। इस पर प्रफुला विनोद राव ने कहा कि बीजेपी का वन नेशन-वन इलेक्शन का जो एजेंडा है। उससे भी बाहर निकलकर वन नेशन-वन पार्टी की तरफ वे बढ़ रहे है। केंद्र व राज्य सरकार का हवाला देना डेमोक्रेसी के लिए भी खतरा है। डेमोक्रेसी पक्ष और विपक्ष के जरिए होती है। यदि एक ही पार्टी राज करती है तो लोगों की आवाज को दबाया जाएगा और आज देश के हालात भी कुछ ऐसे ही नजर आ रहे हैं।

दिल्ली चुनाव में एक भी सीट नहीं ले पाई कांग्रेस, इस पर विनोद राव ने कहा कि दिल्ली के बारे में तो कुछ नहीं बोलूंगा। मैं निकाय चुनावों को लेकर यहां आया हूं और अभी करनाल शहर की ही हम बात करेंगे।

## गीता विद्यालय में नए सत्र के लिए स्कॉलरशिप एग्जाम हुआ संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : श्रीमद्भगवद्** गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में नए सत्र2025-2026 के लिए स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया गया ।जिसमें काफी बच्चों ने प्रतिभागिता की, विद्यालय में आए हुए अभिभावकों से विद्यालय के वरिष्ठ उप प्रधान अशोक रोशा ने बातचीत करते हुए कहा कि हमारा विद्यालय विद्या भारती द्वारा संचालित एक संस्कारवान विद्यालय है जिसका लक्ष्य बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देना है जो अपनी संस्कृति वअपने संस्कारों से युक्त हो ।इस हेतु विद्या भारती ने पूरे देश में 25000 विद्यालय संचालित किए हुए हैं,उनका यही उद्देश्य है कि सभी बच्चे अपनी संस्कृति व अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सकें तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य अनिल मदान ने अभिभावकों को विद्यालय में चल रही गतिविधियों के बारे में अवगत कराया जैसे टू एयरविंग और आर्मीविंग व घुड़सवारी, स्मार्ट क्लासेस की जानकारी दी और बताया कि आज जो यह स्कॉलरशिप एग्जाम हुआ है।


### ट्रांसफर मसले पर विभागीय अधिकारियों से मिलेगी समिति

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पिछले डेढ़** साल से ट्रांसफर ड्राइव चलवाने के मामले को लेकर संघर्ष कर रही शिक्षक तबादला संघर्ष समिति, हरियाणा विभागीय पत्र के अनुसार 12 फरवरी को शिक्षा सदन में ट्रांसफर ड्राइव में तेजी लाए जाने, हर हाल में ट्रांसफर किए जाने की मांग को लेकर राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण के नेतृत्व में मिलेगी। समिति के राज्य प्रेस सचिव ऋषिराज नरवाल ने बताया कि समिति केवल ट्रांसफर के लिए संघर्षरत है।

## समाधान शिविर में डीसी ने सुनी आमजन की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बालाः नगराधीश अभिषेक** गर्ग ने कहा कि समाधान शिविर मे अपनी समस्या को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्या का त्वरित समाधान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, इसी को ध्यान में रखकर सम्बंधित सभी अधिकारी कार्य करें। नगराधीश डीसी कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करने के दौरान शिविर मे उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिले में प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें है। इन शिविरों में विभिन्न सम्बंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी एक छत के नीचे बैठ कर लोगों की समस्याओं का मौके पर ही या तय समय सीमा में समाधान करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि समाधान शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है, इसी को ध्यान में रखकर सभी अधिकारी एवं कर्मचारी कार्य करें ताकि प्रत्येक प्रार्थी की समस्या का जल्द समाधान किया जा सकें।

बता दे कि सोमवार को इस समाधान शिविर में कुल 6 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 3 शिकायतों का नगरधीश द्वारा मौके पर ही समाधान कर दिया गया और 3 शिकायतों को सम्बंधित विभाग को मार्क करते हुए जल्द समाधान करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर डीएसपी विजय कुमार, बिजली विभाग से एईई जोगिंद्र कुमार, पंचायत विभाग से आशीष, जेई पीडब्लयूडी सिद्धार्थ , जिला समाज कल्याण विभाग से अवतार सिंह व क्रीड विभाग से डिम्पल के साथ-साथ अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## एसडी पीजी कॉलेज में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/ ( कमाल हुसैन )**



**एसडी पीजी** कॉलेज पानीपत में परीक्षा पे चर्चा 2025 कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया जिसमें लगभग 500 विद्यार्थियों और एनएसएस स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया । उनके साथ प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा और स्टाफ सदस्यों ने भी प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग लिया । इस बार की परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन नई दिल्ली की सुंदर नर्सरी में किया गया जिसमें पीएम मोदी ने बच्चों से खुली और सहज बातचीत की। कार्यक्रम के अंत में पीएम मोदी ने में परीक्षा पे चर्चा में शामिल हुए छात्रों के साथ सुंदर नर्सरी में पेड़ भी लगाया । पीएम मोदी ने कहा कि जैसे ये पेड़ लगाए है तो इन्हें पानी देने का क्या उपाय हो सकता है । उन्होंने कहा कि पेड़ के बगल में एक मिट्टी का मटका लगा देना चाहिए और उसमें एक महीने में पानी डालना चाहिए । सम्पूर्ण कार्यक्रम में व्यवस्था का जिम्मा कॉलेज एन एस एस स्वयंसेवकों ने निभाया । प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी से एक छात्र ने पूछा कि उसे पेपर छूटने का डर रहता है । इस पर पीएम मोदी ने सलाह दी कि वह पिछले सालों के पेपर सॉल्व करें । इससे उसका डर खत्म हो जाएगा । उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों को केवल उन सवालों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जो महत्वपूर्ण हैं । खुद को मोटिवेट करने के लिए गोल्स बनाइए । उन्हें हासिल कर लेने के बाद खुद को रिवॉर्ड भी देना चाहिए । पीएम मोदी ने कहा कि कक्षा 10 और 12 के लगभग 40-50 प्रतिशत छात्र असफल होते हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि यही उनका अंतिम लक्ष्य है । स्कूल में या जीवन में सफलता और असफलता के बीच अंतर को समझना जरूरी है । उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि क्रिकेट के खिलाड़ी दिन के अंत में अपनी गलतियों पर विचार करते हैं और उन पर काम करते हैं । छात्रों को भी यही करना चाहिए । उनके अनुसार, आपके अंक आपको नहीं, बल्कि आपके जीवन को दिखाते हैं । प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों को टेक्नोलॉजी के सही उपयोग के बारे में बताया । उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी कोई खतरनाक तूफान नहीं है जो आपको गिरा देगा । इनोवेशन हमारी भलाई के लिए हैं । टेक्नोलॉजी का सही तरीके से इस्तेमाल करें और अपने समय को बर्बाद करने वाली गतिविधियों से बचें । पीएम मोदी ने परीक्षा पे चर्चा के दौरान शिक्षकों और अभिभावकों को भी एक संदेश दिया । परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान बिहार के एक छात्र ने पीएम मोदी से लीडरशिप से जुड़ा सवाल पूछा जिस पर पीएम मोदी ने मजाकिया लहजे में कहा कि बिहार का छात्र हो और राजनीति से जुड़ा सवाल न हो यह हो ही नहीं सकता।

## व्यक्ति ने निगला जहर, मानसिक रूप से था परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के गांव** निगदू में गोशाला की खाली पड़ी जमीन पर एक व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। मृतक की पहचान कैथल के गांव आहुं निवासी 56 वर्षीय सुभाष चंद के रूप में हुई। शुरूआती जांच में पता चला कि उसने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की है। परिजनों ने आरोप लगाया कि सुभाष चंद लंबे समय से जमीन विवाद में उलझा हुआ था और किरमच गांव का रामचंद्र उस पर रजिस्ट्री कराने का दबाव बना रहा था। परिवार ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के भाई रमेश ने बताया कि सुभाष चंद के पास गांव पस्ताना में 2012 से दो किले जमीन थी। लेकिन रामचंद्र नामक व्यक्ति इस पर कब्जा करना चाहता था। इसी विवाद को लेकर कोर्ट में केस भी चल रहा था। केस लड़ते-लड़ते सुभाष ने काफी पैसा खर्च कर दिया और मानसिक तनाव में आ गया। उसने अपना पुश्तैनी मकान बेच दिया और नीलोखेड़ी में किराए पर रहने लगा था। रमेश के अनुसार 7 फरवरी को सुभाष चंद अपनी पत्नी मीना देवी के साथ गांव आया था। 8 फरवरी को भतीजे बबलू कुमार के साथ बाइक पर बैठकर निगदू गया, जहां उसे बस अड्डे पर छोड़ दिया। 9 फरवरी की देर शाम को परिवार को सूचना मिली कि सुभाष चंद का शव निगदू गोशाला की खाली जमीन में पड़ा है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाया। टीम ने शव की जांच के बाद बताया कि सुभाष चंद ने कोई जहरीला पदार्थ खाया है।

## न्यूज फ्लैश

### मोदी की परीक्षा पे चर्चा से बढ़ा छात्रों का मनोबल



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश के लाखों छात्रों को समर्पित ह्यपरीक्षा पे चर्चाह्न कार्यक्रम से जहाँ छात्रों ने परीक्षाओं को लेकर मानसिक दवाब कम हो रहा है वहीं उनके मनोबल में काफी वृद्धि अनुभव की जा रही है। ह्यपरीक्षा पे चर्चाह्न के आठवें संस्करण में आज पीएम मोदी ने छात्रों से परीक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। दूरदर्शन पर प्रसारित इस कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट गुरुकुल के छात्रों को बड़ी स्क्रीन पर दिखाया गया जिसमें निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार व प्राचार्य सूबे प्रताप भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि परीक्षा के समय मन को स्थिर रखें, आपको सफलता अवश्य मिलेगी। तनाव को दूर करने के लिए योजनाबद्ध होकर स्टडी करें और तनाव से दूर रहने के लिए ग्राउंड पर पसीना बहाएं। नेतृत्व क्षमता को विकसित करके अपने आत्मविश्वास को बढ़ाएं। पढ़ाई करते समय विषय को लिखने की आदत डालें, इससे कल्पना शक्ति का विकास होगा। परीक्षा नजदीक आने पर पढ़ाई पर फोकस कैसे करें, इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि समय का सदुपयोग कर अपने लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करें। परीक्षा पे चर्चाह्न में पीएम मोदी ने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे अपने बच्चों की किसी से तुलना न करें, बच्चों की क्षमता, योग्यता और अभिरूचि के अनुसार भविष्य का चुनाव करने दें। योगासन, प्राणायाम और शारीरिक श्रम को जीवन में महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि हमेशा पौष्टिक एवं ताजा आहार लें और नियमित व्यायाम करें क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क रहता है।

### सुरेन्द्र कौशिक सर्वसम्मति से बने पत्रकार एकता संघ के कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष

टीम एक्शन इंडिया
**कुरुक्षेत्र :** पत्रकार एकता संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक सेक्टर 17 स्थित संघ कार्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष डी आर भटनागर की अध्यक्षता में हुई।बैठक में कार्यकारिणी और सदस्यों नें सर्वसम्मति से सुरेन्द्र कौशिक को कुरुक्षेत्र जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष डी आर भटनागर नें बताया कि पत्रकार एकता संघ पत्रकारिता की गरिमा, मयार्दा के साथ समाज कल्याण और राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ाएगा।उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में आज अनेक चुनोतियाँ हैं, पत्रकारिता का स्वरूप लगातार बदल रहा है. पत्रकार एकता संघ मीडियाकर्मियों की बुलंद आवाज बनेगा।इस दौरान नव नियुक्त जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक नें राष्ट्रीय, प्रदेश कार्यकारिणी और संगठन का आभार जताया. उन्होंने कहा कि वे इस दायित्व को ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करेंगे।आपको बता दें कि पत्रकार एकता संघ देशभर में एक्टिव एकमात्र ऐसा संगठन है जो पत्रकारों के हित के लिये काम करता है।

# अच्छी तरह से समय का सदुपयोग करना है: शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा

### परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम 2025 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने देखा लाइव व जमकर बजाई

**प्रशिक्षण**

**▶▶ प्रधानमंत्री ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में बच्चों को समझाया कि चुनौती के पार निकलना है**



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन )
हरियाणा के उच्च शिक्षा, अभिलेखागार, संसदीय मामले व स्कूल शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने सोमवार को राजकीय वरिष्ठद माध्यमिक विद्यालय, सिवाह के सभागार में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम 2025 के लाइव कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्कूली बच्चों के साथ की गई वार्ता व सवाल जवाबों को दर्शक बन कर पूरा कार्यक्रम इतमिनान से सुना व बाद में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक घंटे के इस कार्यक्रम बच्चों को खुला आसमान देने व अच्छी लेखनी के साथ तनाव पूर्ण माहौल से दूर रहकर परीक्षा देने की बात की सराहना की ।
प्रधानमंत्री ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में बच्चों को समझाया कि चुनौती के पार निकलना है। अच्छी तरह से समय का सदुपयोग करना है। लीडरशीप की भावना के साथ आगे बढना है। सम्मान कमाना है मांगना नहीं है। उन्होंने कहानियों व कुछ उदाहरणों के जरिये भी बच्चों को आने वाली परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि परीक्षा को पार करना है उससे डरना नहीं है। परीक्षा चुनौती जरूर है लेकिन ऐसा नहीं है कि उसे पार नहीं पाया जा सकता। इसके लिए अच्छे प्रबंधन की आवश्यकता है। कभी भी निराशा को साथ नहीं रखना है। तनाव मुक्त होकर परीक्षा देनी है। कोई भी परिस्थिति एक जैसी नहीं होती।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि जीवन का अंग ही समस्या है। एक स्टेच्यू बनाकर सोचना है। ऐसा निरंतर प्रयास करने से काफी हद तक अपने आप को चिंता से मुक्त कर लेंगे। उन्होंने अकबर के राज्य के दौरान की एक घटना को बच्चों के सामने एक उदाहरण के रूप में रखा। जिसका सारांश यही निकलता था कि ये वक्त भी गुजर जाएगा।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि अंहकार में मत आना। जीवन के यह अहम पल हमारे जीवन को नई दिशा देने जा रहे है। इनका सदुपयोग करना। अलग अलग रूप में चुनौतियां आती है उनसे घबराना नहीं, ये कभी भी रूकती नहीं। ये जहां परेशानी लेकर आती है वहीं खुशियां भी लेकर आती है। हमें दोनों परिस्थितियों में अपने आप पर नियंत्रण करना है व पार जाना है।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि बगैर शिक्षक के कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता। शिक्षक ही आदर सम्मान का केंद्र बिंदु है। उन्होंने गुरू की महिमा का मंडन करने हुए कहा कि गुरू हमेशा अपने बच्चों में कभी भेदभाव नहीं करते व उनके जीवन को समृद्ध व खुशहाल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करते है।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि हमें आज के मध्यनजर कार्य करना चाहिए। हमें आज में जीना है। जो आज में जीयेंगे, अभी में जीयेंगे उनके सामने किसी भी तरह की चुनौती नहीं आयेंगी।

## पूजा कॉम्प्लेक्स में राजसी एथनिक शोरूम की ग्रैंड ओपनिंग




टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
**अम्बाला:** अम्बाला शहर के पूजा कॉम्प्लेक्स में गत दिवस को दो सहेलियों ने राजसी ब्रांड लांच किया। राजसी एथनिक एसेंसियल नाम के इस स्टोर में दूल्हे और दुल्हन की पसंद पर शादी के पारंपरिक परिधान उपलब्ध होंगे। यह ब्रांड दो सहेलियों राधिका चीमा और सरगम चावला ने शुरू किया है। इस मौके पर गायक जसबीर जस्सी और राधिका चीमा के भाई व्यवसायी संजीव जुनेजा मौजूद रहे। राजसी ब्रांड की संचालक राधिका चीमा और सरगम चावला ने बताया कि यह ब्रांड दूल्हे-दुल्हन के लिए शुरू किया है। उन्होंने अपनी 20 वर्ष की दोस्ती को ब्रांड में बदला है। राधिका ने बताया कि उनको आर्ट और क्रिएटिविटी में दिलचस्पी थी और सरगम को कपड़े का

**पारंपरिक**

**▶▶ एसेंसियल नाम के इस स्टोर में दूल्हे और दुल्हन की पसंद पर शादी के पारंपरिक परिधान उपलब्ध होंगे**

अनुभव। इसलिए राजसी ब्रांड शुरू किया। उन्होंने कहा कि राजसी में हर दुल्हन को पसंद की वैरायटी मिलेगी। राधिका ने बताया कि उनका लक्ष्य पूरे देश में अपने स्टोर को पूरे भारतवर्ष में लेकर जाने का है ताकि पूरे देश में स्टोर की फ्रेंचाइजी शुरू की जा सके।
सरगम ने बताया कि दुल्हन के लिए तैयार होने वाली हर वैरायटी रीति-रिवाज परंपरा से जुड़ी रहेगी। शादी के लिए अलग वैरायटी रहेगी।

## केयूके स्पार्टन टीम के उपकप्तान अंशुल शर्मा ने जड़ा शतक

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के केयू सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के खेल मैदान में केयूके गैर-शिक्षक कर्मचारी टी-20 प्रतियोगिता के अनौपचारिक मैचों में रविवार को एडमिन प्लेयर्स केयूके व केयूके स्पार्टन के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एडमिन प्लेयर्स की टीम ने 20 ओवर में 151 रन बनाए जिसमे नारायण शर्मा ने 6 चौके व 2 छक्के के साथ 60 रन व सुमित ने 30 रन बनाए। वहीं स्पार्टन टीम की ओर से रामेश्वर दास, सुशील यादव व कप्तान हरीश गैरोला ने 2-2 तथा अशोक थापा ने 1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केयूके स्पार्टन टीम के ओपनर बल्लेबाज उपकप्तान अंशुल शर्मा ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 62 गेंदों में नाबाद 103 रन की पारी खेली जिसमें 16 चौके व 3 गगनचुम्बी छक्के शामिल रहे। उनके साथ कप्तान हरीश गैरोला ने भी 39 रन की अहम पारी खेली तथा बिना विकेट खोए मैच को 18 ओवर में जीत लिया। मैच के बाद कप्तान हरीश गैरोला ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि 10 विकेट से मैच जीतकर उनकी टीम के हौंसले बुलंद है।

## तकनीकी क्षेत्र में युवाओं को करनी होगी कठोर मेहनत: शिक्षा मंत्री

**युवा केंद्रीत**

**▶▶ जब भारत आजादी का सौंवा साल मनायेगा तो उस वक्त पूरी तरह से भारत विकसित हो चुका होगा**



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )
महर्षि कश्यप राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, जाटल में सोमवार को हरियाणा के उच्च शिक्षा, अभिलेखागार, संसदीय मामले व स्कूल शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने सरकारी इंजीनियरिंग, बहुतकनीकी संस्थानों के इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रिकल व इंस्ट्रूमेटेशन से संबंधित 65 शिक्षकों की पहली एक्सपोजर विजिट का फ्लैग ऑफ करने के बाद सभागार में संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण एवं उच्च संस्थानों के दौरे से उनके शिक्षण एवं प्रेक्टिकल की गुणवत्ता में सुधार होगा। नये आयाम जो कि विद्यार्थियों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लगाव देश के युवा एवं विद्यार्थियों पर केंद्रित है क्योंकि ये ही युवा आने वाले समय में भारत का भविष्य बनेंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि हरियाणा के बच्चों को पैरों पर खड़ा होने के लिए कठोर मेहनत करनी होगी। इस क्षेत्र में नया करने पर विचार करना होगा। विजन तय करके अच्छे से कार्य करना होगा। हमें अपने कार्य को और गति देनी होगी। विद्यार्थियों को अच्छी कमांड मिलें उस पर ओर जोर देने की आवश्यकता है।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। अच्छे परिणाम को लेकर हमें प्रयास करने की ओर जरूरत है। इसमें किसी तरह की कोताही न बरतें। संस्थानों में 2025 के सत्र में इसकी शुरूआत दिखाई देनी चाहिए।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि 2047 के विकसित भारत को लेकर तैयारियां की जा रही है। भारत में पूरी दुनिया के सामने चुनौती रखी है। सारी दुनिया एक टक होकर भारत की तरफ देख रही है।

जब भारत आजादी का सौंवा साल मनायेगा तो उस वक्त पूरी तरह से भारत विकसित हो चुका होगा। इस संकल्प को लेकर हमें कार्य करने की जरूरत है।

## बांसुरी वादक डॉ उस्ताद मुजतबा हुसैन को आचार्य बालकृष्ण ने किया सम्मानित

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :** प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि वेद विद्या शोध संस्थान, पिपली के संचालक स्वामी सम्पूर्णानंद के कुशल मार्गदर्शन में 1 से 12 फरवरी तक धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर स्थित योग भवन, में चल रहे बारह दिवसीय चतुर्वेद पारायण महायज्ञ में पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला से विशेष रूप से आमंत्रित अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बांसुरी वादक उस्ताद डॉ मुजतबा हुसैन को पतंजलि हरिद्वार से पधारे प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य आचार्य



बालकृष्ण द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ उनके शिष्यों डा. कुकरेजा, राहुल, शिव व अन्य शिष्यों विष्णु, स्नेहा व वंदिता सहित गुरुकुल के ब्रह्मचारियों ने बांसुरी पर ध्वनि व गायत्री मंत्र से प्रारम्भ किया। उस्ताद मुजतबा अब तक 300 से भी अधिक फिल्मों में बांसुरी वादन कर चुके हैं व उन्हें अनेक विशिष्ट सम्मानों से भी सुशोभित

**मांग**

**▶▶ शिष्यों विष्णु, स्नेहा व वंदिता सहित गुरुकुल के ब्रह्मचारियों ने बांसुरी पर ध्वनि व गायत्री मंत्र से प्रारम्भ किया**

किया जा चुका है। आज के पावन अवसर पर स्वर्गीय रविन्द्र जैन द्वारा रचित रामायण सीरियल की प्रसिद्ध चौपाई राम सिया राम सिया राम जय जय राम बॉंसुरी पर वादन कर सभी गणमान्य उपस्थित जनों का मन मोह लिया। स्वामी संपूर्णानंद के विशेष आग्रह पर गदर फिल्म का गीत उड़ जा काले कावां जिसका मूल रूप से वादन भी उनके द्वारा किया गया है को भी बांसुरी पर वादन कर दर्शकों को झूमने के लिए विवश कर दिया। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र में उनके शिष्य प्रतिनिधि के तौर पर हरियाणा योग आयोग के सदस्य एवं पूर्व में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला द्वारा बॉंसुरी के लिए नामित गुरु डॉ. कुकरेजा कुरुक्षेत्र में व अन्य कई शिष्य अन्य प्रदेशों में बांसुरी वादन शिक्षा का प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

## कांग्रेसियों ने देश के लिए बलिदान दिया: लाली शर्मा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :** कांग्रेस है कांग्रेस थी और कांग्रेस हमेशा रहेगी। कांग्रेस ने देश को आजाद कराया, कांग्रेस ने इस देश को अपने पैरों पर खड़ा किया, कांग्रेसियों ने इस देश के लिए बलिदान दिया इसलिए कांग्रेस इस देश का रिश्ता रिश्ता अटूट है, इस देश की आत्मा है कांग्रेस। राहुल गांधी युवा ब्रिगेड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष लाली शर्मा ने कहा कि जहां कांग्रेस ने गरीबी के खिलाफ लड़ाई लड़ी और भारत को गरीबी हटाओ का नारा दिया और बीजेपी गरीबों से जंग लड़ रही है और उनका नारा गरीब



हटाओ लगता है। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में सर्वाधिक गरीब विरोध बजट है। इस बजट में आम जनता की पीड़ा, बेरोजगारी, महंगाई और गिरते जीवन सत्र का कोई उल्लेख ही नहीं है। जनता को गरीबी से बाहर निकलने में मदद करने वाले कार्यक्रम अब राष्ट्रीय प्राथमिकता के कार्यक्रम नहीं रहे।
गरीब लोग जीवित रहने के लिए भोजन का अधिकार और मनरेगा जैसे कार्यक्रमों पर भरोसा करते हैं, यह सबसे गरीब भारतीय नागरिकों के जीवन और गरिमा के अधिकार पर सीधा और कठोर हमला है, इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि भाजपा सरकार ने एक ऐसे भारत का निर्माण किया है जहां असमानता ऐतिहासिक चरम पर पहुंच गई है। भाजपा की इन नीतियों ने बड़ी संख्या में लोगों को घोर गरीबी और पीड़ा में धकेल दिया है

## नशा तस्कर को काबू किया

पानीपत, (कमाल हुसैन )
एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने राक्सेहडा गांव में एक नशा तस्कर को 1 किलो 946 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान रविंद्र निवासी राक्सेहडा के रूप में हुई। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाने के लिए उक्त गांजा दिल्ली आजादपुर मंडी में अज्ञात युवक से कम कीमत पर खरीदकर लाने बारे स्वीकारा। पुलिस ने आरोपी रविंद्र के खिलाफ थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर सोमवार को पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया।

## सार्थक साहित्य मंच की मासिक काव्य गोष्ठी हुई

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र:** आज डॉ.शंकुन्तला शर्मा जी की मेजबानी में गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में आयोजित की गई ।इस काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ.सी. सी.डी.एस.कौशल जी ने की । इसका कुशल मंच संचालन डॉ.बलवान सिंह जी ने किया । काव्यगोष्ठी का शुभारंभ ज्योति प्रज्वलित कर माँ शारदे की स्तुति कर हुआ। इसमें कवियों ने नववर्ष ,देशभक्ति ,श्रृंगार रस और समाज की विभिन्न समस्याओं पर आधारित विषयों पर अपनी प्रस्तुति दी ।काव्य गोष्ठी में निम्नलिखित कवियों और कवयित्रियों ने सहभागिता की डॉ. सी.डी.एस



कौशल, डॉ.शंकुन्तला शर्मा ,डॉ.ममता सूद ,डॉ. बलवान सिंह ,श्री हरीश बंसल,श्री सतीश कुमार गर्ग 'गैर',श्री विनोद सूद,श्री सहदेव शर्मा आदि।डॉक्टर सी.डी.एस. कौशल जी ने कहा कि मन का सारा खेल है अब राम में तू मन लगा।थोड़ा-थोड़ा धर्म कर और काम में तू तन लगा।।
डॉ.शंकुन्तला शर्मा कहा कि आया बसंत पाला अंत पीली सरसों खिल-खिल आईं ,ओढ़े फैंक चुनरिया धानी धरती चीर बसंती ओढ़ आई ।डॉ.ममता सूद ने कहा कि जुड़े रहोगे अपने मूल से ,तभी जीवित रह पाओगे ।नहीं तो धीरे-धीरे तुम ,अपना अस्तित्व मिटाओगे । नया वर्ष नयी सोच,करो कुछ नयी खोज। करो कुछ नया संकल्प,ढूंढों कुछ

**बैठक**

**▶▶ डॉ.बलवान सिंह बादल ने कहा कि अपने जज्बात कहां हर किसी से बयां होते हैं जो दुख दर्द समझ सके**

नये विकल्प ।
डॉ.बलवान सिंह बादल ने कहा कि अपने जज्बात कहां हर किसी से बयां होते हैं जो दुख दर्द समझ सके बस उसी से बयां होते हैं तुम एक बार शायरों की महफिल में आकर देखो यहाँ गम के किस्से कितनी खुशी से बयां होते हैं।
सतीश गर्ग 'गैर ' जीवन सांस के आने जाने का फेरा है।

## राजकीय स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी भी उर्तीण कर रहे है आईएएस की परीक्षाएं: कृष्ण

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि राजकीय स्कूलों में पढने वाले विद्यार्थी भी आईएएस और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं को उर्तीण कर रहे है। इन स्कूलों से आईएएस और अन्य उच्च पदों को हासिल करने के सैकड़ों उदाहरण सबके सामने है। इसलिए अभिभावकों को अपने बच्चों को राजकीय स्कूलों में शिक्षा के लिए भेजना चाहिए।
कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार सोमवार को गांव कनीपला के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षा विभाग की तरफ से आयोजित परीक्षा पर चर्चा 2025 कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल



पंवार, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, जिला परिषद की अध्यक्षा कंवलजीत कौर, वाइस चेयरमैन डीपी चौधरी ने दीप शिखा प्रज्वलित करके विधिवत रूप से परीक्षा पर चर्चा 2025 कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑन लाइन प्रणाली के माध्यम से देश के करीब साढे तीन करोड़ विद्यार्थियों को 8वें अंक के परीक्षा चर्चा कार्यक्रम के दौरान तनाव मुक्त होकर परीक्षा देने के टिप्स दिए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने स्पष्टद कहा कि विद्यार्थियों को परीक्षाओं के दौरान खूब पढना चाहिए और बिना तनाव के परीक्षा देनी चाहिए। सभी विद्यार्थियों का एक लक्ष्य होना चाहिए कि पढकर अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करे ना कि

**टिप्स**

**▶▶ कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर सही दिशा में आगे बढ़ना चाहिए**

अधिक से अधिक अंक हासिल करे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षाओं के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विद्यार्थियों को परीक्षा पर चर्चा जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेरित करने का काम कर रहे है। इन परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों को मानसिक रूप से तनाव में नहीं रहना है, बच्चें स्कूल में खेले, कूदे और निरंतर कक्षाएं लगाकर ज्ञान अर्जित करे तथा तनाव मुक्त होकर परीक्षाएं दे। सभी विद्यार्थियों के अच्छे परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपनी दिनचर्या पर पूरा फोकस रखना चाहिए और किसी प्रकार की लापरवाही भी नहीं बरतनी चाहिए। इस समय विद्यार्थी को अपने सारे कार्य समय पर करने का प्रयास करना चाहिए।
कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर सही दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।
इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरा आत्मविश्वास मन में रखना होगा।

## रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों का प्रयोग कर रहा भूमि की उपजाऊ शक्ति नष्ट: एसडीओ

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से सिवाह और कालखा में प्राकृतिक खेती को लेकर किसान गोष्ठद्दी का आयोजन किया गया। कृषि विभाग के एसडीओ देवेन्द्र कुहाड़ ने बताया कि किसानों को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए हर खंड पर दो किसान गोष्ठद्दी का आयोजन किया जाएगा। एसडीओ ने कहा कि रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों का प्रयोग करने से मिटटी की उर्वरा शक्ति नष्ट होती जा रही है और इसके साथ रासायनिक कीटनाशकों के प्रयोग से जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, मृदा



प्रदूषण प्रतिदिन बढ़ रहा है। इसको लेकर कृषि भूमि को बचाने के लिए प्राकृतिक खेती को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा किसानों को प्रत्सोहन करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
खंड कृषि अधिकारी डॉ.सेवा सिंह ने बताया कि प्राकृतिक खेती अपनाने से कृषि भूमि में जीवाणु की वृद्धि होती है।
कम लागत में अधिक पैदावार हो सकती है। उन्होंने इस खेती को लेकर किसानों को अनुदान और सहायता भी प्रदान की जाती है।

# गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा टी विद गुदगुदी/सुर संध्या कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/इस्माईलाबाद : सोशल** ऑर्गेनाइजेशन गुदगुदी जंक्शन समूह,कुरुक्षेत्र की खण्ड इस्माईलाबाद शाखा द्वारा रविवार सायं रोशनपुर रोड़ स्थित शर्मा मार्केट में "टी विद गुदगुदी/सुर संध्या" कार्यक्रम आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए सदस्य रजत शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की मेजबानी इस्माईलाबाद प्रभारी चंद्रप्रकाश शर्मा ने की। कार्यक्रम में सर्व धर्म समाज कल्याण सोसाइटी अम्बाला के चेयरमैन राष्ट्रपति अवार्डी राजेंद्र कौशिक ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की



जबकि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सुनील वत्स विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ ने की। दोनों अतिथियों सहित अम्बाला के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ.संजय गौतम,प्रहलाद भगत शर्मा,जयनारायण दीक्षित एडवोकेट और सतीश कौशल आदि सदस्यों ने दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात श्री गणेश,मां सरस्वती और गुरु वंदना हुई और सभी सदस्यों ने कुशलक्षेम वार्ता के साथ-साथ गुदगुदी जंक्शन द्वारा समाज हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। इस दौरान चंद्रमौलि गौड़ ने कहा कि गुदगुदी समूह आज व्यस्त जिन्दगी में लोगों को तनाव से मुक्ति दे रहा है। समूह द्वारा मनोरंजन के साथ-साथ दोस्ती बढ़ाने के अलावा सुख-दुःख भी सांझा किया जाता है। कार्यक्रम में 10 गायकों ने अपनी मधुर आवाज में भजन,देशभक्ति और मनोरंजक गीतों से समां बांधा जिसमें पंडित विजय शर्मा ने भजन "ये जीवन की घड़ियां किसी काम की नहीं"...,वेद सैनी ने "दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन में समाई ,काहे को दुनिया बनाई"...,सतीश कौशल ने देशभक्ति गीत "ए मेरे प्यारे वतन"...,मोहन लाल वर्मा ने " कौन है जो सपनों में आया,कौन है जो दिल में समाया"...,अमन वर्मा ने "पल पल दिल के पास तुम रहती हो"...,कुरूक्षेत्र से पंडित संयोगानंद ने "जिंदगी के सफर में गुजर जाते हैं जो मुकाम"...,मनोज वशिष्ठ ने "नाम गुम जाएगा, चेहरा ये बदल जाएगा"...,पवन शर्मा ने "दिल में हो तुम आंखों में तुम".... और हास्य कविता "रेल का डिब्बा"...,अम्बाला से अरुण कुमार संजू ने "ये जमीं गा रही है आसमां गा रहा है"...और "इक रोज मैं तड़पकर इस दिल को थाम लूंगा"...आदि गीतों की प्रस्तुति से समां बांधा।

# महिला कॉलेज में दी यातायात नियमों के बारे में जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जिला यातायात** पुलिस व आरटीए विभाग द्वारा संयुक्त रूप से यातायात नियमों के बारे में आमजन को जागरूक करने के लिए जागरुकता अभियान चलाऐ जा रहे हैं। सोमवार को आरटीए विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने जयराम कॉलेज लौहार माजरा में छात्राओं को यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया। यातायात पुलिस के उप निरीक्षक शेर सिंह ने सड़कों पर प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाओं के बारे में छात्राओं से चर्चा करते हुए कहा कि हमारी लापरवाही से ही ज्यादा सड़क दुर्घटना घटती हैं सडक दुर्घटना पीड़ित परिवार के लिए बड़ी मुसीबत लेकर आती है। हमारी थोड़ी सी सावधानी और जागरूकता से सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा



सकता है। हमें हमेशा सड़कों पर यातायात के नियमों की पालना करनी चाहिए। युवा वर्ग यातायात नियमों को अपने व्यवहार में अपनाकर तथा छोटी-छोटी आदतों को जीवन का हिस्सा बनाकर अपना व दूसरों के जीवन को सुरक्षित बना सकते हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने साईबर क्राईम सें बचनें बारे भी जागरुक किया तथा साईबर हैल्पलाइन नम्बर 1930 के बारे जानकारी दी। आरटीए विभाग के परिवहन निरीक्षक श्री जोगेंद्र ढुल ने कहा कि जब भी हमारे सामने सड़क पर कोई दुर्घटना घट जाती है तो हम अक्सर घायल की मदद करने की जगह घायल व्यक्ति व घटना के स्थान की वीडियो बनाने लग जाते हैं। जो कि उस समय उचित नहीं है।

## न्यूज फ्लैश

### जनता के भलाई के लिए समर्पित थे गुरु हर राय साहिब - हरप्रीत सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला: गांव बहबलपुर** गुरू ग्रंथ साहिब विद्या केंद्र सेवा समिति में बच्चों ने कीर्तन किया और हरप्रीत सिंह कथावाचक निसाना वाले बुडादल जत्थेदार ने गुरु हर राय साहिब के इतिहास के बारे में बच्चों को बताया। उन्होंने बताया कि गुरु हर राय सिख धर्म के दस गुरुओं में से सातवें गुरु थे। 14 साल की आयु में वह सिख गुरु बन गए। उन्होंने जरूरतमंदों के लिए पानी के प्याऊ, इंसानों और पशुओं के लिए दवाखाने खोले। जहां उनका इलाज होता था। वे जड़ी-बूटी की खेती करते थे। उन्होंने काफी संख्या में घुड़सवारी के लिए घोड़े भी रखे हुए थे। उन्होंने संगत से विनती की कि हमें चाहिए कि गुरु हर राय की आज्ञा का पालन करें। उन्होंने बताया कि इस विद्या केन्द्र की सेवा में बाबा ठाकुर सिंह जी तन-मन-धन से सहयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रधान बीबी भूपिन्द्र कौर, महान सिंह सेक्रेटरी पटियाला, सुखविंदर सिंह बहबलपुर, गुरचरण सिंह मर्दों साहिब, सरूप सिंह बडोला, सेवादार जगतार सिंह व अन्य संगत मौजूद रहे।

### फैक्टरी में करंट लगने से व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के इंद्री-नन्हेड़ा** मोड़ के पास एक फैक्ट्री में करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक टायर रिपेयर करने के साथ-साथ पार्ट टाइम लेबर का काम भी करता था। उसे लाइनमैन ने फोन करके फैक्ट्री में काम करने के लिए बुलाया था। वहीं पर यह हादसा हो गया। हालत बिगड? पर मजदूर को करनाल के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से उसे पीजीआई रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने लाइनमैन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव खेड़ा निवासी रमेश कुमार टायर पंक्चर ठीक करने और मजदूरी का काम करता था। उसकी पत्नी ममता रानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि 5 फरवरी को शाम साढे 4 से साढे 5 बजे के बीच उसे बिजली विभाग के लाइनमैन जितेंद्र का फोन आया। रमेश ने शिकायतकर्ता को बताया कि उसे नन्हेड़ा मोड़ के पास एक फैक्ट्री में काम करने के लिए बुलाया जा रहा है। वह घर से चला गया, लेकिन कुछ देर बाद उसके बेटे दिवाकर को सिविल अस्पताल से फोन आया कि उसके पिता की हालत बिजली का करंट लगने से गंभीर है। परिजन तुरंत अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने रमेश की हालत गंभीर बताई और पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी रात को मौत हो गई।

### लिव इन में रह रहे युवक ने निगला जहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में एक** युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाकर अपनी जान दे दी। मृतक की पहचान 30 वर्षीय विष्णु के रूप में हुई है, जो कैथल के पूंडरी का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि वह पिछले तीन महीनों से एक महिला के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रहा था। कल शाम को उसने जहर निगल लिया, जिसके बाद उसे कैथल के अस्पताल में ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसकी हालत को देखते हुए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया। यहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आज दोपहर को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया और फिर परिजनों को सौंप दिया। मृतक के भाई कृष्ण ने बताया कि विष्णु पिछले 3-4 महीने से कैथल निवासी ज्योति नाम की एक महिला के साथ रह रहा था, जो अपने तीन बच्चों को छोडकर उसके साथ आई थी। परिवार का कहना है कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ होगा, तभी विष्णु ने यह कदम उठाया। महिला ने फोन कर घरवालों को विष्णु के अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी दी, लेकिन परिवार को उसकी मौत की खबर आज सुबह मिली। भाई का कहना है कि उन्हें पूरे मामले में कुछ गड़बड़ लग रही है, क्योंकि महिला का पति

# 10वें स्थापना दिवस पर खेल मेले का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : आज पेहोवा ब्लॉक** में खंड स्तरीय खेल मेले का आयोजन किया गया जो की जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार के मार्गदर्शन में और खंड शिक्षा अधिकारी रामराज शर्मा के सहयोग से इस दिन को खास बनाने के उद्देश्य से बाल वाटिका 3 से लेकर कक्षा 5 तक के बच्चो को भागीदारी करने का अवसर मिला` कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए स्कूल मुखिया ने सभी बच्चो को लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के बारे में बताया कि यह संस्था हरियाणा सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है और सभी स्कूलों में अकादमिक सहायता प्रदान करती है`



संस्था के द्वारा समय समय पर शिक्षक प्रशिक्षण और टीएलएम भी उपलब्ध करवाया गया है, बाल वाटिका के बच्चो के साथ जो कार्य हो रहा है उसकी सारी शिक्षण सामग्री और खिलोने दिए गये हैं जो कि बच्चो के सीखने में बहुत उपयोगी हैं इस अवसर पर खेल मेले का आयोजन कर रहे हैं, जो कि निपुण हरियाणा कार्यक्रम को मदद करेगो इस मेले में बालवाटिका-3 में पढ़ने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों ने भाग लिया। इसी के तहत राजकीय प्राथमिक पाठशाला थाना में खंड स्तरीय खेल मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिले से एलएलएफ के क्षेत्रीय प्रबंधक ओम पाल जी, दिलीप और सुमित शर्मा ने प्रतिभाग किया गया । इसके साथ ही राजकीय प्राथमिक पाठशाला धूलगढ़ गुलड़ेहरा के मुखिया पवन मित्तल उपस्थित रहे। राजकीय प्राथमिक पाठशाला थाना स्कूल के मुखिया रमेश कुमार जिसमें ने अभिभावकों को खेल मेला आयोजन का उद्देश्य और इसका महत्व अभिभावकों को बताया गया। इसके बाद अभिभावकों और बच्चों ने आज के दिन सुझाई गई गतिविधियों में भाग लिया। मुख्य रूप से रंगोली, कलर पहचान, पिरामिड बनाना, लड्डू का खेल मुख्य थे, इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# विकास कार्य की निगरानी जरूरी:कंवलजीत कौर



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जिला परिषद** कुरुक्षेत्र की देखरेख में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट लेने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों से विभिन्न स्कीमों से चल रहे कामों की रिपोर्ट ली गई। इस दौरान जिला परिषद की चेयरपर्सन ने विकास कार्यों की निगरानी के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ साथ पार्षद,सरपंच,पंच आदि को शामिल करके कमेटी बनाने के आदेश दिए है।

इस मौके पर जिला परिषद के वाइस चेयरमैन धर्मपाल चौधरी, सीईओ जिला परिषद और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे हैं।

# समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का हो रहा है त्वरित निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने और प्रशासन को अधिक जनहितैषी बनाने के उद्देश्य से जिले में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को जिला सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस रूम में समाधान शिविर का आयोजन हुआ जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं तथा उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया गया। डीसी डाक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि समाधान शिविर में नागरिक शिकायतें दर्ज करवाते हैं, सोमवार को 55 लोगो ने अपनी शिकायते दर्ज करवाई, जिनमें अधिकतर, पैशन, बिजली, पक्का मकान बनवाने, परिवार पहचान पत्र में आय कम करवाने तथा पुलिस से संबधित थी। जिनका समाधान संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा त्वरित माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर में अधिकतर समस्याओं का निवारण मौके पर ही किया जाता है, जबकि कुछ मामलों में आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है। डीसी ने कहा कि समाधान शिविर प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण जरिया है।

# विद्यालय में युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**विद्यालय में युवा** संसद प्रतियोगिता का करनाल मंडल स्तर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें जिला कुरुक्षेत्र से निर्णायक तौर पर विद्या धन वरिष्ट प्रवक्ता डाईट पलवल, राजेश कुमार प्रवक्ता लोहार माजरा, व राजिंदर सिंह सहायक प्राध्यापक डाईट पलवल उपस्तिथ रहे । जिसमें विद्यालय के छात्रों द्वारा युवा संसद में मुख्यतः कुमारी आरती (अध्यक्ष), कुमार अरुण (प्रधानमंत्री), वंश (कानून मंत्री), मनप्रीत (कृषि मंत्री), मंजीत



(शिक्षा मंत्री) व कोमल प्रीत (नेता प्रतिपक्ष), कुमारी अंशिका (गृहमंत्री) की शानदार भूमिका निभाई । निर्णायक मंडल ने छात्रों की काफी प्रसंसा की व उनकी मेहनत व लगन की काफी सराहना की । कार्यक्रम में मुख्यतः नरेंदर मान (प्रवक्ता रा० शास्त्र सिठाना), रणबीर जागलान (रिटायर्ड प्रिंसिपल काबड़ी), अजमेर (रिटायर्ड सुप्रिडेंट डाईट पानीपत), पुष्पलता (रिटायर्ड प्रवक्ता रा० शास्त्र राजपुर) गाँव से रामपाल , राजेश, राजेंदर (ब्लाक समिति सदस्य) व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्तिथ रहे।

# बाल श्रम करवाना कानूनी अपराध: डीसी

**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

**डीसी विरेंद्र कुमार** दहिया ने कहा है कि बाल श्रम रोकने के लिए सभी अधिकारी अपने क्षेत्र में निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि बाल श्रम में बच्चों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए सभी की सहभागिता बहुत जरूरी है। उपायुक्त ने कहा कि समाज व प्रशासन की सतर्कता बच्चों के बिगड़ते भविष्य को सुधार सकती है और ऐसे बच्चों के जीवन में उजाला ला सकती है, जो किसी ना किसी कारणवश बाल श्रम के दलदल में फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की ओर से बाल श्रम रोकने के लिए पेंसिल पोर्टल भी शुरू किया है।

# छात्रों के साथ मनाया गया आशीर्वाद दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : आज** श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रबंध समिति, आचार्यगण व द्वादश के छात्रों ने साथ मिलकर यज्ञ के साथ आशीर्वाद समारोह कार्यक्रम मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के आचार्य सतीश शास्त्री ने यज्ञ की आहुतियां के द्वारा सभी छात्रों को समाज एवं देशहित में सफल होने की कामना प्रदान की। विद्यालय की आचार्य मोनिका शाह ने कार्यक्रम के रूपरेखा बताकर मंचासीन महानुभावों का परिचय कराकर स्वागत किया । विद्यार्थियों की ओर से विज्ञान संकाय के अमानत सिंह ,वाणिज्य संकाय? के पारस तथा कला संकाय के वंश



ने विद्यालय द्वारा प्राप्त किए गए संस्कारों,अच्छी शिक्षा व्यवस्था ,अनुशासन व सहयोग की भावना तथा शारीरिक क्षमता बढ़ाने वाले तथ्यों के बारे में बताया- जिससे उनकी राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में मेडल प्राप्त करने की क्षमता बढी। एनसीसी के दोनों विंग तथा और एन एस एस, स्काउट की विशेषताएं एवं विद्यालय की प्रयोगशालाओं और प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं के माध्यम से छात्रों ने उनकी सभी योजनाओं के बारे में बताया कि हम सब इससे निरंतर लाभान्वित हो रहे हैं । हम इसके लिए संपूर्ण विद्यालय परिवार के आभारी हैं । प्राचार्य अनिल मदान ने अपने उद्बबोधन में छात्रों को बताया कि यह विद्यालय विद्या भारती का एक सर्वोत्कृष्ट विद्यालय है जो 1946में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सर संघचालक परम पूजनीय गुरूजी द्वारा प्रारंभ किया गया था ।

उस समय उनका उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और अच्छे समाज निर्माण को शिक्षा से जोड़कर छात्रों को शिक्षा देने का रहा था जो आज तक लगातार इस प्रगति के पद पर अग्रसर है । सभी विद्यार्थी गण विद्यालय में पूर्व छात्र के रूप में आते रहे और अपने इस विद्यालय और समाज व देश की सेवा के उत्थान में कार्य करते रहे तभी आज के इस कार्यक्रम को एक उत्सव के रूप में मनाने का हमारा संकल्प सिद्ध होगा ।

# श्रीमद् भागवत गीता के श्लोक को लिख कर दिया भागवत गीता पढ़ने

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) एसडी सीनियर सेकेंडरी** स्कूल के प्रांगण में कक्षा सातवीं व आठवीं के सभी छात्रों ने श्रीमद् भागवत गीता को पढ़ने को प्रेरित करने के लिए एक एक्टिविटी प्रस्तुत की! जिसमें सभी बच्चों ने श्रीमद् भागवत गीता के श्लोक को लिखकर श्रीमद् भागवत गीता पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने कहा कि गीता में विश्व संरचना एवं मानव जगत के कल्याण का सार तत्त्व निहित है। भगवद् गीता के सार को इसके पांच मुख्य विषयों - ईश्वर, जीव, प्रकृति, काल और कर्म को जानकर अच्छी तरह समझा जा सकता है । गीता में वेदों के ब्रह्मवाद और उपनिषदों के अध्यात्म दोनों की खास सामग्री है! गीता में 18 अध्याय और 700 श्लोक हैं । प्रिंसिपल ने बताया कि हमारे विद्यालय में संस्कृत के अध्यापक करण का भागवत गीता को पढ़ाने में विशेष योगदान है और अगले सत्र से विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम में भागवत गीता भी शामिल की जाएगी। यह पानीपत का पहला ऐसा स्कूल होगा जहां पर श्रीमद् भागवत गीता को हिंदी अनुवाद सहित बच्चों को समझाया जाएगा! विद्यालय के प्रधान प्रमोद बंसल ने कहा कि भगवद गीता हमें पवित्रता, शक्ति, अनुशासन, ईमानदारी, दयालुता और निष्ठा के साथ जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करती है।

# योजना बनाकर करें परीक्षा की तैयारी: डॉ. ममता सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : प्रत्येक छात्र** के चेहरे पर हमेशा मुस्कान होनी चाहिए। शांत रहकर धैर्य से कड़ी मेहनत करते हुए योजना बनाकर छात्रों को परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए। हम गीता की भूमि पर खडे.हैं इसलिए छात्रों को अपना कर्म पूरी ईमानदारी से करना चाहिए और फल की इच्छा नहीं करनी चाहिए। शिक्षा का अर्थ अंक प्राप्त करना नहीं होता बल्कि एक अच्छा इंसान बनना होता है। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की धर्मपत्नी डॉ. ममता सचदेवा ने सोमवार को यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में आयोजित आशीर्वाद



समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड की परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया था। स्कूल परिसर में पहुंचने पर स्कूल की वाइस चेयरपर्सन प्रो. सुनीता दलाल व प्रधानाचार्य डॉ. सुखविन्द्र सिंह ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर स्कूल की पूर्व छात्रा आईएएस अधिकारी रूप राशि, डॉ. दीप शिखा, केयू डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. ब्रजेश साहनी, प्रो. रश्मि वर्मा, प्रो. संजीव अरोड़ा, वरिष्ठ पत्रकार सौरभ चौधरी, प्रो. शुचिस्मिता विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर छात्रों को आशीर्वाद देने के लिए हवन का भी आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि डॉ. ममता सचदेवा सहित अन्य अतिथियों ने पूर्ण आहुति डाली।

डॉ. ममता सचदेवा ने कहा कि छात्रों को कड़ी मेहनत करते हुए अपने स्कूल, विश्वविद्यालय, माता-पिता व शिक्षकों का नाम रोशन करना चाहिए। परीक्षा की कभी भी चिंता नहीं करनी चाहिए बल्कि प्रीपेयर शब्द के प्रत्येक वर्ण को जीवन में आत्मसात करते हुए प्लान, रिवाईज, इग्जाम पैर्टन, प्रजेंटेशन, अवाईड, रेस्ट, एट्टियूड के अनुसार अपनी तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द जी के विचारों को उद्धत करते हुए कहा कि छात्रों को उठो जागो, तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो तब तक मेहनत करते रहना चाहिए जब तक वह अपने लक्ष्य तक ना पहुंचे। छात्रों को जीवन में तीन मैं पर भी काम करना चाहिए। मैं अपनी वाणी पर संयम रखूंगा। मैं सारा काम ईमानदारी से करूंगा। मैं अपने हाथों से सबकी सहायता करूंगा। इस अवसर पर स्कूल की पूर्व छात्रा आईएएस अधिकारी रूप राशि व डॉ. दीप शिखा ने स्कूल के पूर्व छात्र अपने भाई महीप प्रशांत की याद में प्रति वर्ष 10वीं कक्षा में सर्वश्रेष्ठ आने वाले छात्र को महीप प्रशांत अवार्ड देने की घोषणा की जिसके तहत 5100 रुपये का नगद पुरस्कार व ट्रॉफी दी जाएगी।

# आई.बी. कॉलेज में बजट 2025-26 पर एक चर्चा का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) जीटी रोड स्थित स्थानीय** आई.बी. कॉलेज में बजट 2025-26 पर एक चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें अर्थशास्त्र विभाग के शिक्षकों और छात्रों ने बजट के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार विमर्श किया। इस चर्चा का उद्देश्य छात्रों को वित्तीय नीति और देश के आर्थिक विकास से जुड़े मुद्दों पर जागरूक करना था। कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर शशिप्रभा मलिक ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों को बजट के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करते है और उन्हें देश की वित्तीय नीतियों के प्रति जागरूक



करते है । उन्होंने अर्थशास्त्र विभाग को भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम करवाने के लिए प्रोत्साहित किया । कार्यक्रम में कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग से हिमांशी ने विस्तार में बजट के मौजूदा प्रस्ताव और उनके संभावित प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बजट में किस तरह से विभिन्न सेक्टरों जैसे कि शिक्षा,स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर और कृषि सभी विषयों पर ध्यान दिया गया है।

सरकार द्वारा 12 लाख रुपए तक की आय पर आयकर कर में राहत देने से मध्यमवर्ग को अत्यधिक लाभ होगा।

# स्मिता थेरेपी सेंटर की पहली वर्षगांठ का मनाया गया जश्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः स्मिता थेरेपी** सेंटर की पहली वर्षगांठ का जश्न 31 जनवरी, 2025 को दिल्ली पुलिस की पुलिस परिवार कल्याण सोसायटी (पीएफडब्ल्यूएस) ने मालवीय नगर पुलिस कॉलोनी में दिल्ली पुलिस कर्मियों के विशेष बच्चों के लिए एक थेरेपी सेंटर स्मिता की पहली वर्षगांठ मनाई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनल शाह उपस्थित थीं, जिन्होंने पिछले साल स्मिता का उद्घाटन किया था। मुख्य अतिथि ने स्नेह के प्रतीक वितरित किए और चिकित्सकों और विशेष बच्चों के साथ बातचीत की। उन्होंने स्मिता में पिछले एक साल में हुई



प्रगति पर अत्यधिक संतोष व्यक्त किया, जिसके परिणामस्वरूप हमारे विशेष बच्चों में आत्मविश्वास का स्तर बहुत अधिक बढ़ गया है। पीएफडब्ल्यूएस की अध्यक्ष श्रीमती रितु अरोड़ा ने विशेष बच्चों की देखभाल को फिर से परिभाषित करने के लिए स्मिता की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला, जिसमें न केवल थेरेपी पर बल्कि सहायक संबंध बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। स्मिता ने शुरूआत में तीन चिकित्सकों के साथ 20 बच्चों की सेवा करने से लेकर अपनी



पहली वर्षगांठ पर छह चिकित्सकों के साथ 52 बच्चों की सेवा करने तक का सफर तय किया है। कार्यक्रम में ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति के माध्यम से केंद्र की उपलब्धियों को दशार्या गया, जिसके बाद विशेष बच्चों द्वारा मन को झकझोर देने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। अभिभावकों ने अपने बच्चों के दैनिक जीवन पर स्मिता के सकारात्मक प्रभाव की हृदयस्पर्शी कहानियां साझा कीं। सेवा भारती के उदार योगदान से बच्चों के लिए विशेष उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं



और निरंतर देखभाल सुनिश्चित करने के लिए एक वर्ष के लिए चिकित्सकों के वेतन के लिए सहयोग केयर 4 यू और बीएसईएस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। आईएसीटी एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक अतिरिक्त समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया, जो पुलिस परिवारों के लिए अंग्रेजी कक्षाएं प्रदान करेगा। हमारे सम्मानित दानदाताओं और सुविधादाताओं, 'सेवा भारती' से श्री सुशील गुप्ता; 'सहयोग केयर 4 यू' के एनजीओ के संस्थापक श्री शेखर महाजन; बीएसईएस के कार्यकारी निदेशक श्री अमल सिन्हा; बीएसईएस के वरिष्ठ कार्यकारी और उपाध्यक्ष श्री दीपक शंकर; और प्रथम फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री अंशुल पंडित को उनके बहुमूल्य योगदान और समर्थन के लिए मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती सोनल शाह ने स्मिता-थेरेपी सेंटर को विशेष बच्चों के लिए चुनौतियों पर विजय पाने, नए कौशल विकसित करने और अपनी क्षमता की खोज करने का अवसर बताया। उन्होंने सेंटर में चिकित्सकों और कर्मचारियों की टीम की सराहना की और पुलिस परिवारों को दिए गए उनके अटूट समर्थन के लिए और टीम को बधाई दी।

## कुंभ मेले में यातायात प्रबंधन और यात्रियों की मदद को उतरे भाजपा कार्यकर्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। महाकुंभ में** बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इसको देखते हुए यातायात प्रबंधन और यात्रियों की मदद को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता अब प्रशासन की मदद के लिए उतर गए हैं। इससे पहले भाजपा अध्यक्ष ने अपने कार्यकताओं को श्रद्धालुओं की मदद करने का आह्वान किया था। मेला रूट पर कई किलोमीटर तक ट्रैफिक जाम को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी के महासचिव (संगठन) बीएल संतोष ने कार्यकताओं से जाम में फंसे लोगों तक भोजन-पानी पहुंचाने की बात कही है।




सोमवार को बीएल संतोष ने अपने एक्स हैंडल पर पार्टी कार्यकताओं को लिखा कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर कार्यकर्ता सड़कों पर ट्रैफिक मैनेजमेंट, कुंभ यात्रियों को खाना और मेडिकल से जुड़ी चीजें उपलब्ध कराने में प्रशासन की सहायता करें। बीएल संतोष के ट्वीट के बाद से उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश भाजपा एक्शन में नजर आ रही है।

## कोल इंडिया के बीमार कर्मचारियों के आश्रितों को नहीं मिल पा रही नौकरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। आम आदमी** पार्टी (आआपा) के सांसद संजय सिंह ने आज राज्यसभा में कोल इंडिया लिमिटेड के गंभीर बीमारियों से ग्रसित कर्मचारियों के आश्रितों की नियुक्ति का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया के गंभीर बीमारी से ग्रसित कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी नहीं मिल पा रही है, क्योंकि सात साल से इसके लिए गठित मेडिकल बोर्ड काम नहीं कर रहा है। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान संजय सिंह ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि राष्ट्रीय कोयला वेज एग्रीमेंट (एनसीडब्ल्यूए) की धारा 9.4.0 के तहत गंभीर रूप से बीमार कर्मचारियों को अयोग्य घोषित कर



उनके आश्रितों को नौकरी देने का प्रावधान है। इसके बावजूद केंद्र सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। 2017 और 2023 के वेज बोर्ड के आश्वासनों के बावजूद हजारों कर्मचारियों और उनके परिवारों को न्याय नहीं मिला। केंद्र सरकार से हमारी मांग है कि इस गंभीर मुद्दे का तत्काल समाधान किया जाए। संजय सिंह ने कहा कि थर्मल पावर प्लांट के माध्यम से देशभर में जो बिजली की आपूर्ति होती है उसे संचालित करने में कोल इंडिया और उसके मजदूरों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है। कोरोना काल में भी कोल इंडिया ने अपना प्रोडक्शन बंद नहीं किया और मजदूरों ने अपनी जान जोखिम में डालकर देश में बिजली की आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए काम किया। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया का खुद अपना राष्ट्रीय वेतन अधिनियम है, जिसके क्लॉज 9.4 में कहा गया है कि अगर कोई मजदूर कोल इंडिया में काम करते-करते कैंसर, लीवर, किडनी इत्यादि से गंभीर रूप से बीमार हो जाए तो उनके आश्रितों को नौकरी दी जाएगी। इसके लिए कोल इंडिया का मेडिकल बोर्ड चिकित्सीय परीक्षण करेगा। इसके बावजूद यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि 18 नवंबर 2017 से अधिक का समय हो गया है लेकिन आज तक वह मेडिकल बोर्ड काम नहीं कर रहा है। संजय सिंह ने कहा कि कोल इंडिया के मजदूरों ने इसके लिए कई बार राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय कोयला मंत्री को कई बार प्रार्थना पत्र लिखा लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

मैं सरकार से यह अनुरोध करना चाहता हूं कि जब इन मजदूरों के लिए वेतन अधिनियम बनाया गया है और यह नियम है कि मेडिकल बोर्ड गंभीर रूप से बीमार होने वाले मजदूरों का चेकअप करेगा और उनके आश्रितों को नौकरी दी जाएगी, तो सात साल से उस मेडिकल बोर्ड को क्यों बंद रखा गया है?

## 6 फ्लैग स्टाफ रोड की पुरानी स्थिति बहाल करने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। नई दिल्ली। रोहिणी विधानसभा** क्षेत्र से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पुराने आधिकारिक आवास छह, फ्लैग स्टाफ रोड में किए गए अवैध निमार्णों और नियमों के उल्लंघन पर त्वरित कार्रवाई की मांग की। विजेंद्र गुप्ता ने उपराज्यपाल को लिखे पत्र में कहा है कि अरविंद केजरीवाल ने अपने आधिकारिक आवास को जनता के पैसे से एक भव्य 'शीशमहल' में तब्दील कर दिया, जो पूरी तरह से अवैध और अनैतिक था। यह निर्माण बिना



किसी अनुमति और निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किए बिना किया गया था। गुप्ता ने अपने पत्र में विस्तार से बताया कि किस तरह केजरीवाल ने 45 और 47, राजपुर रोड स्थित आठ टाइप-वी फ्लैट और 8ए व 8बी फ्लैग स्टाफ रोड के सरकारी बंगले को मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में अवैध रूप से जोड़ लिया था। उन्होंने इस अतिक्रमण को तुरंत हटाने की मांग करते हुए कहा कि छह, फ्लैग स्टाफ रोड को उसकी मूल स्थिति में बहाल किया जाए और 8ए व 8बी फ्लैग स्टाफ रोड के सरकारी बंगले अलग किए जाएं। यह न केवल सरकारी नियमों का उल्लंघन है बल्कि जनता के पैसों की खुली लूट भी है। विजेंद्र गुप्ता ने इस पूरे मामले को एक गंभीर भ्रष्टाचार का मामला बताते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के खजाने से करोड़ों रुपये खर्च कर यह आलीशान 'शीशमहल' तैयार किया गया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की एक तरफ खुद को आम आदमी बताते रहे, वहीं दूसरी तरफ उन्होंने जनता के पैसों से अपने लिए एक भव्य महल खड़ा कर लिया। गुप्ता ने केजरीवाल के अवैध कब्जे पर तंज कसते हुए कहा कि क्या यह वही अरविंद केजरीवाल हैं, जो सत्ता में आने से पहले सादगी और ईमानदारी की बातें किया करते थे? भाजपा विधायक ने इस मुद्दे को प्रशासनिक और नैतिक जिम्मेदारी से जोड़ते हुए उपराज्यपाल से अनुरोध किया कि इस घोटाले की पूरी जांच की जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। विजेंद्र गुप्ता ने आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार ने सत्ता के नशे में जनता के पैसे को अपनी ऐश-ओ-आराम की जिंदगी के लिए इस्तेमाल किया। यह सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि जनता के साथ विश्वासघात है। उन्होंने इस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर दोषियों को सजा देने की भी मांग की है और कहा है कि इस मामले में उनके द्वारा पिछले साल दी गई शिकायत पर जांच को तेज किया जाए ताकि दिल्ली की जनता को भी पता चले की आम आदमी पार्टी और अपने आप को कट्टर ईमानदार कहने वाले अरविंद केजरीवाल ने किस तरह से उनकी खून पसीने की कमाई को बड़ी बेरहमी से अपने शीश महल पर खर्च कर दिया।

## बच्चा चुराने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन महिला समेत चार आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली रेलवे थाना पुलिस बच्चा चोरी करने वाले गैंग का भंडाफोड़ करते हुए तीन महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान आरती, इसका पति सूरज, निम्मी और डॉक्टर प्रिया के रूप में हुई है। डीसीपी रेलवे केपीएस मल्होत्रा के अनुसार जनवरी महीने में पुलिस ने चार साल की एक बच्ची के अगवा होने का मामला दर्ज किया था। सीसीटीवी फुटेज में आरती नाम की एक महिला बच्चे को अपने साथ ले जाते हुए दिखी। ऑटो में बैठकर महिला बदरपुर इलाके में गई थी। इस मामले की जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि 4 जुलाई 2024 को भी इस तरह का मामला सामने आया था। उस मामले की जांच के दौरान भी आरती सीसीटीवी फुटेज में दिखी थी। ठीक इसी तरह तीसरा मामला 31 जुलाई 2024 को भी बच्चा चोरी होने का मामला दर्ज हुआ था। हालांकि ये 4 साल का बच्चा बदरपुर इलाके में लावारिस हालत में मिल गया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में दिखने वाले ऑटो ड्राइवर से पूछताछ की। उसके बयानों के आधार पर पुलिस ने आरती और उसके पति सूरज को गिरफ्तार किया। आगे आरोपितों की निशानदेही पर निम्मी और डॉक्टर प्रिया नाम की महिलाओं को पुलिस ने पकड़ा। डीसीपी के अनुसार पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वह भीड़भाड़ वाले इलाकों से बच्चे चुराते थे। डॉक्टर प्रिया अपना खुद का आईवीएफ क्लीनिक चलाती थी, जो बिना बच्चों वाले दंपतियों से संपर्क करती थी। संतान की इच्छा रखने वाले दंपतियों को 35 हजार से 2 लाख रुपये लेकर बच्चे बेचे जाते थे। निम्मी फर्जी वकील बनकर कागजात बनवाती थी। सूरज दंपती से पैसों का सौदा करता था और आरती बच्चे चुराकर लाती थी।

## एटीएम लूट के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस** की क्राइम ब्रांच ने वजीराबाद में हाल ही में एटीएम तोड़कर लूटपाट करने वाले ह्यइमरान गैंग के दो शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान नदीम और समीर के रूप में हुई है। दोनों हरियाणा मेवात के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपितों के पास से एक कार व लूटे गए 47 हजार रुपये बरामद किए है। पुलिस के मुताबिक वजीराबाद इलाके में छह फरवरी की मध्य रात्रि 03.50 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक्सिस बैंक के एटीएम से आरोपित एटीएम उखाड़ कर ले गए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद केस दर्ज किया। स्थानीय पुलिस के अलावा मामले में क्राइम ब्रांच को लगाया गया। क्राइम ब्रांच ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला लेकिन पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला। इस बीच पुलिस टीम को सूचना मिली कि वारदात में ह्यइमरान गैंगह्न का हाथ है। पुलिस को मुखबिर ने बताया कि इमरान गैंग के नदीम ने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया है। इस बीच क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली कि आरोपित मेवात गांव में छुपे हुए है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने गांव में छापा मारकर दोनों आरोपितों को दबोचा। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि गैस कटर की मदद से उन्होंने एटीएम को काटा और एटीएम से करीब 29 लाख रुपये निकाले।

## लाइब्रेरी की उपयोगिता पर तीन दिवसीय सम्मेलन आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। वैश्विक जगत** में किताबी ज्ञान के महत्व व लाइब्रेरी की उपयोगिता को रेखांकित करने के लिए नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में ग्लोबल लाइब्रेरी सम्मिट 2025 का आयोजन किया गया। साउथ एशियन यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष प्रोफेसर केके अग्रवाल की पहल से आयोजित इस तीन दिवसीय वैश्विक शिखर सम्मेलन का विषय लाइब्रेरी डिप्लोमेसी लाइब्रेरी सहयोग के माध्यम से राष्ट्रों को एकजुट करना था। इसका आयोजन एसएयू और एलआईएस अकादमी बेंगलुरु के सहयोग से किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने आए एनईटीएफ, एनएएसी और एनबीए



के अध्यक्ष प्रोफेसर अनिल डी. सहस्त्रबुद्धे ने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने, प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने और ज्ञान के भंडार के रूप में सेवा करने में पुस्तकालयों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने में पुस्तकालयों की बहुआयामी भूमिका पर भी प्रकाश डाला। शिखर सम्मेलन के दौरान साउथ एशियन यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष प्रो. केके. अग्रवाल को उच्च शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए एलआईएस अकादमी बेंगलुरु द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रो. अग्रवाल ने पुस्तकालयाध्यक्षों और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने पारंपरिक पुस्तकालयों के विकल्प के बजाय पूरक के रूप में डिजिटलीकरण की वकालत की और वैश्विक नागरिक बनाने के लिए अंतःविषय शिक्षा का आह्वान किया। प्रो. अग्रवाल ने जीएलएस 2025 के लिए सम्मेलन स्मारिका का शुभारंभ किया।
शिखर सम्मेलन में एसएयू फैकल्टी डॉ. श्वेता सिंह और बांग्लादेश के ढाका विश्वविद्यालय से डॉ. अमीना मोहसिन द्वारा संपादित मैपिंग फेमिनिस्ट इंटरनेशनल रिलेशंस इन साउथ एशियाः पास्ट एंड प्रेजेंट नामक एक ग्राउंडब्रेकिंग पुस्तक का पूर्व-विमोचन भी हुआ।

## राष्ट्रपति एकीकृत स्वास्थ्य समाधान पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी** मुर्मु मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। यूनानी दिवस पर आयोजित इस सम्मेलन का विषय एकीकृत स्वास्थ्य समाधान के लिए यूनानी चिकित्सा में नवाचारझ आगे की राह है। कार्यक्रम में अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, ईरान, मलेशिया, संयुक्त अरब अमीरात, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश सहित देशों के प्रतिनिधि भी अपने विचार रखेंगे। इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह और आयुष मंत्रालय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव भी उपस्थित रहेंगे। प्रतापराव जाधव ने एक बयान में कहा कि वैश्विक स्वास्थ्य सेवा में यूनानी चिकित्सा के बढ़ते एकीकरण को देखकर गर्व हो रहा है। नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देकर, हमारा लक्ष्य व्यापक स्वास्थ्य सेवा समाधान लाना है जो आधुनिक स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करते हुए हमारी पारंपरिक प्रथाओं का सम्मान करते हैं। सरकार यूनानी चिकित्सा के विकास को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह सार्वजनिक कल्याण और वैश्विक समुदाय के संपूर्ण स्वास्थ्य में सार्थक योगदान दे।

## भारत 40 देशों से कच्चा तेल आयात कर रहा है, अर्जेंटीना नया आपूर्तिकर्ताः पुरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम** एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने सोमवार को कहा कि भारत अपनी मांग को पूरा करने के लिए सभी संभावित स्रोतों से कच्चे तेल का आयात करने के लिए तैयार है। उन्?होंने कहा कि भारत ने अपने कच्चे तेल के आयात को 27 से बढ़ाकर 40 देशों में कर दिया है। केंद्रीय मंत्री पेट्रोलियम मंत्री ने भारत ऊर्जा सप्ताह से एक दिन पहले यहां मीडिया को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत ने अपने कच्चे तेल का आयात 27 से बढ़ाकर 40 देशों में कर दिया है। उन्होंने कहा, "27 आपूर्तिकताओं में से हमारे पास



अब 40 आपूर्तिकर्ता हैं। हमने एक और देश अर्जेंटीना को जोड़ा है।" उन्होंने कहा कि अमेरिका, रूस, सऊदी अरब, यूएई और इराक भारत को कच्चे तेल के बड़े आपूर्तिकर्ता हैं। उन्होंने कहा, "यह बहुत ही गतिशील स्थिति है, लेकिन हम सभी स्रोतों से आयात के लिए तैयार हैं।" पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि भारत अपनी कच्चे तेल की 80 फीसदी से अधिक आवश्यकता के लिए आयात पर निर्भर है। घरेलू कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ाने और आयात को कम करने के लिए सरकार द्वारा कई कदम उठाए गए हैं। पुरी ने 11 से 14 फरवरी, 2025 तक नई दिल्ली द्वारका के यशोभूमि में आयोजित होने वाले भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 से पहले वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में भारत के बढ़ते कद पर प्रकाश डाला। उन्?होंने बताया कि ऊर्जा कैलेंडर पर पहला प्रमुख वैश्विक आयोजन और वर्ष का सबसे व्यापक एवं समावेशी ऊर्जा समागम होगा।

## आप ने पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ती ड्रोन गतिविधियों का मामला उठाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। राज्यसभा** में आम आदमी पार्टी (आआपा) सदस्य संदीप कुमार पाठक ने पंजाब में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर तेजी से बढ़ रही ड्रोन गतिविधियों का मुद्दा आज सदन में उठाया। उन्होंने सरकार से मांग की कि सीमा की रखवाली करने वाले सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को ड्रोन रोधी उपकरणों से लैस और प्रशिक्षित किया जाना आवश्यक है। संदीप पाठक ने भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर तेजी से बढ़ रही ड्रोन गतिविधियों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इसका सीधा जुड़ाव राष्ट्रीय सुरक्षा से है। भारत का करीब 550 किलोमीटर बॉर्डर पाकिस्तान से लगता है। पिछले कुछ वर्षों में सीमावर्ती क्षेत्रों में पाकिस्तान की ओर से ड्रोन की बड़े पैमाने पर घुसपैठ हुई है। वर्ष 2020 में ऐसे लगभग 50 ड्रोन देखे गए थे। उसके बाद साल दर साल यह आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल सीमावर्ती इलाकों में करीब 350 ड्रोन देखे गए थे। सुरक्षा बलों द्वारा इन्हें न्यूट्रालाइज्ड करने के प्रयास किए जाते रहे हैं लेकिन उनकी संख्या अपेक्षाकृत कम है। इसका मतलब बड़ी संख्या में ड्रोन बॉर्डर एरिया में लैंड करते हैं और लौट जाते हैं। अगर यह इसी तरह चलता रहा तो सीमावर्ती इलाकों में यह जो कुछ पाकिस्तान कर रहा

## साल 2024 में 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक के मादक पदार्थ जब्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। केंद्रीय गृह** मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ड्रग्स के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत एनसीबी सहित देशभर की सभी कानून-प्रवर्तन एजेंसियों ने 2024 में 25,330 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए। इसके पहले वर्ष 2023 में 16,100 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए गए थे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह सफलता प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में अपनाई गई ह्यबॉटम टू टॉपह्न और ह्नटॉप टू बॉटमह्न अप्रोच और वित्तीय विभाग, सभी राज्यों की पुलिस



और एजेंसियों के बेहतर समन्वय का प्रमाण है। प्रधानमंत्री की नशामुक्त भारत की कल्पना को साकार करने के लिए केन्द्र और राज्यों के सभी विभाग ह्यसंपूर्ण सरकारह्न अप्रोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। वर्ष 2024 में जो मादक पदार्थों की जब्ती हुई, उनमें अधिक संख्या में ज्यादा हानिकारक और नशे की लत वाले सिंथेटिक ड्रग्स, कोकीन और साइकोट्रोपिक पदार्थों के रूप में उपयोग की जाने वाली फार्मास्युटिकल दवाएं हैं।

# महाकुम्भ की पावन छांव में 105 जोड़ों ने लिए सात फेरे

## पहली बार महाकुम्भ में हुई कन्यादान की रस्में, वैदिक मंत्रों की गूंज

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भ नगर:** आध्यात्मिकता और सामाजिक सुधार का संगम बने महाकुंभ में सोमवार को ऐतिहासिक पहल देखने को मिली। देश के विभिन्न राज्यों से आए 105 वर-वधुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दहेज मुक्त विवाह की पवित्र रस्में निभाईं। कन्यादान की इस अनूठी परंपरा के हजारों श्रद्धालु, संत और समाजसेवी साक्षी बने। महाकुम्भ के सेक्टर-8 में श्रीत्रिदंडी जीयर स्वामी महाराज के शिविर में यह भव्य विवाह समारोह आयोजित किया गया। जैसे ही पवित्र अग्नि के समक्ष 105 जोड़ों ने सात फेरे लिए, पूरे वातावरण में वैदिक मंत्रों की दिव्य गूंज सुनाई दी। विवाह के इस पावन क्षण में हजारों



श्रद्धालु साक्षी बने और पूरे माहौल में मंगलगीतों की ध्वनि गूंज उठी। 144 साल बाद आई शुभ घड़ी बनी साक्षी सदियों पुरानी परंपरा को एक नई दिशा देने वाले इस आयोजन में उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड से जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। 144 वर्षों बाद आई इस शुभ घड़ी में महाकुंभ जैसी पवित्र भूमि पर विवाह संपन्न होना अपने आप में ऐतिहासिक क्षण रहा। दहेज जैसी कुरीति को जड़ से समाप्त करने का संकल्प श्रीत्रिदंडी जीयर स्वामीजी महाराज ने इस आयोजन को एक नई परंपरा की शुरुआत बताया। उन्होंने कहा कि विवाह प्रेम, समर्पण और विश्वास

**प्रेरणा**

**संस्कृति के शाश्वत मूल्यों का एक अद्भुत उत्सव था। यह विवाह केवल दो आत्माओं का मिलन नहीं**

का प्रतीक है, न कि लेन-देन का सौदा। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि इस पवित्र परंपरा को आगे बढ़ाते हुए दहेज जैसी कुरीति को जड़ से समाप्त करें। आशीर्वाद के साथ भेंट की आवश्यक वस्तुएं इस पवित्र आयोजन के दौरान नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद के साथ गृहस्थ जीवन में आवश्यक वस्तुएं भी भेंट की गईं। यह विवाह केवल 105 जोड़ों के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज के लिए एक प्रेरणा बन गया, जहां विवाह को धन और आडंबर से मुक्त कर सादगी और प्रेम का प्रतीक बनाया गया। श्रीत्रिदंडी जीयर स्वामी के मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि गंगा की लहरों पर बहती वैदिक ऋचाओं की ध्वनि, यज्ञ की पावन अग्नि से उठती सुगंध और मंगलगीतों की मधुर स्वर लहरियां महाकुंभ के इस दिव्य क्षण में जैसे पूरी सृष्टि विवाह की इस पावन बेला की साक्षी बन गई हो। सजे-धजे मंडप में जब 105 नवयुगल वैवाहिक बंधन में बंधे। यह भारतीय संस्कृति के शाश्वत मूल्यों का एक अद्भुत उत्सव था। यह विवाह केवल दो आत्माओं का मिलन नहीं।

# श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 12 फरवरी तक नहीं मिलेगा वीआईपी पास

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या: महाकुम्भ** के चलते राम मंदिर में वीआईपी और विशिष्ट दर्शन की भी होड़ लगी हुई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र प्रशासन ने बताया है कि 11 फरवरी तक राम मंदिर के वीआईपी पास फुल हो चुके हैं। इसलिए 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा के दिन वीआईपी पास जारी करने पर रोक रहेगी। वहीं बढ़ती भीड़ को देखते हुए दर्शन की अवधि फिर बढ़ा दी गई है। सुबह चार बजे से भगवान की मंगला आरती के बाद पांच बजे से श्रद्धालुओं को दर्शन मिलना शुरू हो जाता है। इस समय भीड़ के दबाव को देखते हुए राम मंदिर रात 11 बजे तक आम श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोला जा रहा है। राम मंदिर में प्रतिदिन चार हजार के लगभग वीआईपी दर्शन कराए जा



रहे हैं। वीआईपी दर्शन के लिए ट्रस्ट की ओर से सात स्लॉट निर्धारित किए गए हैं।

राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि वीआईपी दर्शन के सभी स्लॉट दो से तीन दिन पहले ही बुक कर लिए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं को सुविधा के लिए अग्रिम बुकिंग की सुविधा की गई थी। अभी 11 फरवरी तक के सभी स्लॉट फुल हो चुके हैं।

बता दें कि महाकुम्भ से लौटे और राम नगरी में दर्शन कर महाकुम्भ जाने वाले श्रद्धालुओं से अयोध्या में भारी भीड़ है। सभी सड़कों पर जाम है। पिछले 20 दिनों में रामलला के दरबार में 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

## संक्षिप्त खबरें

### जिलाधिकारी ने छात्राओं को खिलायी पेट में कीड़ों की दवा

**लखीमपुर खीरी**

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस" के अवसर पर जिला प्रशासन के तत्वाधान में सोमवार को नगर के सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कार्यक्रम हुआ। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस मौके पर सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य डॉ. शिप्रा वाजपेई ने किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने बालिकाओं को कृमि मुक्ति दवा खिलाई। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एक अहम कदम है। यह कदम बच्चों की एक दुरुस्त पीढ़ी के निर्माण में मदद करता है। बच्चों, किशोर-किशोरियों में एनीमिया के स्तर को कम करने के लिये सभी बच्चों को कृमि मुक्त करना अति आवश्यक है। इस अभियान के तहत जिले के लगभग 22.73 लाख बच्चे, किशोर- किशोरियों लाभान्वित होंगे। उन्होंने बच्चों को समय पर दवाइयां लेने और स्वच्छता की आदतों को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि कोई बच्चा आज दवा खाने से छूट जाता है तो 14 फरवरी को मापअप राउंड में दवा खिलाई जाएगी। जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देशित किया कि जनपद का कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित न रहे।

### दबंगों ने फैक्टरी में घुस कर किया हंगामा, मामला दर्ज

**जौनपुर**

**मुंगराबादशाहपुर** थाना अंतर्गत स्थित इकरा बफिंग फैक्टरी में रविवार देर रात दबंगों ने घुसकर जमकर उत्पात मचाया। फैक्टरी में कूकर की पॉलिशिंग का काम होता है। यहां कुछ बदमाशों ने अचानक घुसकर कर्मचारियों से मारपीट की और फैक्टरी में तोड़फोड़ की। पूरी घटना फैक्टरी के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

घटना के दौरान बदमाशों ने कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज की और उन्हें धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायल कर्मचारियों ने तुरंत फैक्टरी मालिक को घटना की जानकारी दी। फैक्टरी मालिक ने पुलिस को सूचित किया और मामले की तहरीर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान कर मामले की जांच कर रही है। सीडा सतहरिया क्षेत्र में स्थित इस फैक्टरी में हुई घटना ने क्षेत्र के व्यापारियों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। स्थानीय व्यापारियों ने पुलिस से जल्द से जल्द आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की है। इस मामले में सोमवार को बात करने पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्यवाही की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### वी ने ब्लू रिब्बन बैग्स के साथ साझेदारी की

**गुरुग्राम।** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने अपने सभी पोस्टपेड इंटरनेशनल रोमिंग पैक्स में बैगेज प्रोटेक्शन सर्विसेज शामिल कर अपनी इंटरनेशनल रोमिंग पेशकश को और बेहतर बना लिया है। यूएस आधारित प्रमुख लॉस्ट बैगेज कंसीयज सर्विस ब्लू रिब्बन बैग्स के साथ साझेदारी के माध्यम से वी के पोस्टपेड उपभोक्ता प्रति बैग पर रु 19800 का मुआवजा पा सकते हैं, अगर शिकायत दर्ज करने के 96 घण्टे बाद भी उन्हें उनके लगेज नहीं मिलता है या खो जाता है। वी के पोस्टपेड उपभोक्ता कोई भी इंटरनेशनल रोमिंग पैक खरीदते समय बैगेज प्रोटेक्शन सर्विस को एक्टिवेट कर सकते हैं। यह फायदा ऑप्शनल है और मात्र रु 99 की अतिरिक्त लागत पर इसे पैक के साथ एक्टिवेट किया जा सकता है। अगर बैगेज खो जाए या बैगेज मिलने में देरी हो तो वी ऐप के जरिए क्लेम रिक्वेस्ट कर सकते हैं। इस सर्विस का लाभ उठाने के लिए उन्हें उड़ान से पहले ब्लू रिब्बन बैग्स के साथ रजिस्टर करना होगा। अगर एयरलाईन की ओर से बैगेज मिलने में देरी होती है या बैगेज खो जाता है, तो वे लैंडिंग के 24 घण्टे के भीतर एयरलाईन और ब्लू रिब्बन बैग्स दोनों को रिपोर्ट कर सकते हैं। इसके बाद ब्लू रिब्बन बैग्स ग्लोबल नेटवर्क और आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग कर लगेज को ट्रैक करता है और इसे वापस यात्री तक पहुंचाने का प्रयास करता है। अगर चार दिनों के भीतर भी बैगेज रिटर्न नहीं किया जाता है, तो ब्लू रिब्बन बैग बिना कोई सवाल पूछे प्रति बैग पर रु 19800 (दो बैग्स तक के लिए) का मुआवजा देगा।

### मुख्यमंत्री योगी ने आगरा जिले में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया

**लखनऊ: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने जनपद आगरा में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। उल्लेखनीय है कि जनपद में चित्राहाट क्षेत्र के शाहपुर ब्राह्मण में सोमवार दोपहर कार और ट्राला के बीच टक्कर हो गई। दुर्घटना में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई।

# टटलूबाज: शहर के प्रतिष्ठित लालची कारोबारियों तक बनाते थे पहुंच

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। सबसे** पहले लालची कारोबारियों के बारे में पता लगाते थे। इसके बाद टटलू काटने के लिए अलग से मोबाइल व फर्जी पते पर सिम कार्ड खरीद कर टू कोलर पर गुप्ता जी नगर निगम का नाम सेव कर अलग अलग जनपद में नगर निगम कार्यालय पर जाकर गूगल से प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान, मिष्ठान की दुकान, कोल्ड ड्रिंक सप्लायर्स के मोबाइल नंबर सर्च करके नगर निगम के गुप्ता जी नगर निगम अधिकारी बनकर वार्ता करते हैं और जब्त किया गया घी, रिफाइंड, कोल्ड ड्रिंक सस्ते दाम पर बेचने का लालच देकर डीलिंग करके नगर निगम



कार्यालय पर व्यापारी को बुलाकर अपना गलत नाम बता कर गुमराह करके लाखों रुपये अपने एक साथी के हाथों लेकर व्यापारी को रसीद व गेट पास पर्ची कटवा कर घी, रिफाइंड, कोल्ड ड्रिंक देने की कहकर रुपये लेकर निकल जाते हैं और एक घटना करके फर्जी पते पर ली गयी सिम कार्ड व मोबाइल को तोड़कर फेंक देते हैं तथा दूसरी घटना करने के लिए यही क्रम जारी रखते थे। अभियुक्त जनपद मथुरा में 31 जनवरी को एक प्रतिष्ठित मिष्ठान भण्डार से 1,87,000 रुपये व 13 दिसंबर 24 को कोल्डड्रिंक थोक सप्लायर के साथ 86,000 रुपये की धोखाधड़ी करके रुपये लेकर भाग गये थे। अभियुक्तों द्वारा मथुरा, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, कानपुर, दिल्ली, मानेसर गुड़गांव, फरीदाबाद हरियाणा व देहरादून उत्तराखण्ड आदि स्थानों पर इसी प्रकार से प्रतिष्ठित व्यापारियों के साथ घटनाएं कारित की गई हैं। अभियुक्त के अन्य आपराधिक कृत्यों के बारे में जानकारी की जा रही है। मुठभेड़ माल गोदाम रोड के कच्चे रास्ते पर हुई। इनके कब्जे से 1,70,00 भी पुलिस ने बरामद किये हैं। घटनाओं में प्रयुक्त वैगनार कार नंबर एचआर 55 एवी 1429 को जब्त किया गया है। इन्हें किया है पुलिस ने गिरफ्तार मुठभेड़ के दौरान तीन बदमाशों को पुलिस की गोली लगी। एसओजी टीम एवं थाना कोतवाली पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान के व्यापारियों से रुपये ऐंठने वाले टटलू गैग के अन्तर्राज्यीय शातिर बदमाश प्रिंस अदलखा उर्फ मुच्छी पुत्र ओमप्रकाश निवासी राजीव नगर थाना सेक्टर 14 जिला गुड़गांव हरियाणा, राजकुमार पुत्र मदनलाल निवासी मदनपुरी थाना न्यू कालौनी जिला गुड़गांव हरियाणा, राजेश कुमार उर्फ राजू पुत्र नानक चन्द्र निवासी हीरा नगर थाना शिवाजी नगर जिला गुड़गांव हरियाणा तथा विजय कुमार पुत्र स्व. राधेश्याम मॉडर्न टाउन थाना सिटी जिला गुड़गांव हरियाणा को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है।

# नेत्र आपरेशन कराने वाले मरीजों में बांटे चश्मा, दवा

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** श्री राधा कृष्ण चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से श्रीजी बाबा नेत्र चिकित्सा संस्थान में शनिवार को 500 नेत्र ऑपरेशन करा चुके लोगों को चश्मे, दवा व कम्बल वितरित किए गए। कल्याणं करोति संस्था की ओर से समाज के दुनिया के सहयोग से चल रहे निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविरों में रोगियों को भेजने की अपील लोगों से की गई। इस अवसर पर नगर निगम पार्षद राजवीर सिंह ने कहा कि संस्था की कथनी करनी में कोई फर्क नहीं है। समाज के हर वर्ग से सहयोग लेकर

**सहयोग**

**जीवन में रोशनी का संचार हो रहा है जो आर्थिक रूप से कमजोर, परिवार के सहयोग से वंचित व उपेक्षित हैं**

हर जरूरत मंद की मदद की जारही है। उन्होंने गोवर्धन रोड स्थित कल्याणं करोति नेत्र संस्थान में अब नेत्रों की हर समस्या के समाधान की सुविधा होने की जानकारी दी। कल्याणं करोति की ओर से सात्विक उपाध्याय ने कहा कि समाज के सहयोग से ही संस्था कई क्षेत्रों में काम कर रही है। नेत्र रोगियों, मंदबुद्धि बच्चों को शिक्षण कृत्रिम अंग निर्माण जैसे प्रकल्पों को संचालित कर पा रही है। निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के समापन अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि संस्था 10 जनपदों में एक साल में 16 हजार नेत्र रोगियों के ऑपरेशन कर चुकी है। निःशुल्क शिविरों से उन लोगों के जीवन में रोशनी का संचार हो रहा है जो आर्थिक रूप से कमजोर, परिवार के सहयोग से वंचित व उपेक्षित हैं।

### वृंदावन में मंदिर के चबूतरे पर मिली नवजात बच्ची

**मथुरा। वृंदावन** में शनिदेव मंदिर के चबूतरे पर मिली नवजात को नया परिवार मिल गया है। माना जा रहा है कि बच्ची को जानबूझ कर जबूतरे पर बेसहारा छोड़ दिया गया। सोमवार की सुबह करीब पांच बजे पीआरबी 1916 को सूचना मिली कि मथुरा वृंदावन मार्ग स्थित कैलाश नगर रोड के सामने एक नवजात बच्ची को लावारिस हालत में छोड़ दिया गया है। पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और मासूम को संयुक्त चिकित्सालय ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे मथुरा जिला अस्पताल के शिशु वार्ड में रेफर कर दिया गया। अब चिकित्सकों की देखरेख में बच्ची स्वस्थ हो रही है।

# असफल होने पर शॉर्टकट कभी न चुनें: एसएसपी

## पंडित दीनदयाल में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे एसएसपी



**लोकेश चौधरी**

**फरह।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बलिदान दिवस के अवसर पर सोमवार को आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के शुभारम्भ के मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने कहा कि खेलों से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और हम हर कार्य सही ढंग से कर पाते हैं। हमारे सोचने की क्षमता भी बढ़ जाती है। सभी प्रकार के कर्तव्यों का पालन हम तभी कर सकते हैं व सभी प्रकार की स्पर्धाओं को हम तभी जीत सकते हैं, अगर हमारा शरीर स्वस्थ है। आज हर देश में खेलों को आवश्यक और महत्वपूर्ण स्थान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को साफ सुथरा खाने पर ध्यान देने के अलावा अच्छी सोच के साथ गलत रास्ते पर जाने से रोकना चाहिए। आप किसी भी चीज में सफलता चाहते है और आप अगर असफल हो जाते हैं तो आप उम्मीद न छोड़ें। आप सफल बनाने के लिए अच्छा कार्य करेंगे तो आप उसमें अच्छी तरह सफलता प्राप्त कर लेंगे। सफलता मिल जाएगी तो आपकी मंजिल भी अच्छी होगी। अगर आप फिर किसी कार्य में सफल होते है तो आप शॉर्टकट का रास्ता कभी न चुनें। कार्यक्रम का शुभारम्भ एसएसपी ने मशाल जलाकर किया। उसके बाद एसएसपी ने रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर का भी शुभारंभ किया। इस मौके पर रक्त दान करने वाले परखम निवासी सुमित अग्रवाल को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। चिकित्सकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दीनदयाल धाम के निदेशक सोनपाल, नरेंद्र पाठक, जगमोहन पाठक, हरेंद्र सारस्वत आदि संघ ओर भाजपा नेता मौजूद रहे।

# शराब: पति अंतिम संस्कार के लिए भी नहीं छोड गया घर में पैसे

## मथुरा जनपद में हर महीने गटकी जाती हैं करीब 90 करोड़ की शराब, अब चार बच्चों की जिम्मेदारी अकेली पत्नी के कंधों पर

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: नशा परिवार** को किस तरह निगल जाता है। बदायूं निवासी नरेंद्र की मौत हुई तो घर में अंतिम संस्कार के लिए पैसे नहीं थे। पत्नी के उपर चार बच्चों की जिम्मेदारी छोड गया। न समाज तक दे रहा है न परिवार। यहां तक कि पति का शव लेने के लिए अकेली पत्नी ही पोस्टमार्टम हाउस पहुंची। यह देखकर मौजूद पुलिसकर्मी और अन्य लोगों को भी दुख महसूस हुआ। पत्नी ने अपने पति के अंतिम संस्कार के

**दुख**

**यहां तक कि पति का शव लेने के लिए अकेली पत्नी ही पोस्टमार्टम हाउस पहुंची**

लिए पुलिसकर्मियों से मदद करने की गुहार लगाई। कान्हा की नगरी में शराब लगातार शराब की खपत बढ रही है। आबकारी विभाग के दिसंबर महीने के आंकड़ों के मुताबिक मथुरा जनपद में एक महीने के अंदर ही करीब 90 करोड़ की शराब गटकी गई। आंकड़े यह भी बताते हैं कि देशी शराब की खपत में अंग्रेजी शराब की तुलना में तेजी से वृद्धि हो रही है। इस दर्दनाक घटना में शराब के नशे में सोए एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान बदायूं निवासी नरेंद्र के रूप में हुई है, जो मथुरा के थाना सदर बाजार की छावनी क्षेत्र में मजदूरी का काम करता था। शनिवार की रात को नरेंद्र ने अधिक मात्रा में शराब का सेवन किया। उसकी पत्नी संतोष के मुताबिक रात को उसने चावल खाया और फ्रूटी के साथ छाछ पी। इसके बाद वह सो गया, लेकिन सुबह उठा नहीं। जब देखा गया तो उसकी मौत हो चुकी थी। इस घटना की सूचना मिलते ही इलाका पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुखद पहलू यह रहा कि परिवार को सूचना देने के बावजूद कोई भी रिश्तेदार शव लेने नहीं आया।

# औचक निरीक्षण में डीएम को नहीं मिली कोई गडबड़ी

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** सदर तहसील के औचक निरीक्षण में जिलाधिकारी कोई गड़बड़ी नहीं नहीं मिली। साफ सफाई रखने की हिदायत दी। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने सोमवार को सदर तहसील का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने तहसील के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। रजिस्ट्रार कानूनगो (आर.के) पटल का निरीक्षण करते हुए पंजिकाओं का अवलोकन किया, तहसील में न्यायालयों से जारी आदेशों के रजिस्टर एवं खतौनी में दर्ज किए जाने का भी सत्यापन किया। जिलाधिकारी ने तहसील




हवालात, रिकॉर्ड रूम, कंप्यूटर रूम को देखा तथा विभिन्न रजिस्टरों को जांचा। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर वैभव कुमार, तहसीलदार सदर सौरभ यादव तथा नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि कोर्ट से जारी होने वाले आदेशों को प्रतिदिन दर्ज किया जाए। उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के कोर्ट का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि वादों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण तथा समयावधि में किया जाए। उन्होंने तहसील आए वादी, प्रतिवादी तथा फरियादियों से चर्चा कर तहसील का फीडबैक लिया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने तहसील सदर के निरीक्षण के दौरान तहसील में मिली गंदगी पर नाराजगी जाहिर की। जगह जगह गंदगी मिली, जिसपर जिलाधिकारी ने सख्ती दिखाते हुए उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि तहसील परिसर में उत्कृष्ट साफ सफाई सुनिश्चित की जाए। उप जिलाधिकारी तहसील परिसर में साफ सफाई का नियमित निरीक्षण करें। उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार दोनों लोग मिलकर तहसील से गंदगी साफ कराएं। तहसील में आने वाले फरियादियों, अधिवक्ताओं, आम जनमानस आदि के लिए शौचालय की व्यवस्था करें। कोई भी व्यक्ति तहसील परिसर में खुले में टॉयलेट न करे। उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार द्वारा जारी आदेशों को समय से रजिस्टर, ऑनलाइन एवं खतौनियों में दर्ज कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, उप उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर, डिप्टी कलेक्टर प्रीति जैन, तहसीलदार सौरभ यादव आदि उपस्थित रहे।

# यमुना एक्सप्रेस वे पर टला हादसा

## टायर फटने से तेज रफ्तार अनियंत्रित कार दूसरे वाहन से जा टकराई

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** बलदेव थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे पर सोमवार सुबह माइलस्टोन 124 के समीप इनोवा क्रिस्टा कार का टायर फटने से अनियंत्रित होकर टेम्पो ट्रैवलर बस से टकरा कर पलट गई। हादसे में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह यमुना एक्सप्रेस वे पर माइल स्टोन 124 के समीप नोएडा की तरफ जा रही इनोवा क्रिस्टा कार का टायर फट जाने के कारण उसके बगल में जा रही टेंपो ट्रैवलर से टकरा गयी और टेंपो ट्रैवलर



पलट गई। हादसे की सूचना पर बलदेव पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसे में टेंपो ट्रैवलर सवार चंद्रावती पत्नी स्वर्गीय ब्रह्म शर्मा, इशिका शर्मा, दया शर्मा, पारुल और संजय निवासी नोएडा घायल हो गए हैं, जबकि इनोवा कार में सवार लोगों को भी हल्की चोटें आई है। दोनों गाड़ियों के सवार यात्री महाकुंभ से लौट रहे थे, कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं है। इनोवा कार लुधियाना जा रही थी और टेंपो ट्रैवलर नोएडा जा रहा था सभी घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया है। गाड़ियों को किनारे कराकर ट्रैफिक सुचारू हो गया है।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 11 फरवरी 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

फास्ट न्यूज

## यूपी सरकार का भागीदारी मॉडल बना मिसाल

टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने और उनके उत्थान के लिए लगातार नए कदम उठा रही है। इसी कड़ी में समाज कल्याण विभाग और मेटाफर लखनऊ लिटफेस्ट के सहयोग से लखनऊ में सम्पन्न हुए दो दिवसीय ह्यभागीदारी साहित्य उत्सवह्व का आयोजन वंचित समाज के उत्थान में मील का पत्थर साबित होगा। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य वंचित वर्गों के अधिकारों, उनकी भागीदारी और समावेशी विकास को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में प्रतिष्ठित साहित्यकारों, समाजसेवियों और स्वयंसेवी संगठनों के गणमान्यों ने हिस्सा लिया और साहित्य, कला और शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन पर मंथन किया। उत्सव में वंचित वर्ग की बुलंद आवाज विषय पर आयोजित चर्चा में समाज के वंचित तबके से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। दलित साहित्य पर केंद्रित सत्रों में साहित्यकारों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भागीदारी मॉडल की तारीफ करते हुए दलित साहित्य की प्रासंगिकता और इसके सामाजिक प्रभावों पर चर्चा की। इस दौरान कई पुस्तकों पर विमर्श किया गया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि साहित्य केवल अभिव्यक्ति का माध्यम ही नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी सशक्त उपकरण है।

## मुख्यमंत्री की लोकल से ग्लोबल तक सतत यात्रा

**भोपाल। मुख्य**मंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश ने बीते एक वर्ष में औद्योगिक विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। प्रदेश को राष्ट्रीय और वैश्विक औद्योगिक मानचित्र पर स्थापित करने के लिए उन्होंने न केवल रणनीतिक नीतियां बनाईं, बल्कि जमीनी स्तर पर निवेश और उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए। बीते एक साल में मध्य प्रदेश ने सात रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन कर विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक संभावनाओं को मजबूती दी। इसके साथ ही पांच प्रमुख रोड शो आयोजित कर निवेशकों के साथ सीधा संवाद किया गया, जिससे प्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं को व्यापक मंच मिला। जनसम्पर्क अधिकारी बबीता मिश्रा ने सोमवार को बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निवेश आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री ने तीन देशों-यूके, जर्मनी और जापान की यात्रा कर वहां की प्रमुख कंपनियों और निवेशकों से संवाद स्थापित किया। मुख्यमंत्री द्वारा आर्थिक विकास को मजबूती देने लोकल से ग्लोबल तक सतत यात्रा जारी है।

# प्रयागराज की सड़कों पर श्रद्धालुओं का सैलाब

### लोकल्स के लिए मुसीबत, प्रयागराज में जाम से मचा त्राहिमाम

व्यवस्था चरमराई

▶▶ शहर के लोग अपने घरों में कैद हो गए हैं। निकलकर रोजमर्रा के जरूरी सामान भी नहीं खरीद पा रहे हैं



टीम एक्शन इंडिया

**महाकुंभ नगर: प्रयागराज में** यातायात व्यवस्था ध्वस्त होने से हाहाकार मचा हुआ है। शहर के लोग अपने घरों में कैद हो गए हैं। वह बाहर निकलकर रोजमर्रा के जरूरी सामान भी नहीं खरीद पा रहे हैं। स्थिति यह है कि कुछ दूर जाने पर ही पुलिस की बैरिकेडिंग है। किसी भी दशा में पुलिस आगे बढ़ने नहीं दे रही है। अल्लापुर, छोटा बघाड़ा, हासिमपुर रोड, चौक, जानसेनगंज से लेकर कटरा, चौक, सुलेमसराय, अलोपीबाग, दारागंज, रामबाग, बैरहना, सोहबतियाबाग, कीडगंज, मुट्ठीगंज, लाउदर रोड, एएन झा मार्ग, मेडिकल कॉलेज रोड आदि मुहल्लों में रहने वाले लोग परेशान हैं। घर से निकलते ही वाहनों की कतार लगी है और कई घंटे बाद भी गाड़ियां सौ मीटर आगे नहीं बढ़ पा रही है। वाहनों के हार्न और धुएं के चलते लोगों का घरों में रहने भी दूभर हो गया है। माघी पूर्णिमा पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा है। पुलिस ने एकल दिशा प्लान को लागू कर दिया है। कई सड़कों को बंद कर दिया गया है। सिविल लाइंस हनुमान मंदिर चौराहे से जानसेनगंज जाने वाले सड़क पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। इसी संगम प्लेस, पैलेस, लोहिया मार्ग, जीएचस रोड, पत्रिका मार्ग सहित सभी सड़कों पर आवागमन बंद करके सिविल लाइंस मुख्य मार्ग पर ही आवागमन की व्यवस्था की गई है।

मेले से सीधे स्टेशन और रोडवेज स्टेशन जाने वाले मुख्य मार्ग की ही खुले हैं। शार्टकट से जाने वाले लिंक मार्गों को बंद कर दिया गया है। सुबह से ही नैनी में रीवा रोड पर कई किलोमीटर लंबा जाम लगा है। यह दशा कल से ही है। इसी तरह वाराणसी रोड पर अंदावा से लेकर सैदाबाद और हंडिया तक भारी जाम लगा हुआ है। जनपद की सीमा भदोही में गोपीगंज के लालानगर टोल पर वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है। इसी तरह फाफामऊ, प्रतापगढ़ रोड पर सोरांव, लखनऊ रोड पर नवाबगंज और कौशाम्बी जाने वाले मार्ग पर पुरामुफ्ती के बाद से ही जाम लगा हुआ है। अंदावा में वाहनों को नागेश्वर पार्किंग में खड़ा कराया जा रहा है।

इसी तरह सहसों और बदरा सोनौटी पार्किंग पूरी तरह से भर गया है।

**कई घंटे रेंगने के बाद खत्म हो जा रहे वाहनों के ईंधन**

जाम में फंसकर कई घंटे रेंगने के बाद वाहनों के ईंधन खत्म हो जा रहे हैं। इससे जाम की स्थिति और भी विकट हो जा रही है। वाहन चालक गैलन और डिब्बा लेकर पेट्रोल टंकी के चक्कर काट रहे हैं। बिहार से आए संदीप कुमार गर्ग की अर्टिगा कार का तेल सरायइनायत में खत्म हो गया। कार में सवार लोग बिलबिलाते रहे।

### राष्ट्रपति ने बड़े हनुमान के दरबार में टेका मत्था, अक्षयवट और सरस्वती कूप का किया दर्शन

टीम एक्शन इंडिया

**महाकुम्भ नगर:** प्रयागराज की पावन धरा पर सोमवार को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पहुंचकर पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। राष्ट्रपति यहां महाकुम्भ की भव्यता व दिव्यता की साक्षी बनीं। इसके उपरांत उन्होंने अक्षयवट और सरस्वती कूप के दर्शन किये, साथ ही बड़े हनुमान मंदिर पहुंचकर श्रद्धाभाव से पूजन-अर्चन किया। इस दौरान प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

## राज्यसभा में गूंजा घटिया दवाओं का मुद्दा



टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली: राज्यसभा** में उपनेता विपक्ष प्रमोद तिवारी ने आज देश में घटिया दवाओं का मामला उठाया। इसके साथ ही उन्होंने सरकार और सदन में मौजूद स्वास्थ्य मंत्री से मांग की कि वह देश में इस बारे में जागरुकता बढ़ाएं और दवाओं का गुणवत्तापूर्ण उत्पादन सुनिश्चित कराएं।

सदन में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस सदस्य प्रमोद तिवारी ने देश में जीवन रक्षक घटिया दवाओं से होने वाले नुकसान पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसके कारण करोड़ों लोग प्रभावित हो रहे हैं। ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि देश में बिक रही 50 से अधिक दवाएं घटिया स्तर की बन रही हैं। इनमें पैरासिटामोल से लेकर ब्लड प्रेशर, खांसी, मल्टी विटामिन और कैल्शियम आदि की दवाएं भी हैं।

दावा

▶▶ देश में इस बारे में जागरुकता बढ़ाएं और दवाओं का गुणवत्तापूर्ण उत्पादन सुनिश्चित कराएं: प्रमोद तिवारी

## बजट के पीछे कोई दर्शन नहीं: पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली: कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्री**य वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने सोमवार को राज्यसभा में बजट में टैक्स छूट का स्वागत करते हुए कहा कि अगर जीएसटी और पेट्रोल की कीमतों को कम करते थे, इसका सीधा फायदा मध्यम वर्ग के लोगों को होता। सदन में कांग्रेस नेता चिदंबरम ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के लिए भारत रत्न देने की मांग उठाई। बजट पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने कहा कि टैक्स छूट में ढाई करोड़ लोगों को फायदा होगा, लेकिन इसमें अमीर और सबसे अमीर लोगों को फायदा पहुंचेगा। उन्होंने कहा क इसके बाद अगर एक करोड़ लोगों को टैक्स से दायरे से बाहर कर दिया जाएगा तो वित्त मंत्री यह दावा कैसे कर रही हैं कि कर संग्रह 11 प्रतिशत बढ़ेगा यह आंकड़ा पूरी तरह से जादुई आकंडा है। इस बजट के पीछे कोई दर्शन नहीं है। पी चिंदबरम ने विदेश मंत्रालय के कम होते बजट पर सवाल उठाया। वित्त मंत्री ने इस सदन से विदेश मंत्रालय के लिए 20,517 करोड़ रुपये आवंटित करने की घोषणा की।

## मोदी फ्रांस-अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना



टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी सोमवार को फ्रांस और अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना हो गए। दो देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री ने कहा कि वह पेरिस में एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करने और अमेरिका में अपने मित्र राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने को लेकर उत्साहित हैं। प्रधानमंत्री ने फ्रांस और अमेरिका की यात्रा से पहले अपने प्रस्थान वक्तव्य में कहा कि राष्ट्रपति मैक्रों के निमंत्रण पर वह 10 से 12 फरवरी तक फ्रांस की यात्रा पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह पेरिस में एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करने के लिए उत्सुक हैं। वह विश्व के नेताओं और वैश्विक तकनीकी सीईओ की एक सभा है, जहां हम समावेशी, सुरक्षित और भरोसेमंद तरीके से नवाचार और व्यापक सार्वजनिक भलाई को लेकर एआई प्रौद्योगिकी के लिए सहयोगी दृष्टिकोण पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी यात्रा का द्विपक्षीय खंड मेरे मित्र राष्ट्रपति मैक्रों के साथ भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के लिए 2047 क्षितिज रोडमैप पर प्रगति की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगा। अंतरराष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर परियोजना का भी दौरा करेंगे, जिसमें भारत वैश्विक भलाई को लेकर ऊर्जा का दोहन करने के लिए फ्रांस सहित भागीदार देशों के संघ का सदस्य है।

समीक्षा

▶▶ सह-अध्यक्षता करने और अमेरिका में अपने मित्र राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने को लेकर उत्साहित हैं

### सोने के नीलामी नियमों के उल्लंघन पर बैंकों व एनबीएफसी पर होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली: केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि यदि कोई उधारकर्ता सोने का लोन चुकाने में विफल रहता है और बैंकों तथा वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की ओर से सोने की नीलामी के लिए निर्धारित प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया जाता है तो कार्रवाई की जाएगी। वित्त मंत्री ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान बताया कि गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के लिए भी इसी तरह के नियम लागू होते हैं।

## फाइटर जेट की गड़गड़ाहट से गूंजा बेंगलुरु का आसमान

टीम एक्शन इंडिया

**बेंगलुरु:** एशिया की सबसे बड़ी हथियारों की प्रदर्शनी 'एयरो इंडिया' में इस बार रूसी सुखोई-57 जेट और अमेरिकी एफ-35 की धूम है। एयर फोर्स स्टेशन येलहंका में दोनों फाइटर जेट की गड़गड़ाहट के साथ उड़ान भरते हुए देखने के लिए देशी-विदेशी दर्शकों में भी होड़ मची है। मित्र देशों से आए दर्शक दो दिनों तक रूसी और अमेरिकी फाइटर प्लेन का मुकाबला देखेंगे। प्रदर्शनी के शुरूआती दो व्यावसायिक दिन खत्म होने के बाद प्रदर्शनी आम दर्शकों के लिए खुल जाएगी। यूक्रेन के साथ युद्ध में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किये गए एकमात्र पांचवीं पीढ़ी के दो स्टील्थ रूसी सुखोई-57 जेट इस समय बेंगलुरु के आसमान की शोभा बढ़ा रहे हैं। यह फाइटर जेट अपनी लुभावनी एयरोबेटिक्स के लिए जाना जाता है, जिसने यूक्रेन में विशेष सैन्य अभियान के दौरान हवाई और जमीनी लक्ष्यों को भेदने में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है।




प्रभावशाली

▶▶ फाइटर जेट की गड़गड़ाहट के साथ उड़ान भरते हुए देखने के लिए देशी-विदेशी दर्शकों में भी होड़ मची है

## पंजाब में आम आदमी पार्टी की उल्टी गिनती शुरू: तरूण चुघ

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने सोमवार को कहा कि दिल्ली के चुनावी नतीजों के बाद अरविंद केजरीवाल का "फर्जी और धोखेबाज" चेहरा देश के सामने आने के साथ ही पंजाब में भी आम आदमी पार्टी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। चुघ ने दावा किया कि पंजाब में आम आदमी पार्टी ताश के पत्तों की तरह है, जो जल्द ही ढह जाएगी क्योंकि भगवंत मान सरकार जिस बहुचर्चित दिल्ली मॉडल को पंजाब में लागू करना चाहती थी, उसे दिल्ली ने सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि "केजरीवाल और उनके मॉडल को दिल्ली की जनता ने यमुना में फेंक दिया है।"



दावा

▶▶ पंजाब में आम आदमी पार्टी ताश के पत्तों की तरह है, जो जल्द ही ढह जाएगी: तरूण चुघ

### 'लोकतंत्र में पार्टियों के अधिकार को खत्म नहीं किया जा सकता'

**नई दिल्ली: तेलंगाना** में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) छोड़कर कांग्रेस में जाने वाले दस विधायकों की अयोग्यता के लिए दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि लोकतंत्र में पार्टियों के अधिकार को खत्म नहीं किया जा सकता है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने राज्य विधानसभा के स्पीकर से कहा कि वे एक निर्धारित समय सीमा में अयोग्यता के लिए दायर अर्जियों पर फैसला करें।

**अवसंरचना** खुदरा दुकानों तक कुशल आपूर्ति शृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक अवसंरचना का निर्माण होगा

## सरकार का खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने पर विशेष जोर

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री** किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) की परिकल्पना एक व्यापक पैकेज के रूप में की गई थी, जिसके परिणामस्वरूप खेत से लेकर खुदरा दुकानों तक कुशल आपूर्ति शृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक अवसंरचना का निर्माण होगा। यह न केवल देश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देगा, बल्कि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की क्षमता में भी सुधार करेगा, जो किसानों को बेहतर रिटर्न प्रदान करने और विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करने, कृषि उपज की बबार्दी को कम करने, प्रसंस्करण स्तर को बढ़ाने और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के निर्यात को बढ़ाने में मदद करेगा। यह जानकारी खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्यमंत्री रवनीत सिंह ने आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में दी। इसमें बताया गया कि पीएमकेएसवाई के तहत स्टैंडअलोन कोल्ड स्टोरेज का समर्थन नहीं किया जाता है। पीएमकेएसवाई की एक उप-योजना एकीकृत कोल्ड चेन और मूल्य संवर्धन अवसंरचना योजना के तहत पिछले पांच वर्षों में तेलंगाना राज्य में 06 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। भारतीय खाद्य निगम, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भंडारण सुविधाओं को उन्नत एवं आधुनिक बनाने के लिए भारत सरकार ने देश में सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड पर स्टील साइलो के निर्माण के लिए कार्य योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत देश भर में विभिन्न स्थानों पर 24.25 एलएमटी क्षमता वाले साइलो का निर्माण किया जा रहा है। इनमें से 17.75 एलएमटी क्षमता वाले साइलो का निर्माण पूरा हो चुका है।



